दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरूवार 27 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 118 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

संसद के मानसून सत्र के शुरूआती चार दिनों में कोई काम नहीं हो पाया। मणिपुर मुद्दे को लेकर विपक्ष और सत्तापक्ष एक दूसरे पर चर्चा से भागने का आरोप लगाते रहे। यदि वे मणिपुर को लेकर वाकई गंभीर होते तो चार दिनों में उस पर विस्तार से सार्थक चर्चा हो सकती थी। महत्वपूर्ण विधि विधायी कार्य भी निपटते और प्रश्नकाल के दौरान सांसदों को जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने का भी अवसर मिलता। संसद में चार दिनों तक कौड़ी का भी काम नहीं हुआ और सरकारी खजाने से लगभग 40 करोड़ व्यर्थ गए। कायदे से इसकी भरपाई माननीयों से ही कराई जानी चाहिए।

पीएम मोदी आज राजस्थान दौरे पर

सीकर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राजस्थान दौरे पर सीकर आयेंगे जहां वह सवा लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। मोदी किसानों को लाभ पहुंचाने वाले एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सवा लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री यूरिया गोल्ड-सल्फर लेपित यूरिया लॉन्च करेंगे। यह नीम लेपित यूरिया की तुलना में अधिक किफायती और प्रभावी होगा। प्रधानमंत्री सीकर में पीएम किसान योजना के तहत लगभग 17 हजार करोड रुपए की किस्त जारी करेंगे। मोदी डिजिटल वाणिज्य के ओपन नेटवर्क (ओएनडीसी) पर 1500 किसान उत्पादक संगठनों को शामिल किए जाने का शुभारंभ भी करेंगे।

25वें दिन नौ हजार लोगों ने पूरी की अमरनाथ यात्रा

श्रीनगर। लगभग 9,000 तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ यात्रा के 25वें दिन बाबा बर्फानी के दर्शन किए जबकि 2,372 यात्रियों का एक और जत्था बुधवार को जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा, मंगलवार को लगभग 9,000 यात्रियों ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किए, जबकि 2,372 यात्रियों का एक और जत्था आज सुबह सुरक्षा काफिले में भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। इन 2,372 तीर्थयात्रियों में 1,955 पुरुष, 357 महिलाएं, छह बच्चे, 51 साधु और तीन साध्वियां हैं। 1 जुलाई को शुरू होने के बाद से अब तक लगभग साढ़े तीन लाख तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। इस साल की अमरनाथ यात्रा के दौरान अब तक छत्तीस तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। यात्री या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से हिमालय गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं।

गरमा-गरम

रुबरू... बात हे स्वाभिमान के हमर पहली मतदान के कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम बघेल

नए वोटर्स ने लगा दी सवालों की झड़ी, काकी...18 घंटे काम और कई सवाल ...

■ बोले- सिर्फ नारा लगाने से काम नहीं चलता, युवाओं को शिक्षा पर केंद्रित रहना चाहिए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को एनएसयूआई के बात हे स्वाभिमान के हमर पहली मतदान के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान सीएम बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, युवाओं को महापुरुषों की जीवनी पढ़नी चाहिए, उससे आप विचारवान बनेंगे। आप एनएसयूआई के सच्चे सिपाही तभी बनेंगे, जब आप महापुरुषों के विचारों को पढ़ेंगे। सिर्फनारा लगाने से काम नहीं चलता। युवाओं को शिक्षा पर केंद्रित रहना चाहिए। महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलना चाहिए। युवाओं को राजनीति में प्रवेश करना चाहिए। युवाओं को चुनाव में हिस्सा लेना चाहिए। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को सिर्फ नारे तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

दरअसल, बात हे स्वाभिमान के हमर पहली मतदान के अभियान के तहत एनएसयूआई प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में पहली बार के मतदाताओं तक पहुंचेगा। इस कार्यक्रम में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन, एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी, विधायक विकास उपाध्याय, विधायक देवेंद्र यादव, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय मौजूद रहे।

सीएम भूपेश ने कहा कि, भारत दुनिया का सबसे नौजवान देश है। 65 फीसदी आबादी युवाओं की है। युवा भारत के लिए स्व. राजीव गांधी ने बड़ा काम किया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

युवाओं को राहुल गांधी के साथ भारत को जोड़ना है

भूपेश बघेल ने कहा कि, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चन्द्रबोष भी राजनीतिक जीवन में युवा थे। चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह ने अंग्रेजों की विरुद्ध लड़ाई, वो युवा थे। आज देश के युवाओं को नफरत के खिलाफ लड़ना है। आज युवाओं को डबल इंजन की सरकार के खिलाफलड़ना है। आज युवाओं को देश की एकता के लिए लड़ना है। आज युवाओं को प्रेम और भाईचारा के लिए लड़ना है।

कका आपकी सफलता के पीछे किसका हाथ

कार्यक्रम में धमतरी की एक छात्रा ने सीएम से पूछा कि, हम सुनते हैं कि हर सफल पुरुष के पीछे महिला का हाथ होता है तो आपके जीवन में कौन महिला है। सीएम बघेल ने जवाब देते हुए कहा, मेरी सफलता में आपकी काकी का हाथ है। हमने काम बांटा हुआ है घर के काम में मैं दखल नहीं देता। बाहर के काम में काकी दखल नहीं देती। वहीं एक और छात्र ने पूछा काका आप छात्र नेता रहे हैं कोई यादगार पल हमसे साझा करना चाहेंगे। इसके जवाब में सीएम बघेल ने कहा कि, मेरी राजनीति युवक कांग्रेस से शुरू हुई है। हम पढ़ाई करते थे, स्कूल में सुविधाओं के लिए हम आंदोलन कर देते थे। एक बार हमने राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम लगाया था। उस समय दुर्ग जिले के कलेक्टर अजीत जोगी हुआ करते थे।

सदन में हंगामा, विपक्ष ने लाया अविश्वास प्रस्ताव

नई दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा में बुधवार को कांग्रेस ने अपने 26 दल वाले इंडिया गठबंधन की ओर से केन्द्र में नौ साल से सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जिसे लोकसभा अध्यक्ष ने विचारार्थ स्वीकार कर लिया। कांग्रेस की ओर से यह प्रस्ताव सदन में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई ने प्रस्तुत किया। शून्यकाल में आवश्यक दस्तावेज पटल पर रखवाने के बाद अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को सूचित किया कि उन्हें श्री गोगोई की ओर से मंत्रिपरिषद में अविश्वास का एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। वह इस प्रस्ताव को अनुमति प्रदान करते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन में सभी नेताओं से विचार-विमर्श करके वह अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए समय निर्धारित करेंगे।

पीएम के बयान की मांग को लेकर हंगामा

मणिपुर की घटनाओं को लेकर संसद में प्रधानमंत्री के बयान की मांग को लेकर पांच दिनों से हंगामा कर रहे विपक्षी गठबंधन ने अपने तरकश के सबसे घातक अस्त्र को निकाला है। कांग्रेस का मानना है कि अविश्वास प्रस्ताव भले ही संख्या बल के संतुलन के कारण पारित नहीं हो पाये लेकिन इससे 'देश' की भावना का प्रकटीकरण होगा। श्री गोगोई ने बाद में प्रस्ताव को लेकर संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा यह सही है कि सदन में संख्याबल के हिसाब से प्रस्ताव के पारित होने की संभावना से हम वाकिफ हैं लेकिन भारत हमारे साथ है, भारत 'इंडिया' (गठबंधन) के साथ है।

50 से अधिक सांसदों का समर्थन

अविश्वास प्रस्ताव के लाने के लिए नियमानुसार कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के दलों के 50 से अधिक सांसदों का समर्थन हासिल किया गया है। लोकसभा की नियमावली 198 के मुताबिक़ सांसदों को लिखित नोटिस दिन में दस बजे से पहले दिया गया था जिसे अध्यक्ष ने बाद में सदन में पढ़ा। नियम के मुताबिक अध्यक्ष को नोटिस स्वीकार किए जाने के 10 दिन के भीतर तारीख आवंटित करनी होगी।

इस कार्यकाल में पहली बार लाया अविश्वास प्रस्ताव

यह पहली बार नहीं है जब विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है। इससे पहले 20 जुलाई 2018 को मोदी सरकार के ख़िलाफ़अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। मोदी सरकार के वर्तमान कार्यकाल में यह पहली बार है। राजग के पास अभी कुल 325 सांसद हैं और अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में वोट करने वाले महज 126 सांसद हैं। राजग को अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ की संख्या में 350 से अधिक होने की उम्मीद है। राजग के पास संसद के दोनों सदनों में बहुमत है लेकिन अविश्वास प्रस्ताव को विपक्षी गठबंधन के एकजुटता प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल विपक्ष मांग कर रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी संसद में आकर मणिपुर पर बयान दें। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी के संसदीय दल की बैठक में मंगलवार को श्री मोदी ने इंडिया गठबंधन पर करारा प्रहार करते हुए इस गठबंधन की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिद्दीन से की थी।

ईडी चीफ का कार्यकाल बढ़ाने केन्द्र ने सुको से लगाई गुहार

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) निदेशक संजय कुमार मिश्रा के सेवा विस्तार को अवैध करार देने और उनके कार्यकाल की सीमा 31 जुलाई 2023 तय करने के बावजूद केंद्र सरकार ने एक बार फिर उनका कार्यकाल बढ़ाने की गुहार लगाते हुए शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की है, जिस पर गुरुवार को सुनवाई की जाएगी। न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की गुहार पर इस मामले पर कल सुनवाई करने की सहमति व्यक्त की। श्री मेहता ने वर्तमान ईडी निदेशक मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने को लेकर दायर एक आवेदन पर सुनवाई करने की

गुहार 'विशेष उल्लेख' के दौरान लगाई। श्री मिश्रा को बार-बार एक्सटेंशन (सेवा विस्तार) दिए जाने के खिलाफ एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की ओर से दायर जनहित याचिका पर बहस करने वाले वकील प्रशांत भूषण ने एक ट्वीट कर केंद्र की याचिका को 'बेतुका' बताया है। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने 11 जुलाई को श्री मिश्रा के एक-एक वर्ष के दो कार्यकाल विस्तार को अवैध करार दिया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत भी रूस जैसा मिसाइल डिफेंस सिस्टम बनाने की तैयारी में जुटा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत लंबी दूरी तक जमीन से हवा में मार करने वाला डिफेंस सिस्टम बनाने की तैयारी में है। यह 400 किलोमीटर तक दुश्मन के एयरक्राफ्ट को मार गिराने में सक्षम होगा। इसे एलआरएसएएम यानी लॉन्ग रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल नाम दिया गया है। एएनआई ने रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि तीन लेयर वाले इस मिसाइल सिस्टम को बनाने का प्रस्ताव डिफेंस मिनिस्ट्री के पास है

और इसे जल्द ही मंजूरी दी जा सकती है। भारत इसे बनाने के लिए 20.5 हजार करोड़ खर्च करेगा। एलआरएसएएम डिफेंस सिस्टम डेवलप करने के बाद भारत दुश्मन के ड्रोन और लड़ाकू विमानों को हवा में ही निशाना बना सकेगा। इस तरह की स्वदेशी तकनीकी क्षमता दुनिया के चुनिंदा देशों के पास ही है। इस मिसाइल सिस्टम में जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की तीन लेयर होंगी, जिससे डिफरेंट रेंज तक टारगेट को हिट किया जा सकेगा। अधिकतम रेंज 400 किलोमीटर होगी। इससे पहले भारत इजराइल के साथ मिलकर मीडियम रेंज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ कोल ब्लॉक केस में पूर्व कांग्रेस सांसद को जेल

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की स्पेशल कोर्ट ने बुधवार को छत्तीसगढ़ कोल ब्लॉक मामले में सजा सुना दी है। कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद विजय दर्डा, उनके बेटे देवेंद्र दर्डा और यवतमाल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर मनोज कुमार जायसवाल को 4 साल की सजा दी है। इसके अलावा पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता और दो वरिष्ठ अधिकारी केएस कोरफा, केसी समरिया को 3 साल के लिए जेल भेजने का आदेश दिया है। कुछ समय पहले ही कोर्ट ने इन्हें दोषी माना था। स्पेशल जस्टिस संजय

बंसल ने इन्हें आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी करने का दोषी पाया था। उस दौरान अदालत ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिस पर बुधवार को फैसला आया है। इस केस में सीबीआई की तरफ से दोषियों को अधिकतम सजा देने की मांग की गई थी। सीबीआई ने कोर्ट में कहा था कि दोषी सेहत का हवाला देकर कम सजा की मांग नहीं कर सकते हैं। क्योंकि सभी दोषियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। बचाव पक्ष ने कहा था कि 9 सालों तक चले ट्रायल में दोषी प्रताड़ना झेल चुके हैं, इसलिए सजा कम मिलनी चाहिए। पहले हुई सुनवाई में सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि यवतमाल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने छत्तीसगढ़ में फतेहपुर ईस्ट कोल ब्लॉक गलत फैक्ट्स पेश करके हासिल किया था। जांच एजेंसी ने बताया कि कोयला घोटाले से जुड़े मामलों में 13वीं बार दोष सिद्ध हुआ है। कंपनी को छत्तीसगढ़ में फतेहपुर ईस्ट कोल ब्लॉक आवंटित किया गया था। यह आवंटन कंपनी के मालिक की सिफारिश पर हुआ था। विपक्षी दलों ने मामले में अनियमितताओं का आरोप लगाया था, जिसके बाद सीबीआई को इसकी जांच सौंप दी गई थी। एजेंसी के मुताबिक, जेएलडी यवतमाल समूह की कंपनियों को साल 1995 से 2005 के बीच चार कोल ब्लॉक आवंटन की बात छिपाई गई थी। इससे कोल ब्लॉक आवंटन में अनियमितता हुई थी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मणिपुर वायरल वीडियो : अमेरीकी विदेश विभाग ने की टिप्पणी

वॉशिंगटन (एजेंसी)। मणिपुर में दो समुदायों के बीच 3 मई को शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। इस बीच वहां 2 महिलाओं के साथ हुए गैंगरेप के मामले में अमेरिका की प्रतिक्रिया सामने आई है। अमेरिका से इस मामले को डरावना और चौंकाने वाला बताया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा- दो महिलाओं पर हुए हमले का वीडियो देखकर हम स्तब्ध हैं। हम घटना में पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदनाए जताते हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए भारत सरकार की कोशिशों का समर्थन करते हैं। पटेल ने कहा- भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि किसी भी सभ्य समाज में महिलाओं के साथ इस तरह का व्यवहार शर्मनाक है। हम पहले भी कह चुके हैं कि मणिपुर मामले में हम शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में हैं और उम्मीद करते हैं कि हर समुदाय के लोगों और उनकी संपत्ति की रक्षा की जाएगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग, एक की मौत, दो गंभीर

कटिहार (एजेंसी)। बिहार के कटिहार जिले में बिजली विभाग के खिलाफ उग्र प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस ने फायरिंग कर दी। इसमें एक ग्रामीण की मौत हो गई है, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। प्रदर्शनकारियों के पथराव में 12 से अधिक पुलिसकर्मी और बिजली कर्मचारी भी घायल हैं। पुलिस ने फायरिंग में एक की मौत की पुष्टि की है। उसका नाम बासल गांव निवासी खुर्शीद आलम (34) है। वहीं, बारसोई के चापाखोड़ पंचायत निवासी नियाज आलम (32) की हालत नाजुक है।

हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस फायरिंग में 5 लोगों को गोली लगी है। बारसोई अनुमंडल में बुधवार दोपहर 12.30 बजे बिजली कटौती के खिलाफ एक हजार से अधिक लोग सड़क पर उतर गए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे पर फैसला आज

प्रयागराज (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे पर आज यानी गुरुवार को फैसला सुनाएगा। कोर्ट ने 3.30 बजे तक एएसआई सर्वे पर रोक लगाई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट से एएसआई ने कहा कि हम 31 जुलाई तक सर्वे पूरा कर सकते हैं। इस दौरान मुस्लिम पक्ष ने सर्वे का विरोध किया। वकील आरएस नकवी ने कहा- कानून प्री मेच्योर स्टेज पर एएसआई सर्वे की इजाजत नहीं देता। सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के वकील पुनीत गुप्ता ने कहा- कोर्ट साक्ष्य बनाने की अनुमति नहीं दे सकता।

एएसजीआई ने कहा- 1993 तक विवादित ढांचा परिसर में गणेश, हनुमान, श्रृंगार गौरी की पूजा होती थी। प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर पूजा रोकी। व्यास परिवार पूजा करता था। राम जन्मभूमि के कारण पूजा रोकी गई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने कन्वेंशन सेंटर का किया उद्घाटन, नाम रखा 'भारत मंडपम'

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। पीएम ने सबसे बड़े कन्वेंशन सेंटर को देश को समर्पित किया। इस सेंटर का नाम भारत मंडपम रखा गया। 2700 करोड़ रुपये की लागत से इस परिसर को तैयार किया गया है। पीएम मोदी उद्घाटन से पहले प्रगति मैदान पहुंचे और यहां ड्रोन उड़ाकर कन्वेंशन सेंटर का नाम दिखाया। सितंबर में भारत के नेतृत्व में जी-20 नेताओं की बैठक की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। जानकारी के लिए बता दें कि प्रगति मैदान पुनर्विकास परियोजना के तहत आईईसीसी (एकीकृत प्रदर्शनी एवं कन्वेंशन सेंटर) को एक आधुनिक परिसर के तौर पर तैयार किया गया है। परियोजना की कुल लागत 2700 करोड़ रुपये है। मंत्रालय ने बताया, लगभग 123 एकड़ क्षेत्र के साथ यह परिसर दुनिया के शीर्ष 10 प्रदर्शनी और सम्मेलन परिसरों में से एक है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वास्तुशिल्प भारतीय परंपराओं से प्रेरित

पीएमओ ने कहा कि देश में बैठकों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों की मेजबानी के लिए एक विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने संबंधी प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण ने प्रगति मैदान में आईईसीसी की अवधारणा को मूर्तरूप दिया है। कन्वेंशन सेंटर भवन का वास्तुशिल्प डिजाइन भारतीय परंपराओं से प्रेरित है। इमारत का आकार शंख के जैसा है। 'जीरो टू इसरो' यह अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धि को दर्शाता है। वहीं, पंचमहाभूत आकाश, वायु, अग्नि, जल व पृथ्वी तत्व के सार्वभौमिक आधार को भी रेखांकित किया गया है।

सुबह मोदी ने किया हवन-पूजन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राजधानी के प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी-एवं-सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) परिसर में पूजा-अर्चना की और इस केंद्र के निर्माण में शामिल रहे श्रमिकों को सम्मानित किया। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, दिल्ली को एक आधुनिक और भविष्यवादी इंटरनेशनल प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केन्द्र मिला है, जो भारत में सम्मेलन पर्यटन को बढ़ावा देगा, जहां दुनिया भर से लोग आएंगे। केन्द्र के आर्थिक और पर्यटन संबंधी लाभ भी कई गुना होंगे।

संपादकीय

मणिपुर में शांति बहाली जरूरी

दो समुदायों के बीच कटूता के चलते पिछले तीन माह से मणिपुर में हिंसा का तांडव हो रहा है और वहां की राज्य सरकार इस पर काबू पाने में पूरी तरह विफल रही है। हलाकि मणिपर में वहां के मूल निवासी कहे जाने वाले मैथई लोगों के साथ कुकी और नगा समुदाय की अदावत दशकों पूरानी है। गौरतलब है कि मैथई समुदाय अधिकांश हिन्दु है उन्हें अन्य पिछाड़ा वर्ग में रखा गया है जबकि नगा और कुकी को अनुसूचित जन जाति में शामिल किया गया है। इसके चलते उन्हें विशेष अधिकार और सुविधाएं प्राप्त है। मणिपुर के पहाड़ी इलाको में जहा अफिम की खेती है वहां नगा और कुकी समुदाय का एक क्षत्र राज है। पहाड़ी इलाकों में मैथई समुदाय के लोग भूमि नहीं खरीद सकते। न ही वहां घर बना सकते है। असली लड़ाई इसी बात को लेकर है कि मणिपुर के मुल निवासी मैथई जिनकी आबादी लगभग 60 प्रतिशत है उनके पास मणिपुर की मात्र दस प्रतिशत भूमि है। जबकि 90 प्रतिशत भूमि पर कुकी और नगा समुदाय का कब्जा है। वर्चस्व की यह लड़ाई दशकों से चली आ रही है और पूर्व में तो वहां इस नस्लीय हिंसा के चलते हजारों लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन पिछले तीन माह से अब दोनों समुदायों के बीच फिर से खूनी संघर्ष शुरू हो गया है। जिसके चलते डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों की हत्याएं हो चुकी है और 60 हजार से अधिक लोग बेघर हो गए है जो राहत शिविरों में किसी तरह गुजर बसर कर रहे हैं। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह मणिपुर में हालात को सामान्य बनाने में असफल रहे हैं। इसी वजह से वहां उनकी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की जा रही है। मणिपुर को मुद्दे को लेकर संसद में भी पिछले पांच दिनों से कोहराम मचा हुआ है। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है लेकिन दुखःद है कि मणिपुर में इस स्थिति को सामान्य बनाने के लिए कारगर कदम उठाने में अब तक मणिपुर सरकार ने कोई खास रूची नहीं दिखाई है। अल्लबत्ता 83 दिनों बाद वहां आशिंक रूप से इंटरनेट सेवाएं बहाल की गई है लेकिन इससे वहां फिर से अफवाहों का बाजार गर्म होने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। गौरलतब है कि हालहि में वहां म्यांमार में एक महिला की हथियार बंद लोगों द्वारा की गई हत्या की घटना को मणिपुर की घटना बताकर वीडियों वायरल किया गया था। इससे वहां दोनों समुदायों के बीच फिर तनाव बढ़ गया था। केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह मणिपुर में शांति बहाली के लिए वहां और अधिक केन्द्रीय बलों की तैनाती करें और यदि मणिपुर सरकार कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार लाने में अक्षम साबित होती है तो राज्यसरकार को बर्खास्त कर वहां तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। मणिपुर मुद्दे को लेकर संसद में हंगामा मचाने वाले विपक्ष को भी चाहिए कि वह मणिपुर की घटना को गंभीरता से ले यह एक बेहद संवेदनशील विषय है मणिपुर पर म्यामांर और चीन की नजर पहले से लगी हुई है। मणिपुर में बड़ी संख्या में म्यामांर के लोग पहले ही घुसपैठ कर चुके है और अभी भी उनकी घुसपैठ जारी है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न है जिस पर सीयासत करने की जगह सभी राजनीतिक पार्टियों को एक जुट होकर मणिपुर की समस्या का स्थाई समाधान ढूंढना होगा, तभी वहां शांति स्थापित होगी। अन्यथा वहां आगे चलकर स्थिति और भी गंभीर रूप धारण कर सकती है।

जो मौन हैं समय लिखेगा, उनका भी अपराध

योगेश मिश्र

क्या आपको पता है कि 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2021 के बीच भारत में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए 60 लाख अपराधों में से 4,28,278 मामले महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े थे। यह छह वर्षों में 26.35 फीसदी की वृद्धि है। 2016 में 3,38,954 मामले दर्ज हुए थे। 2021 में अधिकांश मामले अपहरण और अपहरण, बलात्कार, घरेलू हिंसा, दहेज हत्या और हमले के थे। इसके अलावा, 107 महिलाओं पर एसिड से हमला किया गया, 1,580 महिलाओं की तस्करी की गई, 15 लड़कियों को बेच दिया गया और 2,668 महिलाएं साइबर अपराध का शिकार हुईं। उसी साल पुलिस ने रेप के 31,878 केस दर्ज किए ये संख्या 2020 में दर्ज 28,153 केसों।की तुलना में भारी वृद्धि दर्शाती है।

टमाटर 200 रुपये किलो के आसपास मंडरा रहा है । लेकिन अब यह भी खबर नहीं रही। सीमा हैदर भी अब उबाऊ हो गई है। मणिपुर भी बासी हो गया। वैसे भी ये टीवी चैनलों में बड़ी खबर नहीं थी। महिलाओं को नग्न कर सड़क पर घुमाए जाने का वीडियो वायरल हो जाने पर कुछ उत्सुकता जगी थी । लेकिन फिर सब शांति है। ऐसे ही अन्य मामलों की खबरें आ रही हैं । लेकिन अब कोई हल्ला नहीं है। स्वतंत्रता सेनानी की 80 वर्षीय पत्नी को उसके घर समेत फूंक डाला गया, किसी लड़की की गर्दन उड़ा दी गई। ये सब अब रूटीन खबरें रह गई हैं।

लेकिन क्या वाकई में हमें हैरान होने की जरूरत है? कतई नहीं, सौ फीसदी नहीं। क्योंकि ऐसे वाकये तो हर राज्य, हर शहर, हर जगह होते रहे हैं और हो रहे हैं, और होते भी रहेंगे। तभी तो हमारी कलेक्टिव संवेदना मर चुकी है। हम तो महिलाओं, बच्चियों, लड़कियों, दुल्हनों, छात्राओं पर इंतिहाई जुल्म देख, सुन और पढ़ कर सुन्न हो चुके हैं। हम तभी रो पाते हैं जब हमारे घर में किसी के साथ हैवानियत होती हैं। तभी हम खाना खाते वक्त टीवी पर मणिपुर या कहीं की भी घटना देखते सुनते हैं । लेकिन भूख नहीं मरती, बस सब्जी में टमाटर की कमी खलती है। सीमा हैदर की सेल्फी लेती फोटो ज्यादा इंटरेस्टिंग है।

दिल्ली का निर्भया कांड और लखीमपुर में लड़कियों के साथ थाने में रेप और मर्डर तो पुरानी खबरें हैं। इनको याद करने में भी दिमाग पर जोर देना पड़ता है। मणिपुर में भले ही भयानक पन्ने खुल रहे हों लेकिन पूरे देश का यही हाल है। इसी महीने की खबरें देखिए - भोपाल में विवाहिता के साथ रेप, खंडवा में 15 साल की रेप पीड़िता, दतिया में दो लड़कियों से रेप, बुलढाणा महाराष्ट्र में लड़कियों के साथ गैंगरेप, मुंबई में महिला के संग रेप, जोधपुर में दलित लड़की के साथ गैंगरेप, बंगाल में गैंगरेप। बाराबंकी में अपनी बहन का सिर काट कर सड़क पर चलते युवक की तस्वीरें। कहाँ कहाँ की घटनाएं गिनाई जाएं? हर जगह डरावनी है। घर, पार्क, खेत, पुलिस थाने - हर जगह भेड़िए घात लगाए बैठे हैं। ट्रेनों तक में हिफाज़त से सफर कट जाए, कोई गारंटी नहीं है। लगता है किसी को पॉक्सो एक्ट, उम्र कैद, फांसी, जेल, बदनामी किसी चीज का डर नहीं है। डराने वाले हालात हैं और डरना जरूरी भी है। किसी सरकार, पार्टी, समुदाय को मत कोसिये। महिलाओं को निशाना बनाने में सबमें पूर्ण भाईचारा पूरा लोकतंत्र है, कोई किसी से कम नहीं है।

हम ऐसे हैं ही, इसमें शायद की भी गुंजाइश नहीं है। बेटी बचाओ को बस एक नारा बना कर रख दिया है हमने। ऑनर किलिंग, दहेज हत्या क्या कोई आज की बात है? दशकों से इनकी खबरें पढ़ते आये हैं। लेकिन इन्हें रोक नहीं पाए।

क्या आपको पता है कि 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2021 के बीच भारत में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए 60 लाख अपराधों में से 4,28,278 मामले महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े थे। यह छह वर्षों में 26.35 फीसदी की वृद्धि है। 2016 में 3,38,954 मामले दर्ज हुए थे। 2021 में अधिकांश मामले अपहरण और अपहरण, बलात्कार, घरेलू हिंसा, दहेज हत्या और हमले के थे। इसके अलावा, 107 महिलाओं पर एसिड से हमला किया गया, 1,580 महिलाओं की तस्करी की गई, 15 लड़कियों को बेच दिया गया और 2,668 महिलाएं साइबर अपराध का शिकार हुईं। उसी साल पुलिस ने रेप के 31,878 केस दर्ज किए ये संख्या 2020 में दर्ज 28,153 केसों।की तुलना में भारी वृद्धि दर्शाती है। लेकिन 2016 में रेप के 39,068 मामले दर्ज किए गए थे, यानी कमी तो आई है! फिर भी हर साल रेप के हजारों केस दर्ज होने से भारत को ÷विश्व की बलात्कार राजधानी÷ नाम धर दिया गया है।

आज मणिपुर को लेकर हल्ला है। ऐसा ही हल्ला कभी दिल्ली के निर्भया कांड को लेकर हुआ था। 15 दिसंबर, 2012 का वाकया था। 11 साल बीत चुके हैं। 21 मार्च, 2013 कल बलात्कार संबंधी कानून संशोधित किये गए।क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट 2013 लाया गया और रेप के लिए मौत की सज़ा का प्रावधान किया गया।

लेकिन असर क्या हुआ? 2023 में मणिपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, बंगाल... सब आपके सामने हैं। किस किस को रोइये, किस किस को कोसिये। 15 जुलाई,2004 की मणिपुर की राजधानी इम्फाल की एक घटना शायद ही किसी को याद हो। याद दिला दें कि मणिपुर की महिलाओं के संगठन ÷मीरा पैबी÷ की 12 सदस्यों ने असम राइफल्स के मुख्यालय के गेट के सामने निवस्त्र हो कर प्रदर्शन किया था। उसकी अब क्या ही बात करें।

खैर, महिला सुरक्षा, महिला अस्मिता, बेटी बचाओ, नारी शक्ति जैसे तमाम शब्द गढ़े गए हैं और आगे भी गढ़े जाएंगे। मणिपुर तो एक आईना है पूरे समाज का। मणिपुर जैसे मातृसत्तात्मक समाज का यह हाल है तो खापों वालों की क्या कहा जाए। कभी फुरसत में हों तो सोचिएगा जरूर। क्योंकि आप भी इसी समाज का हिस्सा हैं। द्वापर में द्रोपदी का अपमान हुआ। उसका दंड केवल दुस्सासन ने नहीं भोगा।बल्कि कर्ण, भीष्म, कृपाचार्य व द्रोणाचार्य को भी भुगतना पड़ा। कौरवों की अठारह अक्षौहिणी सेना मारी गई। दुर्योधन तो सबसे बाद में मरा। इसी तरह त्रेता युग में रावण ने माँ सीता के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया। सोने की लंका जल गई। पुलस्ति वंश का सर्वनाश हो गया। मेघनाथ, अतिकाय, अक्षय कुमार, कुंभकर्ण, अहिरावण को भी मरना पड़ा। रावण तो सबसे बाद में मारा गया। मणिपुर में व कलकत्ता में महिलाओं के साथ जो हुआ। उसका दंड हम सब को सबसे पहले भोगना पड़ेगा। पाप को मौन रुप से देखने वाले लोग सबसे पहले दंड के शिकार होंगे।यह इतिहास बताता है। इतिहास खुद को दोहराता भी है। यह हम सब को नहीं भूलना चाहिए । (लेखक पत्रकार हैं ।)

> कभी फुरसत में हों तो सोचिएगा जरूर। क्योंकि आप भी इसी समाज का हिस्सा हैं। द्वापर में द्रोपदी का अपमान हुआ। उसका दंड केवल दुस्सासन ने नहीं भोगा।बल्कि कर्ण, भीष्म, कृपाचार्य व द्रोणाचार्य को भी भुगतना पड़ा। कौरवों की अठारह अक्षौहिणी सेना मारी गई। दुर्योधन तो सबसे बाद में मरा। इसी तरह त्रेता युग में रावण ने माँ सीता के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया। सोने की लंका जल गई। पुलस्ति वंश का सर्वनाश हो गया। मेघनाथ, अतिकाय, अक्षय कुमार, कुंभकर्ण, अहिरावण को भी मरना पड़ा। रावण तो सबसे बाद में मारा गया। मणिपुर में व कलकत्ता में महिलाओं के साथ जो हुआ। उसका दंड हम सब को सबसे पहले भोगना पड़ेगा। पाप को मौन रुप से देखने वाले लोग सबसे पहले दंड के शिकार होंगे।यह इतिहास बताता है। इतिहास खुद को दोहराता भी है। यह हम सब को नहीं भूलना चाहिए ।

विचार

नैसर्गिक सुंदरता की झलक पाने उमड़े पर्यटक

छत्तीसगढ़ नैसर्गिक संपदा से मालामाल है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक पहाड़ियों-नदियों की श्रृंखला ने विश्व के पर्यटकों को आकर्षित किया है। वैसे भी छत्तीसगढ़ी कला, संस्कृति और परंपरा के डंके बज रहे है। ऐसे में पर्यटन मंडल और घुमक्कड़ी दिल से ने बौद्ध तीर्थ और हिल स्टेशन मैनपाट में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया है। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से घुमक्कड़, ब्लॉगर, यूट्यूबर, फोटोग्राफर, पर्वतारोही और प्रकृति प्रेमियों ने भाग लिया। प्रदेश में अपनी तरह का यह पहला आयोजन था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देना और प्रदेश की नैसर्गिक सुंदरता को दुनिया के सामने लाना है। सरकार लगातार इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य से छत्तीसगढ़ को पर्यटन पटल पर रखने में भरपूर कोशिश की और मैनपाट फिर पर्यटकों की आंशों को शुकून देने में कामयाबी हासिल की है। मैनपाट की वादियों में बौद्ध तीर्थ और हिल स्टेशन देश भर के घुमक्कड़ों के लिए किसी करिश्मा से कम नहीं था। पर्वत श्रृंखला हरियाली से आच्छादित होकर और नदियां जलप्रपात की अविरल धारा इन हसीनवादियों निहारने का न्योता दे रही है। छत्तीसगढ़ियों की पाक कला और मिलेट्स से तैयार व्यंजन बी आकर्षण के केंद्र बनने में सफल रहे। सम्मेलन के दौरान सभी अतिथियों ने सरगुजा के पर्यटन स्थलों को करीब से देखा। यहां की संस्कृति और खानपान को जाना। आयोजन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अतिथियों का भव्य स्वागत स्थानीय करमा नृत्य से किया गया और सभी अतिथियों को स्थानीय पारंपरिक भोजन करील और पुटू परोसा गया। इसके साथ ही सम्मेलन के दौरान सभी अतिथियों ने मैनपाट के विभिन्न पर्यटक पॉइंट का दौरा किया। सम्मेलन में पन्ना से आए मुकेश पाण्डेय चंदन ने बताया कि जीडीएस की स्थापना वर्ष 2015 में की गई, जो देशभर के घुम्मक्कड़ों का एक विशाल परिवार है। इसमें देश-विदेश की जानकरी घर बैठे मिल जाती है. कहीं घूमना हो तो उसके बारे में लोग सटीक सलाह भी देते हैं। किसी भी स्थान पर इसके सदस्य मदद को तैयार रहते हैं। ग्रुप घुमक्कड़ी दिल से हर साल देश की कम जानी-पहचानी मगर बेहद खुबसूरत जगहों पर बैठक आयोजित करता आ रहा है। ओरछा (मप्र), रांसी (उत्तराखंड), महेश्वर (मप्र), पन्ना (मप्र) के बाद अब प्रकृति का दुलारा और धान का कटोरा कहे जाने वाले राज्य छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट में सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन पधारे अतिथियों ने अपनी यादों को चिरस्थायी बनाने के लिए शैला रिजॉर्ट परिसर में पौधे रोपे।

आज का पंचांग (गुरूवार, 27 जुलाई 2023)

सूर्योदय:05:44,सूर्यास्त:07:19, चन्द्रोदय:01:29,चन्द्रास्त:14:43, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वर्षा, शक सम्वत:1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत:2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष शुक्ल, तिथि नवमी, नक्षत्र विशाखा, योग धृति (09:40 से शूल), प्रथम करण, वणिज (05:57 तक), द्वितीय करण विष्टि (17:59 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य मिथुन, चंद्र वृष (25:58 से), मंगल सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र सिंह (उदित, पश्चिम), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष, केतु तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल 14:48 से 16:26, सर्वार्थसिद्धि योग 19:43 से 05:24, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त 19:19 से 19:40, सायाह्न सन्ध्या 19:21 से 20:21, निशिता मुहूर्त 00:02 से 00:43, राहुकाल 13:30 से 15:07, राहुवास दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड 07:08 से 08:53, होमाहुति राहु, दशाशूल उत्तर, अग्निवास पाताल (17:59 से पृथ्वी), भद्रावास स्वर्ग (05:57 से 17:59), चन्द्रवास पूर्व (दक्षिण 01:58 से), शिववास क्रीड़ा में (17:59 से कैलाश पर)।

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1-लाभ, 2-अमृत, 3- काल, 4-शुभ, 5 - रोग, 6 - उद्वेग, 7 - चर, 8 - लाभ।

॥ रात्रि का चौघड़िया॥

1 - उद्वेग, 2 - शुभ, 3 -अमृत, 4-चर, 5-रोग, 6 -काल, 7-लाभ, 8 - उद्वेग।

नोट-दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (दूध का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम विशाखा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय , तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (ता, ती, तू, ते) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मिथुन - 03:35 से 05:50, कर्क - 05:50 से 08:11, सिंह - 08:11 से 10:30,कन्या - 10:30 से 12:48, तुला - 12:48 से 15:09, वृश्चिक - 15:09 से 17:28, धनु - 17:28 से 19:32, मकर - 19:32 से 21:13, कुम्भ - 21:13 से 22:39, मीन - 22:39 से 00:02, मेष - 00:02 से 01:36। वृषभ - 01:36 से 03:31।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

स्वच्छ नदी से थे विचार पर आज

स्वच्छ नदी से थे विचार पर आज सोच तब्दील हुई अपनेपन की दया, प्रीत की, खाली कैसे झील हुई कू ,वीथिका नगर चौराहे,सभी यहाँ सहमें सहमें एक भीड़ में चलती लाशें, भीड़ दूसरी चील हुई।

शालिनी शर्मा

कभी-कभी असामान्य परिस्थितियां

कभी कभी असामान्य परिस्थितियां ऐसे घेर लेती हैं कि इंसान सामान्य जीवन के लिए भी तरस जाता है, जो हर किसी को यूँ ही नसीब हो जाता है। ईश्वर का यह दोहरा मापदंड किसी भी हाल दशा में ठीक नहीं।

प्रियंका प्रियदर्शीनी

खास पाती

किसी की आंख में सावन

किसी की आँख में सावन किसी के साथ में सावन किसी से दूर है सावन किसी के पास है सावन। ये भीगे मौसम का जादू है न मन किसी का काबू है किसी के लब लजरते हैं हर मन का हाल बेकाबू है। मेरे हृदय के द्वारे पे कोई दस्तक लगाता है बाहर आओ प्रिय देखो तुम्हें सावन बुलाता है। मैं खुद को रोक लेती हूं अपने में समेट लेती हूं मेरे भीतर भी सावन है आंखों से बिखेर देती हूं। किसी के हाथ की मेहंदी किसी के हाथ की चूड़ी किसी के बाग के झूले किसी के माथे की बिंदी में सावन झलकता है। कोई यादों के पतझड़ में किसी को याद करता है किसी बिरहन की आंखो से जब ये सावन बरसता है।

सपना परिहार

मुफ़्त में व्यय का इक अर्थ आंसू

मुफ़्त में व्यय का इक अर्थ आँसू हुए यानी की पूर्णतः व्यर्थ आँसू हुए यत्न जारी निरंतर रखा पर उन्हें रोक पाने में असमर्थ आँसू हुए। **जतिन शुक्ला**

इधर से उधर,उधर से इधर लगा

इधर से उधर,उधर से इधर लगा कर आग बात बे बात पे क्यों भड़काती हो मीडिया रोज किसी नए मसले को सुलझाने के नाम सच को ही पूरा क्यों छुपा जाती हो मीडिया खबरों को परोस रही हो जिस अदा से अब सच कहूँ तो पहले सी नही भाती हो मीडिया।

जावेद उस्मान

प्यास जगी हो,भूख लगी हो

प्यास जगी हो,भूख लगी हो इनको मिटाये, है कोई नहीं हो जिनका कोई सहारा आस जगाये, है कोई मरणासन्न पड़ा है उसको दवा पिलाये, है कोई सबको सच्ची राह दिखाकर साथ निभाये, है कोई।

जे डी कुदाल

इक हवा वो सलोंनी कहां उड़ गई

इक हवा वो सलोंनी कहां उड़ गई जैसे अल्हड़ नदी मोड़ पर मुड़ गई उम्र भर के लिए दिल मेरा ले गई कोई बंजर को, पुरवा दुआ दे गई! पीर ऐसी अजब सी मिली प्रीत में गुनगुनाते रहे उम्र भर गीत में बिजलियाँ -बादलों को ज़रा छू गई खिल किरण इन्द्रधनुषी छठा दे गई! स्वप्न परियों से पहली मुलाकात थी सज उठी कल्पनाओं में बारात सी साँझ सी सुरमई-सुरमई रागिनी आंख में बरसने को घटा दे गई!

अजय कुमार सिंह भदौरिया

आगे बढ़ो, ऊंचा उठो, विराट हो जाओ

आगे बढ़ो, ऊँचा उठो, विराट हो जाओ। आसमान की ऊँचाइयों में खो जाओ, ख्वाबों के पंखों पर सवार हो जाओ, ज़िन्दगी की धुंधली सी राहों को साफ़ करो और आगे बढ़ो, ऊँचा उठो, विराट हो जाओ। चलो निकलो सफ़र पर, दिल की धड़कन सुनो, खुली हवा में घोलो अपने सपनों को, आसमानी ऊँचाइयों को छू जाओ और आगे बढ़ो, ऊँचा उठो, विराट हो जाओ। खेलो बदलो सारे नियम, सोचो नए तरीके से, ज़िंदगी की हर चुनौती को गले लगाओ, ना रुको, ना थको, नये दरवाज़े खोलो और आगे बढ़ो, ऊँचा उठो, विराट हो जाओ।

राकेश मिश्रा

आज का इतिहास

1054 सीरवर्ड, नॉर्थम्ब्रिया के अर्ल, ने स्कॉटलैंड के एक आक्रमण का नेतृत्व किया और स्कॉटलैंड के राजा मैकबेथ को युद्ध के घाट के उत्तर में स्कॉटलैंड के राजा पर हमला किया। 1302 बीजान्टिन-ओटोमन युद्धों-ओटोमन सल्तनत ने बिथिनिया के बैबियस युद्ध में बीजान्टिन साम्राज्य के खिलाफअपनी बड़ी जीत दर्ज की। 1586 सर वॉल्टर रालेह वर्जीनिया से लंदन में तंबाकू लाने वाले व्यक्ति बने। 1655 नीदरलैंड और ब्रांडेनबर्ग ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये। 1694 इंग्लैंड सरकार के बैंकर के रूप में एक रॉयल चार्टर बैंक ऑफ इंग्लैंड को दिया गया था। 1709 सम्राट इम्पेरर नाकमिकादो जापान के सिंहासन पर बैठे। 1713 रूस और तुर्की ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किये। 1714 ब्रिटिश रानी ऐनी ने प्रीमियर रॉबर्ट हेली को खारिज किया। 1720 रूसी नौसेना की दूसरी महत्वपूर्ण जीत - गेंग्मम की लड़ाई। 1724 पीटर द वाइल्ड बॉय 'हनोवर में हैवेनसेन के पास पकड़ा गया। 1789 अमेरिकी राज्य विभाग, जिसे तब विभाग के मामलों के विभाग के रूप में जाना जाता था, यू.एस.संक्रमण के तहत बनाई गई पहली संघीय एजेंसी बन गई।

QUIZ TIME

1) प्रयोगशाला समीर की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

2) हाल ही में किस कंपनी ने बीमा के लिए दुनिया का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल लॉन्च किया है?

3) प्रारंभिक भारत में ब्राह्मणों को अनुदत्त गाँव या भूमि का क्या नाम था?

4) कोरोमण्डल तट पर अधिकतर वर्षा किसके कारण होती है?

5) हाल ही में किसने बैडमिंटन में सबसे तेज प्रदर्शन पर गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 1984 (2) [illegible] कंपनी (3) अग्रहार (4) [illegible] (5) सात्विक साईराज

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज मानसिक चंचलता के कारण अच्छे बुरे का विवेक कम रहेगा। बिना सोचे बोलना आज भारी पड़ सकता है।

वृष - आज भी दिन प्रतिकूल बना हुआ है सोच समझ कर ही अथवा किसी के परामर्श के बाद ही कोई काम करें।

मिथुन-आज का दिन भी आपके लिये लाभदायक रहेगा लेकिन आकस्मिक खर्च अनियंत्रित रहने पर थोड़ी परेशानी भी होगी।

कर्क-आज का दिन आपको पैतृक सुख के साथ मनोरंजन के अवसर भी सुलभ कराएगा। दिन के प्रारंभ में आलस्य रहेगा छोटे मोटे दैनिक कार्य भी विलंब से होंगे।

सिंह-आज भी शुभ प्रसंग बनने से मन शांत रहेगा धर्म के प्रति आस्था तो रहेगी लेकिन एकाग्रता की कमी के कारण दैनिक पूजा पाठ भी व्यवहारिकता मात्र रहेंगे।

कन्या-आज के दिन आपमे लापरवाही अधिक रहेगी। सेहत अथवा अन्य आवश्यक कार्यो की अनदेखी बाद में पछताने का कारण बनेगी।

तुला-आज का दिन विजय दिलाने वाला रहेगा आज आप जिस भी चीज की कामना करेंगे उसे लड़कर अथवा जिद से पूरा कर लेंगे।

वृश्चिक-आप धन लाभ की कामना से अधिकांश कार्य करेंगे लाभ होगा भी लेकिन खर्च लगे रहने से हाथ मे रुकेगा नही।

धनु-आज आप घर एवं बाहर सभी लोगो के दिल को अपनी कुशलता से जीतेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थ की भावना आज कम रहेगी।

मकर -आज मानसिक उलझने दिन भर परेशान रखेंगी। कोई नापसंद कार्य मजबूरी में करना पड़ेगा आस पास का वातावरण अशान्त रहेगा।

कुंभ-आज आप अपनी अथवा किसी नजदीकी की कार्यशैली से व्यथित रहेंगे। चाहकर भी परिस्थितियां अनुकूल नही बनने के कारण मन में उदासी रहेगी।

मीन-आज के दिन सुधार आने से थोड़ी राहत मिलेगी लेकिन दिनचार्य आज भी अस्त व्यस्त ही रहेगी सोचे कार्य पूर्ण करने में सहयोग की कमी खलेगी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -137

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंग, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

1		2	■	3		4	■	5
	■	6			■	7		
8	9		■	10	11		■	
■		■	■	■		■	■	■
12		12ए	■	13		14	■	15
	■	16			■	17		
18	19		■	20	21		■	
■		■	■	■		■	■	■
22			■	23			■	24

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 136 का हल

प	सं	द	■	सिं	हा	स	न	■
ख	■	म	ज	दू	र	■	का	म
वा	द	क	■	र	■	सं	ब	ल
ड़	■	ल	ज्जा	■	म	स्का	■	य
■	बा	■	■	बि	हा	र	■	■
सु	धा	क	र	■	न	■	■	औ
रं	■	म	■	कि	ता	ब	■	स
ग	■	अ	र	सा	■	हु	ज्ज	त
■	श	क्ल	■	न	मि	त	■	न

अगस्त से शुरू हो जाएगी विधानसभा निर्वाचन की तैयारी

- प्रदेश में 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन होगा
- 31 अगस्त तक नाम जोड़ने, काटने, संशोधन के लिए दावा-आपत्ति

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन के साथ शुरू हो जाएगी निर्वाचन की तैयारी। 2 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन, 31 अगस्त तक नाम जोड़ने, काटने एवं संशोधन के लिए दावा-आपत्ति लिए जाएंगे। 12-13 अगस्त एवं 19-20 अगस्त को मतदान केन्द्रों में आयोजित किए जाएंगे विशेष शिविर। 4 अक्टूबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। राज्य में अभी 1.96 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के पूर्व प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही चल रही है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अगस्त को राज्य में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा फॉर्म-5 में मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन करने के साथ-साथ 1 अक्टूबर 2023 की अर्हता तिथि के सम्बन्ध में दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाने नोटिस जारी किया जाएगा।

इसी दिन राज्य में विशेष ग्राम सभा में मतदाता सूची का वाचन भी किया जाएगा। विधानसभा एवं जिला स्तर पर भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन में मतदाता सूची को शुद्ध बनाने जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। यह मतदाता सूची राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट ceochhattisgarh.nic.in में भी होस्ट की जाएगी। इसकी एक फोटोयुक्त हार्ड एवं एक फोटोरहित सॉफ्ट कॉपी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी जिला स्तर पर बैठक कर प्रदान की जाएगी।

मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन के दिन से 31 अगस्त तक निर्धारित प्रारूपों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। 30 दिनों की इस अवधि के दौरान चार दिन, 12-13 अगस्त (शनिवार-रविवार) और 19-20 अगस्त (शनिवार-रविवार) को बूथ स्तर पर विशेष शिविर का भी आयोजन होगा। इस दौरान 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। मृत, डुप्लीकेट या स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन के लिए फॉर्म-7 के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। पूर्व से पंजीकृत मतदाता के विवरण में किसी प्रकार के संशोधन या स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 भरा जाएगा। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप और वोटर सर्विस पोर्टल भी उपलब्ध हैं। बीएलओ द्वारा फॉर्म भरने के लिए बीएलओ एप का प्रयोग किया जाएगा। 31 अगस्त तक प्राप्त होने वाले दावा-आपत्तियों की साप्ताहिक सूची सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक कर दी जाएगी। साप्ताहिक रूप से इस सूची का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी प्रकाशन किया जाएगा। 22 सितम्बर तक सभी दावा-आपत्तियों का निराकरण कर 4 अक्टूबर 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन फॉर्म-16 में किया जाएगा। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची पुनः वेबसाइट में होस्ट करने के साथ-साथ इसकी एक हार्ड एवं एक सॉफ्ट कॉपी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिला स्तर पर प्रदान की जाएगी।

सीईओ कंगाले ने कहा छूटे मतदाता वर्ग के लिए सघन प्रोग्राम

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए पुनरीक्षण के दौरान सघन कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस दौरान छूटे हुए युवाओं एवं समाज के वंचित वर्गों को अधिक से अधिक जागरूक कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में चार लाख 25 हजार 698 मतदाता 18-19 आयु वर्ग के हैं। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या एक लाख 47 हजार 364 तथा 767 तृतीय लिंग समुदाय के मतदाता हैं। राज्य में मतदाता सूची का लिंगानुपात 1002 है तथा मतदाता-जनसंख्या अनुपात 64.65 प्रतिशत है। श्रीमती कंगाले ने प्रदेश के नागरिकों से पुनरीक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए अधिक से अधिक ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

महानदी को नया जीवन देंगे 66 हजार पौधे

- मिशन मोड पर वन विभाग द्वारा लगाये जा रहे पौधे

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यावरण को सहेजने की बड़ी ड्राइव रायपुर जिले में हो रही है। इसमें दो लाख 80 हजार पौधे लगाये जा रहे हैं। इनमें से 73 प्रतिशत पौधे लगाये जा चुके हैं। इस बार फोकस सड़कों के साथ नदियों को लेकर भी है। नदियों को लेकर फोकस करना कई मायने में महत्वपूर्ण है।

इससे न केवल प्लांटेशन का उद्देश्य पूरा होता है अपितु नदी किनारे पौधे लगाये जाने से मिट्टी का कटाव रूकता है। नदी का जलस्तर साल भर बनाये रखने के लिए भी यह अच्छा होता है क्योंकि पौधे सबसे ज्यादा पानी अवशोषित कर रखते हैं। इस तरह से यह प्लांटेशन की ड्राइव महानदी के लिए भी संजीवनी है। फिलहाल 66 हजार पौधे नदी तट पर लगाए जा रहे हैं। नदियों के किनारे फलदार पौधों का रोपण किया जा रहा है, ताकि इससे स्थानीय लोगों को आय भी हो सके। महानदी के तट को मजबूत बनाने और इसे सदा नीरा बनाये रखने में भी इस व्यापक प्लांटेशन ड्राइव से मदद मिलेगी।

फलदार और औषधीय पौधे रोपे जा रहे

नदी तटों को मजबूत करने के लिए ऐसे पौधों का चयन किया गया है जिनकी जड़ें मजबूत होती हैं। पीपल जैसे पेड़ जो सर्वाधिक आक्सीजन देते हैं और नदी के इकालाजी को बनाये रखते हैं। वे भी रोपे गये हैं। औषधीय पेड़ों की भी डिमांड होती है और आयुर्वेद ग्रामों में जहाँ इनकी जागरूकता अधिक है ऐसे पौधों का काफी लाभ होता है। साथ ही परपंरागत स्थानीय पौधे भी लगाए जा रहे हैं स्थानीय प्रजातियों को संरक्षण भी मिलेगा।

सड़कें भी होंगी छायादार

वो शहर सबसे ज्यादा खूबसूरत होते हैं जिनकी सड़कों के दोनों ओर हरेभरे पेड़ होते हैं और जिनकी लताएं इन पेड़ों पर लगने वाले फूलों से महकती हैं और हजारों पक्षी इन पर बसेरा करते हैं। जिले के सड़कों पर पौधरोपण के लिए 14 किमी 700 मीटर का पैच चुना गया है। इसमें 14 हजार 690 पौधे अब तक रोपित किए गए हैं। सबसे ज्यादा कदंब और बादाम के पेड़ चुने गये हैं। कदंब बहुत तेजी से बढ़ने वाला पौधा है इसलिए सबसे ज्यादा जोर इस पर ही दिया गया। सड़कों के दोनों ओर पेड़ लगे होने से वायु प्रदूषण और धूल की रोकथाम के लिए भी यह पेड़ बहुत कारगर होंगे। कदंब और बादाम दोनों के पत्ते काफी चौड़े होते हैं। इसकी वजह से प्रदूषण की रोकथाम में इनकी कारगर भूमिका होती है। इसके अलावा गुलमोहर जैसे सदाबहार पौधे भी लगाये गये हैं जिनकी खूबसूरती बेमिसाल होती है। इन पौधों को सुरक्षित रखने के लिए वन विभाग द्वारा चैनलिंक फैंसिग की जा रही है।

ब्लॉक प्लांटेशन भी

ब्लाक प्लांटेशन के माध्यम से एक बड़े एरिया में प्लांटेशन किया जा रहा है ताकि अलग-अलग तरह के पौधे लगाये जा सकें और इनका संवर्धन किया जा सके। एक बड़े क्षेत्र में प्लांटेशन के जाने से इनका रखरखाव आसान हो जाता है। इसके लिए 127 हेक्टेयर क्षेत्र में 1 लाख 40 हजार पौधे रोपित किए जा रहे हैं। जिन पौधों का रोपण किया गया इनमें- नीम, नीलगिरी, ऑवला, खम्हार, बांस, सागौन, औषधीय प्रजाति, कहवा, कटहल, आम, अमरूद, गुलमोहर, पेल्टाफार्म, अमलातास, सिरस, बदाम, कदंब, झारूल, करंज, अमलतास, शीशम और पीपल का किया गया। इनकी लंबाई 3 से 5 फिट है।

हैदराबाद में हुई सीमावर्ती राज्यों के पुलिस अफसरों की समन्वय बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती राज्यों के साथ अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक का आयोजन मंगलवार को हैदराबाद में किया गया। अशोक जुनेजा पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ तथा महाराष्ट्र, तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश राज्यों के पुलिस महानिदेशकगणों के उपस्थिति में यह समन्वय बैठक आयोजित की गई। आगामी अक्टूबर-नवंबर 2023 में होने वाले विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षतापूर्वक चुनाव कराने के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कानून व्यवस्था एवं आपराधिक गतिविधियों के ऊपर प्रभावी नियंत्रण तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। चारों राज्यों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र में अपेक्षित पुलिस बंदोबस्त, कानून व्यवस्था एवं नक्सल गतिविधियों से संबंधित विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। उल्लेखनीय है कि नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में बेहतर तालमेल के साथ आगामी चुनाव को संपादित करने हेतु पुलिस थाना स्तर, जिला स्तर, रेंज स्तर एवं अंतर्राज्यीय स्तर पर सिल-सिलेवार लगातार बैठक आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य में नक्सल गतिविधियों में निरन्तर कमी आ रही है। राज्य में केन्द्रीय सुरक्षाबलों और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बेहतर तालमेल के साथ नक्सलियों के विरूद्ध सफलतापूर्वक चलाये जा रहे संयुक्त अभियान के कारण यह संभव हो सका है। सुरक्षा विहीन क्षेत्रों में नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के साथ विकास कार्यों में भी तेजी लायी जा रही है जिससे आम जनता का शासन व प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। बैठक में सीमावर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस के सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाये जाने तथा स्थानीय ग्रामीणों को विश्वास में लेकर नक्सलवाद के विरूद्ध अभियान चलाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

महिला समूह को आत्मनिर्भर बना रहा दोना पत्तल व्यवसाय

रायपुर/नवप्रदेश। छोटे से लेकर बड़े कार्यक्रम में दोना-पत्तल की बहुत मांग रहती है। इसे देखते हुए नारायणपुर जिले के ग्राम पंचायत छोटेडोंगर की 10 महिलाओं ने स्व सहायता समूह बनाकर दोना-पत्तल बनाने का कार्य करना प्रारंभ किया। नारायणपुर जिला वनों से आच्छादित होने के कारण पत्तों की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर आसानी से हो जाती है। समूह की महिलाओं के द्वारा इसे जंगलों से इकट्ठा किया जाता है। समूह के द्वारा एक माह में एक से डेढ़ हजार बंडल दोना-पत्तल तैयार किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक सदस्य को प्रतिमाह 6 हजार रुपए तक की आमदनी हो रही है। समूह की अध्यक्ष असून बाई ने बताती हैं कि दोना-पत्तल की बिक्री उचित कीमत में नहीं होने के कारण पहले बहुत कम लाभ मिलता था। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जाने से अब उचित दर पर दोना-पत्तल की बिक्री हो रही है। रीपा में निर्मित दोना-पत्तल को अब स्थानीय बाजार एवं अन्य जिलों में भी बिक्री किया जा रहा है। समूह की महिलाओं कहना है कि उनके द्वारा अपने-अपने घरों में कृषि कार्य के साथ-साथ दोना-पत्तल निर्माण कार्य कर रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रीपा प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें रीपा पार्क मिल जाने से अब दोना -पत्तल निर्माण कार्य और उसकी बिक्री में अबहुत असानी हो रही है। इससे सभी सदस्य बेहद खुश हैं और उन्हें अतिरिक्त आय का जरिया मिल गया है।

14 जनपद पंचायत सीईओ का तबादला

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के मद्देनजर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 14 मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का तबादला कर दिया है। विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि स्थानांतरित अधिकारियों को 15 दिन के भीतर नवीन पदस्थापना स्थान पर कार्यभार ग्रहण करना होगा। इस सीमा के भीतर कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले अधिकारी भारमुक्त माने जाएंगे। इसके साथ अधिकारियों के ऊपर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिन अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है उनमें हिमांशु गुप्ता जनपद पंचायत तखतपुर से अकलतरा, बीआर वर्मा जनपद पंचायत बिल्हा से कुरूद, सत्यव्रत तिवारी जनपद पंचायत अकलतरा से तखतपुर, कुमार सिंह जनपद पंचायत मस्तूरी से आरंग, किरण कुमार कौशिक जनपद पंचायत आरंग से सहसपुर-लोहारा, आरएस नायक जनपद पंचायत डभरा से लोहारा, प्रदीप प्रधान जनपद पंचायत पिथौरा से पथरिया, क्रांति ध्रुव जनपद पंचायत साजा से मगरलोड, राजेंद्र कुमार पडौती जनपद पंचायत खैरागढ़ से अभनपुर, रोशन भगत जनपद पंचायत खैरागढ़ से अभनपुर, प्रकाश मेश्राम जनपद पंचायत धमधा से गुरूर, पन्ना लाल धुर्वे जनपद पंचायत कर्वधा से साजा, संदीप शाह जनपद पंचायत मालखरौदा से पिथौरा, प्रज्ञा यादव जनपद पंचायत पामपढ़ से बरमकेला शामिल हैं।

पिछली सरकार में आबकारी घपला की जांच

ईओडब्लू ने 80 अफसरों को किया तलब

- ईडी इस सरकार में 2 हजार करोड़ रुपए की शराब गड़बड़ी की जांच कर रही
- ईओडब्लू पिछली सरकार के आबकारी घपले में 80 अफसरों को नोटिस जारी किया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश का आबकारी महकमा एक बार फिर नोटिस का तलबगार बना हुआ है। ईडी की जांच से उबर नहीं पाए हैं और ईडी के बाद ईओडब्लू उनके पीछे पड़ गया है। ईओडब्लू से आबकारी के 80 से ज्यादा अधिकारीयों-कर्मचारियों को नोटिस जारी कर आज बुधवार को तालाब किया है। बता दें ईडी कांग्रेस सरकार के दौरान हुए कथित 2000 करोड़ के शराब घोटाले की जांच कर रही है तो अब ईओडब्लू पूर्ववर्ती रमन सरकार के वक्त हुए कथित आबकारी घपलों की जांच में जुट गई है। आज नोटिस मिलते ही ईओडब्ल्यू ऑफिस में बयान देने पहुंचे आबकारी अधिकारी। आबकारी में गड़बड़ी की जांच ईओडब्लू ने शुरू कर दिया है। 80 से ज्यादा अधिकारियों को नोटिस मिली है। एक तरफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) छत्तीसगढ़ में लगभग 2 हजार करोड़ रुपए की शराब गड़बड़ी में कार्रवाई कर रहा है, तो दूसरी ओर राज्य के आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्लू) ने 2013 से यानी पिछली सरकार के कार्यकाल से लेकर अब तक हुए आबकारी घपले की जांच शुरू कर दी है। तब से अब तक जिलों से लेकर आबकारी मुख्यालय में पदस्थ 80 से ज्यादा अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है। सभी को पूछताछ के लिए बुधवार को सुबह 11 बजे ईओडब्लू-एसीबी के दफ्तर में बुला लिया गया है। नोटिस ज्यादातर ऐसे अधिकारियों को दिए गए हैं, जो तब डीईओ, गोदाम इंचार्ज, उपायुक्त और आयुक्त के पद पर थे।

रायपुर एम्स के अजय सिंह को निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह को एम्स रायपुर के निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार प्रदान किया गया है।

प्रो. सिंह देश के प्रसिद्ध पीडियाट्रिक ऑर्थोपैडिक सर्जन हैं। इसके साथ ही इमरजेंसी मेडिसिन में भी प्रो. सिंह को विशेषज्ञता प्राप्त है। इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रधानमंत्री सेवा सुरक्षा योजना सेक्शन के आदेश में प्रो. सिंह को 25 जुलाई से छह माह या स्थायी कार्यपालक निदेशक की नियुक्ति तक कार्यभार प्रदान किया गया है। प्रो. सिंह एक वर्ष से भोपाल एम्स के कार्यपालक निदेशक हैं।

इससे पूर्व वह नोएडा स्थित पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हैल्थ के निदेशक और केजीएमयू लखनऊ में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहे हैं।

सीएम से विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ के जाति समुदायों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है, जब मंगलवार को राज्यसभा ने संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक 2022 को मंजूरी दे दी। इसके पहले पिछले साल दिसम्बर में लोकसभा ने इस विधेयक को पारित किया था। लंबे समय से अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर प्रयास कर रहे सौंरा, गोंड़, बिझिया, उरांव, भुजिया आदि समाज के प्रतिनिधियों ने कल देर रात सीएम भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात कर इस विधेयक को राज्यसभा से मंजूरी मिलने पर उनके प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के लगातार प्रयासों से मिली इस सफलता पर प्रतिनिधिमंडल को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जनजाति समुदाय को उनके अधिकारों का लाभ दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस संबंध में प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखकर मात्रात्मक त्रुटि के कारण आदिवासी समुदाय को हो रही दिक्कतों से अवगत कराया गया और उन्हें अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का आग्रह किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जनजाति आयोग को विभिन्न समाजों के माध्यम से जो ज्ञापन मिले, आयोग द्वारा उनकी सुनवाई कर ट्राईबल रिसर्च इंस्टिट्यूट के माध्यम से अध्ययन के बाद प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को भेजा गया। राज्य सरकार की इस पहल पर जाति समुदायों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने संबंधी विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा से मंजूरी मिली है।

लिव इन पार्टनर से मिला धोखा, युवती ने खाया जहर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर की युवती ने खुदकुशी का प्रयास किया। फिलहाल उसका इलाज शहर के अंबेडकर अस्पताल में जारी है। लड़की ने प्यार में मिले धोखे से तंग आकर जान देने की सोची। फिलहाल युवती खतरे से बाहर है। अब इस मामले में लड़की के बॉयफ्रेंड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये मसला लिव इन रिलेशनशिप और पुरानी प्रेमिका के चक्कर से जुड़ा हुआ है। तेलीबांधा थाना इलाके में रहने वाली युवती की शिकायत पर अब पुलिस ने लड़की को खुदकुशी के लिए उकसाने वाले बॉयफ्रेंड के खिलाफ कार्रवाई की है। देवेश उर्फ राहुल विश्वा नाम के युवक को इस मामले में पुलिस ने पकड़ लिया है। युवक से पूछताछ की जा रही है। युवती ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मैं और राहुल कुछ महीने से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। वो सारा दिन मेरे साथ ही रहा करता था, रात में अपने घर जाया करता था। उसने मुझसे शादी का वादा किया था मगर इस बीच उसकी पुरानी गर्लफ्रेंड से उसने संबंध बनाए। बातचीत करने लगा और मुझे कह दिया कि उस लड़की ने राहुल के पिता से शादी की बात कर ली है अब वह उसी से शादी करेगा। युवती के मुताबिक राहुल ने उसे प्रताड़ित किया, जब मैंने कहा कि मैं ऐसा होने पर अपनी जान दे दूंगी तो मुझे उसने कहा जो करना है करो मुझे तुम से मतलब नहीं। परेशान होकर मैंने कीटनाशक का सेवन कर लिया था। मैं जीना नहीं चाह रही थी। अब जब मैं अस्पताल में हूं तो उसने मुझे इंस्टाग्राम की दो मोटिवेशनल रील भेजी थी ना मेरा हाल चाल लिया ना मुझे देखने आया। युवती और राहुल की मुलाकात युवती की एक सहेली ने करवाई थी। इसके बाद लगातार दोनों मिलने लगे और राहुल ने प्रपोज भी किया।

सरकार की 27 फीसदी घोषणा को संविदाकर्मियों ने नकारा

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले राजधानी रायपुर में डटे आंदोलित कर्मचारियों ने सरकार के 27 प्रतिशत घोषणा कहते हुए उसे नकार दिया है। उनका कहना है कि हमारा एक सूत्रीय मांग नियमितीकरण है और जब तक हमारी मांगो को पूरा नहीं किया जाता है। हम आंदोलन में डटे रहेंगे। इससे आम जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि इसमें केवल और केवल राज्य सरकार ही दोषी होगी। मुंगेली से प्रतिदिन आंदोलन के लिए एक बस में कर्मचारी रायपुर जाते है रात में बस से वापिस आ जाते है। उनका यह सिलसिला अनवरत जारी है। संगठन के जिला संयोजक एवं प्रांतीय सलाहकार ताकेश्वर साहू ने बताया कि राज्य की असंवेदनशील कांग्रेस सरकार ने कैबिनेट की बैठक में संविदाकर्मियों को झुनझुना पकड़ाने का काम किया है, नियमतः प्रत्येक 02 वर्षो में 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि के नियम है, जो कांग्रेस के सत्ता में आने के पूर्व नियत समय मे बढ़ जाया करता था किंतु कॉग्रेस के सत्ता में आने के बाद विगत साढे चार सालों से संविदाकर्मियों के वेतन वृद्धि को रोका गया था, नियमतः अब तक हमें 40 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ मिल जाना चाहिए था लेकिन वर्तमान सरकार ने 27 प्रतिशत का झुनझुना मात्रा दिया है। सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के सह संयोजक अमित दुबे ने बताया कि राज्य में सत्ता धारी दल जब विपक्ष में हुआ करती थी तो हमसे हमारे मंच मे आके बड़ी-बड़ी घोषणाएं की, हमे झूठा आश्वासन दिया गया कि सरकार में आने के 10 दिन के भीतर हमारी मांगो को पूरा करेंगे और संविदाकर्मियों को नियमित करेंगे।

विपक्ष में रहते हुए तत्कालीन प्रदेश कॉग्रेस के अध्यक्ष एवं वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हड़ताल को सही ठहराया था आज जब सत्ता पर आसीन है तो यही मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री स्वास्थ्य कर्मचारियों पर एस्मा जैसे काला कानून लगा रहे है ये कहा का न्याय है। संविदा कर्मचारी 3 जुलाई 2023 से लगातार आन्दोलन कर रहे है, 3 जुलाई 2023 से हड़ताल का आगाज कर ट्वीटर वार, हवन पूजन, मेहन्दी कार्यक्रम, कैबिनेट बैठक के पूर्व सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने माता दंतेश्वरी के दर्शन, महारैली, धरना प्रदर्शन, जेल भरो आंदोलन, आक्रोश रैली, विधानसभा घेराव, आमरण अनसन जैसे गतिविधियों को कर चुकी है लेकिन राज्य की असंवेदनशील सरकार संविदाकर्मियों की मांगों को अनसुना किये हुए है। संगठन के कोषाध्यक्ष मनीष तंबोली ने बताया कि महासंघ के महासचिव श्रीकांत लाश्कर और अन्य 2 पदाधिकारी आमरण अनशन पर बैठे हुए है। उन्होंने राज्य के 45,000 संविदाकर्मियों की जायज मांगो के लिए अन्न जल त्याग दिया है, यदि आमरण अनसन कर रहे साथियों को कुछ होता है तो राज्य के 45,000 संविदाकर्मी सरकार को कभी माफ नही करेंगे।

महाविद्यालय फास्टरपुर सेतगंगा में वृक्षारोपण

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर सेतगंगा में राष्ट्रीय सेवा योजना, महाविद्यालय इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की मेरी माटी, मेरा देश योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में अमृत वाटिका निर्माण एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना अध्यक्ष डॉक्टर नीता बाजपेयी, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर डॉक्टर मनोज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि अग्रणी महाविद्यालय डॉक्टर ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सुधीर तिवारी, शासकीय एसएनजी महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर रजत दवे, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो. नरोत्तम कुमार पुरले एवं अवकाश प्राप्त सैनिक त्रिभुवन यादव, कमल मंगेशकर तथा सरपंच ग्राम नागोपहरी गणेश राम अंचल उपस्थित थे। कार्यक्रम के अवसर पर अतिथियों, छात्र-छात्राओं एवं समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा महाविद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में जामुन, अशोक, करंज, गुलमोहर, नीम आदि का वृक्षारोपण किया गया एवं अमृत वाटिका का निर्माण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती डॉक्टर नीता बाजपेयी ने छात्र-छात्राओं को पूरी ऊर्जा के साथ देशसेवा में लग जाने को प्रेरित किया और स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलते हुए हर एक विद्यार्थी को स्वामी विवेकानंद बनने की बात कही। विशिष्ट अतिथि डॉ. मनोज सिन्हा के द्वारा देश प्रेम, राष्ट्रीयता की भावना जागृत करना, पर्यावरण सुरक्षा, सैनिकों का सम्मान जैसे अति महत्वपूर्ण बातों से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अखिलेश चन्द्र वर्मा के द्वारा अतिथियों के आगमन के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, प्रभारी एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

भू-खण्ड आबंटन के लिए आवेदन 1 अगस्त से

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम द्वारा मनेंद्रगढ़ विकासखंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत परसगढ़ी में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। नवीन औद्योगिक क्षेत्र परसगढ़ी में नवीन उद्योगों की स्थापना हेतु भू-खण्ड आबंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक उद्यमी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उद्यम आकांक्षा, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन, फैक्ट्री ले-आउट, पैनकार्ड, आवश्यकतानुसार जाति प्रमाण पत्र, उद्योग के पंजीयन का प्रकार के साथ दिनांक 1 अगस्त से छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य://ष्द्बह्यस्रष्.द्दश्र/ के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। भू-खण्ड का आबंटन पहले आओ पहले पाओ आधार पर किया जावेगा।

कलेक्टर जनदर्शन में मिले 33 आवेदन

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशानुसार प्रभारी अपर कलेक्टर अभिलाषा पैकरा की अध्यक्षता में जनदर्शन आयोजित की गई। जनदर्शन में लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़े समस्या तथा माँग से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। जनदर्शन में मुख्य रुप से राजस्व मामले, बिजली सम्बन्धी समस्या, अतिक्रमण, सीमांकन, अतिक्रमण, वनाधिकार पत्र, रोजगार की माँग, लंबित मज़दूरी भुगतान तथा अन्य मामलों से सम्बंधित 33 आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्रीमती पैकरा ने विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के जल्द निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

आज खोला जाएगा खुटाघाट व घोंघा जलाशय

बिलासपुर/नवप्रदेश। पिछले दिनों बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव के किसानों की मांग पर जिला पंचायत अध्यक्ष और सभापति ने कलेक्टर से मुलाकात कर खूंटाघाट से नहर में पानी छोड़े जाने को लेकर बातचीत की थी । जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण चौहान और जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने किसानों की तरफसे लिखित मांग पत्र पेश कर बताया था कि पानी की कमी को लेकर किसान परेशान हैं। बोनी की प्रक्रिया के लिए पर्याप्त पानी नहीं है इसलिए खूंटाघाट जलाशय से किसानों को पानी दिया जाए। दोनों नेताओं की मांग पर कलेक्टर महोदय ने त्वरित कार्यवाही करते हुए खारंग जलाशय तथा घोंघा जलाशय को निर्देश देते हुए खरीफसिंचाई के लिए मुख्य नहर वितरक शाखा एवं उप नहर शाखा से पानी छोड़ने का आदेश दिया हैं।जिस पर अमल करते हुए जल संसाधन विभाग ने 27-07-2023 गुरुवार को सुबह 11 बजे से बेलतरा,बिल्हा,मस्तुरी एवं कोटा विकास द्यखंड के ग्रामों में खरीफ सिंचाई हेतु नहरों से पानी छोड़ने का निर्णय लिया है।

27 सहायक पशु चिकित्सकों की भर्ती आमंत्रित

सूरजपुर/नवप्रदेश। पशु चिकित्सा संस्थानों में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढीकरण हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में स्थानीय व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन के डी.एम.एफ मद से 27 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। जिसके लिए इच्छुक पात्र उम्मीदवार कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवा में 24 जुलाई से 07 अगस्त तक कार्यालयीन समय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकतें है। संबंधित पद के विरुद्ध भर्ती हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ एक प्रति स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र निर्धारित समय तक सीधे अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता हैं। संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदनों की जांच पश्चात अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा व साक्षात्कार का आयोजन 23 से 25 अगस्त की तिथि में सुनिश्चित किया गया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति, दावा आपत्ति 11 अगस्त तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र कोपरा, छतौना 3, खजुरी नवागांव 2, भरारी 1, पथर्रा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पोड़ी 1, पाली, पांड 1 केंद्र में सहायिकाओं की नियुक्ति हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित किये गये है। दावा आपत्ति के लिए आवेदन 2 अगस्त से 11 अगस्त तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी में कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते है।

विधायक ने रेवड़ी की तरह बांट दी स्वेच्छानुदान की राशि : भाजपा

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। गरीबों और जरूरतमंदों को आकस्मिक आर्थिक मदद के लिए विधायकों को स्वेच्छानुदान व जनसंपर्क निधि जारी करने का अधिकार शासन की ओर से दिया गया है, लेकिन कांग्रेस विधायक है कि मानते ही नहीं। मनेन्द्रगढ़ से कांग्रेस विधायक एक बार फिर स्वेच्छानुदान की राशि वितरण को लेकर विवादों में घिरे है। विधायक बनने के बाद से चुनावी साल तक स्वेच्छानुदान की राशि विधायक ने रेवड़ी की तरह बांटी है। इस बार विधायक ने अपने विधायक प्रतिनिधि की सास, निजी पीए, एल्डरमैन, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवक कांग्रेस पदाधिकारियों, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं, ट्रेड यूनियन नेताओं के पुत्र और अन्य को फिर से स्वेच्छानुदान की राशि बांट दी है। भाजपा नेता चंदन गुप्ता ने आरटीआई से स्वेच्छानुदान की जानकारी निकालकर इसका खुलासा किया है और अब स्वेच्छानुदान प्राप्त हितग्राहियों की सूची सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है। विधायक विनय जायसवाल मनेन्द्रगढ़ से कांग्रेस विधायक है स्वेच्छानुदान की राशि के मनमानी वितरण का उनका यह पहला मामला नहीं है इससे पहले स्वेच्छानुदान की राशि के भुगतान को लेकर तीन और मामले सामने आ चुके है।वही भाजपा नेता का आरोप है कि इस राशि से वितरण से आपत्ति नही है किंतु जरूरत मंद को यह राशि स्थानीय विधायक विनय जायसवाल को देना था किंतु विधायक चुनाव नजदीक आते ही अपने ही पार्टी कार्यकर्ताओं को बाट रहे यह कहा तक उचित है सूचना के अधिकार से मिली जानकारी अनुसार विधायक ने अपने विधायक प्रतिनिधि और चिरमिरी नगर निगम के पार्षद शिवांश जैन की सास आभा जैन को 5 हजार रुपये। पीए चंद्रभान बर्मन को 3 हजार रुपये। एल्डरमैन बलदेव दास की बेटी साक्षी दास को 20 हजार व एल्डरमैन प्रभाष राय को 3 हजार रुपये। एनएसयूआई जिला महासचिव शुभम सलूजा को 60 हजार रुपए। एनएसयूआई पूर्व ब्लाक अध्यक्ष निखिल यादव को 3 हजार व कांग्रेस से जुड़े जितेंद्र साव के परिजन को 20 हजार रुपये, मंजूर आलम के परिजन को 5 हजार रुपये, बिलाल अंसारी को 10 हजार रुपये बांट दिए। इसके अलावा क्षेत्र के बड़े ट्रेड यूनियन के बड़े नेता बजरंगी शाही के पुत्र प्रिंस शाही को 3 हजार रुपये व एसईसीएल से पेंशन प्राप्त कर्मी प्रदीप प्रधान को 20 हजार रुपए स्वेच्छानुदान का दिया गया है।

नशा मुक्त मुंगेली बनाने का लिया संकल्प

मुंगेली/नवप्रदेश। सुनहरे कल नशा मुक्ति हरेली के संग अभियान के तहत डॉ. सरिता भारद्वाज समाज सेविका ने कृषि उपज मंडी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों की संख्या में लोग एकत्रित हुए, युवाओं को नशा से दूर रखकर समाज की दिशा और दशा सुधार हेतु संकल्प कराया गया तथा व्यसन से होने वाले जन, धन, समाज, संप्रदाय की हानि और परेशानी हो समझाते हुए नशा मुक्त मुंगेली बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्प लिया। छत्तीसगढ के प्रमुख पहले त्यौहार हरेली की विशेषता को बताया और साथ ही भूपेश सरकार की कार्ययोजना के बारे में बताते हुए कहा कि दुलरुवा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गर्भ में पल रहे बच्चे से लेकर सभी आयु वर्ग के लोगो के लिए योजना निकाला, तथा गोन्याय योजन, 15 से 20 क्विंटन धान की खरीदी व बोनस की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नंद कुमार बघेल थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में सागर सिंह बैस, नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, मंजीत रात्रे, कौशल सिंह क्षत्रिय, जैतराम खांडे, अमित सिंह ठाकुर, दिनेश केशकर, विनय चोपडा, मिनेश धृतलहरे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। डॉ. सरिता भारद्वाज के कार्यो से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी तथा जोगी कांग्रेस के 500 लोगो ने नंदकुमार बघेल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सागर सिंह बैस, हेमेंन्द्र गोस्वामी के हाथों फूल माला और कांग्रेस का गमछा पहनकर सदस्यता दिलाया गया। कार्यक्रम संचालन के लिए डॉ. सरिता भारद्वाज ने अपनी टीम को बधाई दी।

शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और शीघ्र ही निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में प्रमुख सड़क मार्गों में मवेशियों के कारण अधिकतर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, दुर्घटना में कमी लाने और सड़क मार्गों को मवेशी मुक्त करने हेतु कार्य योजना बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। अपर कलेक्टर ने जिले में खुले में फसल चराई में रोक लगाने हेतु शासन की महत्वाकांक्षी रोका-छेका अभियान का भी गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में संबंधित विभाग अपनी तैयारी पूरी रखे। कहीं भी बाढ़ एवं आपदा की स्थिति बनने पर टीम भेजकर आवश्यक सहयोग प्रदान की जाए। पाटले ने हड़ताल पर गए संविदा अधिकारी-कर्मचारियों की शासन द्वारा वेतन वृद्धि की घोषणा उपरांत भी कार्यालय में अनाधिकृत अनुपस्थिति पर शासन के नियमानुसार कार्यवाही कर उनके स्थान पर अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोधन न्याय योजना के तहत जिले के सभी सक्रिय गौठानों में क्रय किए गोबर की मात्रा और कनवर्जेंस प्रतिशत की जानकारी ली। साथ ही गौठानो में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट का समितियों के माध्यम से शीघ्र उठाव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी गौठनो का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों के खाते में किस्त की राशि के वितरण की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। हितग्राहियों के खाते में पैसा अंतरण के दौरान कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए खाता नंबर, बैंक आईएफएससी कोड व नाम आदि का सही मिलान करने के बाद ही राशि अंतरित किया जाए।

आज से गांवों में बनाया जायेगा आयुष्मान कार्ड

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह के मार्गदर्शन में शासन के महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान-भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत जिले में 27 से 31 जुलाई 2023 तक विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शिविर आयोजन कर जिले के समस्त विभाग द्वारा आयोजित विशेष अभियान जिले के समस्त आयुष्मान मित्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर (ष्ट॥ह्र,ह्य), रोजगार सहायक, सचिवों, आर.एच.ओ., द्वितीय ए.एन.एम., एन.आर.एल.एम., बैंक सखी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मतानिनों एवं च्वाईस सेंटरों, शहरी क्षेत्रों में एनयूएलएम के सीआरपी दीदीयों द्वारा छुटे हुए समस्त हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड गॉव के पंचायत भवन एवं नगर पंचायत अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा।

आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए जिले के विभिन्न विभागों के लगभग तीन हजार अधिकारी कर्मचारीयों के मोबइल नम्बर रजिस्टर किया गया। अतः ग्राम पंचायतों में सरपंच, सचिव, मितानिन एवं शहरी क्षेत्र के नगर पंचायत पार्षद व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड की जानकारी ले सकते है एवं नजदीकी च्वाइस सेंटर अथवा अस्पताल में जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए जाने हेतु आनलाईन आवेदन पर 31 अगस्त तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2023-24 में खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति तथा नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 से 18 वर्ष के बच्चों को 26 जनवरी 2024 को राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय पुरस्कार के तहत प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, 01 लाख रूपए की नगद राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में सम्पर्क किया जा सकता है।

केबी पटेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग का परिणाम रहा उत्कृष्ट

चिरमिरी/नवप्रदेश। के बी पटेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बी एस सी नर्सिंग तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा हैं। बी एस सी तृतीय वर्ष में उत्तीर्ण हुए परीक्षार्थीयों में प्रतिभा दास 78.14प्रतिशत, सुमन 74.57प्रतिशत, अदिति केशरी 74.28प्रतिशत, जागृति 74प्रतिशत, प्रेरणा 72त्न प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविधालय का नाम रौशन किया। महाविद्यालय परिवार इनके उज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्रशासनिक अधिकारी वी बारिक ने बताया कि इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार कॉलेज में सैद्धांतिक ओर प्रायोगिक पढ़ाई करने के साथ प्रायोगिक परीक्षण के लिए जिला अस्पताल बैकुंठपुर, मनेंद्रगढ़, बैंगलोर मे ले जाया जाता है। कम्युनिटी प्रशिक्षण के लिए ग्राम सरभोका,नागपुर भेजा जाता है,जहां जाकर वहां सेवा भाव से मरीजों की सेवा कर हर एक गतिविधियो से अवगत होते रहे हैं। नर्सिंग कॉलेज में योग्य प्रोफेसर द्वारा अध्यन अध्यापन का कार्य पूर्ण करवाने के साथ उनके व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण योगदान सदैव रहा हैं। महाविधालय में नर्सिंग के विद्यार्थियो के लिए हॉस्टल, वार्डन, मैस, पुस्तक लायब्रेरी, प्रायोगिक कक्ष, गर्ल्स कॉमन रूम, गेम, खेलकूद मैदान, शैक्षणिक भ्रमण, वार्षिक उत्सव आदि की सुविधा युक्त कॉलेज हैं।

विद्यार्थियो को नर्सिंग फील्ड में योग्य बनाने में कॉलेज के प्रिंसिपल गॉडसन किशोर, सहायक प्रोफेसर अभिजीत दत्ता, सुमन, वहीदा खातून, लक्ष्मी बघेल, अरशिफा, दीपाली गुप्ता, निकिता चौरसिया, अनुशीखा का योगदान रहा हैं।

गौठान ने बदला जीवन, दिया परिवार को सहारा : राम बकस

सूरजपुर/नवप्रदेश। गौठान नवापारा कला, विकासखंड प्रेमनगर के श्री राम बकस, गौठान में चौकीदार हैं। वो अपने परिवार के साथ गौठान में निर्मित चरवाहा कक्ष में ही रहते हैं। उनके पास कुल 0.13 हेक्टेयर जमीन, दो गाय तथा दो बछिया हैं। गौठान में आने वाले पशुओं तथा स्वयं के पशुओं से प्राप्त गोबर एवं गांव के चौक-चौराहों से गोबर संग्रहण कर श्री राम बकस ने गोधन न्याय योजना प्रारंभ होने से लेकर आज तक कुल 358.18 क्विंटल गोबर विक्रय किया है। जिससे उन्हें 71 हजार 636 रुपए की राशि प्राप्त हुई है। रामबकस ने उक्त राशि का उपयोग 1 जोड़ी बैल खरीदने तथा अपने जमीन को खेती लायक बनाने के लिए उन्हें उपयोग में लाया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा गौठान में साग-सब्जियों का उत्पादन भी किया जा रहा है।

विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि...

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आज कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं पूर्व सैनिकों द्वारा कारगिल युद्ध के शहीद जवानों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि कर एवं दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि एडीएम श्री आर.ए. कुरूवंशी ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि कारगिल युद्ध में देश की रक्षा के लिए हमारे वीर सपूतों ने अपना प्राण न्यौछावर कर दिया। उनका यह योगदान अविस्मरणीय है। कार्यक्रम में एडीएम श्री कुरूवंशी ने पूर्व सैनिक श्री लखन कुमार दीक्षित को उनके 75वें जन्मदिवस पर शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कर्नल बिसन, ग्रुप कैप्टन श्री निवास, कैप्टन शर्मा एवं विंग कमाण्डर आलोक सहाय, कर्नल डॉ. सुकुल, सुबेदार शिवेन्द्र नारायण पाण्डे एवं पैरा कमाण्डो पुरूषोत्तम कुमार चन्द्रा सहित पूर्व सैनिक एवं उनके परिजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान के सेनाओं के बीच कारगिल युद्ध हुआ था, जिसमें 26 जुलाई 1999 को भारत ने विजय हासिल किया था। कारगिल युद्ध के शहीदों की याद में हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है और उनके शौर्य और बलिदान को याद किया जाता है।

निधन

राही सोनी

मुंगेली/नवप्रदेश। रामगोपाल तिवारी वार्ड निवासी पूर्व पार्षद हरिकृष्ण सोनी राजू की धर्मपत्नी राही सोनी उम्र 48 वर्ष का निधन 24 जुलाई सोमवार को सुबह हो गया। उनका अंतिम संस्कार खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

ढाबा में दो पक्षों के बीच मारपीट, जुर्म दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर-रायपुर रोड स्थित पेंड्रीडीह चौक पर एक ढाबे में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस मामले में हिर्री पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। मोपका में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर निलेश कुमार डिक्सेना शनिवार-रविवार की रात 3 बजे अपने दोस्त कान्हा मिश्रा गौरव खूंटे तथा मिनाक्षी साहू एवं करीना सिंह के साथ सीजी 10 ढाबा में खाना खाने गए थे। खाना खाकर वे काउंटर पर बिल चुका रहे थे, इसी दौरान कार में गदर, विनय शर्मा और रितेश साहू बेवजह उससे गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर तीनों ने मारपीट शुरू कर दी। मामले में हिर्री पुलिस ने धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

रिटायर्ड कर्मी के घर चोरी का प्रयास

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंगला स्थित यमुना नगर में रहने वाले शिक्षा विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी के दो चोरों ने चोरी का प्रयास किया। वह कुछ सामान चोरी कर पाते इससे पहले परिवार के लोग जाग गए और चोर पहचान लिए गए। इसी बीच दोनों चोर अपनी गाड़ी छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने मामले में दोनों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। घटना शनिवार की रात 11 बजे की है। यमुना नगर में कार्तिक ध्रुव का मकान है। देर रात सब सभी सो रहे थे, तभी तुलसी सारथी अपने दोस्त के साथ उनके मकान में घुस गया। वह चोरी का प्रयास करने लगा, जिसे देखकर कार्तिक की पत्नी आरआर ध्रुव चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर जब पति मौके पर पहुंचे तक आरोपी भागने लगे। भागने के प्रयास में वे अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 10 एक्यू 4505 उनके घर के सामने की सड़क पर छोड़कर भाग निकले।

जीजीयू में शिक्षक, समाज और राष्ट्र पर चर्चा

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल की अध्यक्षता में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की 19वीं बैठक गुरुवार को बुलाई गई। प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. पीके बाजपेयी ने बैठक के विषय व उद्देश्यों की जानकारी दी। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि शिक्षक, समाज और राष्ट्र का निर्माता है। ज्ञान कुंज होने के नाते समाज और राष्ट्र में बदलाव लाना, नई जानकारी देना हमारा मूल कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी बनाने में शिक्षक और शिक्षण संस्थानों की अहम भूमिका है। के कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव व देवाशीष आचार्य, निदेशक, कार्मिक एसईसीएल ने अपने विचार व्यक्त किए। बाह्य विशेषज्ञ के रूप में राष्ट्रीय संयोजक नशा मुक्त समाज आंदोलन-अभियान कौशल अक्षत कांत ने भी बात रखी।

शिव भक्तों को जिपं सदस्य ने किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर से सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त बाबा बैद्यनाथ के लिए सागर मैया का जल लेकर रवाना हुए। जलाभिषेक करने वाले कांवरियों, तखतपुर के बोल बम सेवा समिति के पुरुष व महिलाओं सहित सैकड़ों शिव भक्तों को जिला पंचायत सदस्य ममता धनंजय क्षत्री ने भगवा वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान कृष्णकुमार, गलीराम, दिनेश, राजेश, मुन्ना, अशोक, लखन बंटी, अरुण, दिलीप आदि ने स्वागत किया। साथ ही बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर के लिए रवाना किया। बता दें कि इस वर्ष रामायण, नरेन्द्र, गोपाल, गिरधारी, राम, बबलू, धनंजय, नैनलाल, अमरचंद, प्रखर, प्रतीक, वरुण, संदीप, सुनील, दिनेश, अविनाश, राजाराम, परमेश्वर, बलिराम, लखनू, सुरेश, बबलू, किशोर, प्रकाश, नरेश, वैसाखू, धनी, उमाशंकर, पवन, रवि, द्वारिका, लक्ष्मण, सोनू, श्याम, मनीष, छोटेलाल, मनोज, आकाश, आशीष, सोहन, गोलू, विनोद, मनोहर, सुधीर, रविकान्त, सतीश, सौरव, तीजराम, सरोज, परमेश्वर, मोनू, राजाराम, नीलेश अन्य शामिल है।

स्टेशन में सवारी बैठाने पर विवाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा के अशोक नगर में रहने वाली महिला ऑटो चालक के साथ दूसरी महिला ऑटो चालकों ने सवारी बिठाने के नाम पर मारपीट कर दी। उसलापुर स्टेशन में दोपहर 2 बजे ई रिक्शा चालक रानू साहू सवारी का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान शकुंतला पाटले, कलेश्वरी साहू और अन्य ने रंजिश के चलते उनसे धक्कामुक्की शुरू कर दी। रानू ने इसका विरोध किया, फिर भी वे नहीं मानी और गाली गलौज कर मारपीट करने लगीं। इसकी शिकायत सिविल लाइन पुलिस से हुई है। मामले में शकुंतला और कलेश्वरी साहू के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

ग्रामीणों ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा

बिलासपुर/नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दगोरी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन पंचायत भवन में किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी बिल्हा विनीता शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के विषय में जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर आईबीएस केवट, दिनेश सिंह ने आदर्श मतदान प्रक्रिया के बारे में बताया। इस अवसर पर सूरज प्रधान, चित्रकान्त सिंह, कविता भानु, दशरथ सम्राट, गंगा निर्मलकर, रामाधीन, रवि शंकर कौशिक, कुंती लहरे, शकुंतला लहरे, मांझी ध्रुव, प्रमोद सम्राट, फुलदास मानिकपुरी, मनीष आदि उपस्थित रहे।

सदस्यता सूची पर दावा आपत्ति 26 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। शीतला माता मछुवा सहकारी समिति कर्रा की सदस्यता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 26 जुलाई तक सोसाइटी कार्यालय या कार्यालय उप पंजीयक बिलासपुर में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में 27 जुलाई को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी संस्थायें बिलासपुर एवं मस्तुरी के कार्यालय और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मस्तुरी के सूचना पटल पर किया गया है।

अनियमितता बरतने पर लेखापाल सस्पेंड

बिलासपुर/नवप्रदेश। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोटा में पदस्थ लेखापाल राजेश कुमार प्रताप के द्वारा लगातार वित्तीय अनियमितता बरतने पर बीईओ कोटा के प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रताप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस आशय का आदेश जारी किया है। लेखापाल राजेश कुमार प्रताप को अनियमितताओं के संबंध में जवाब व स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे किन्तु उनके द्वारा स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करते हुए अपने कार्य व्यवहार में परिवर्तन नहीं किया । सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत लेखापाल के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई। लेखापाल श्री राजेश कुमार प्रताप का निलंबन कार्यकाल में मुख्यालय कार्यालय प्राचार्य शाउमाश शहीद नूतन, रतनपुर में निर्धारित किया गया है एवं उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

पट्टे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। पट्टे की मांग को लेकर शहीद मंगल पांडे वार्ड 59 के रहवासी रैली के साथ मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। यहां के लोगों का कहना है कि वे 50 साल से लगातार नगर निगम के सरकारी जमीन में घर बनाकर रोजी-मजदूरी करते हुए अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। यहां पर करीब 20 हजार जनसंख्या है। वे बेजा कब्जा नहीं किए हैं। वर्ष 1984 और 1996 में उन्हें पट्टा दिया गया था। सरकार ने घर के बदले घर नहीं दिया है यदि सरकार हमें घर के बदले घर देती है तो हमसे जो 81 लाख रुपए नगर निगम द्वारा लिया गया है, उसे वापस किया जाए। नगर निगम द्वारा दिए गए किसी भी दस्तावेज फार्म में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं है कि इस योजना के तहत उनका घर तोड़ा जाएगा। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा बिना सूचना दिए उनके वार्ड के 25 से 30 मकान को तोड़ दिया गया। नगर निगम के द्वारा तोड़े गए मकानों के लिए मुआवजा प्रदान किया जाए।

एडीएम से की लोगों ने फरियाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर एडीएम आर ए कुरुवंशी ने साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में राशन कार्ड, श्रम कार्ड, पेंशन, आवास सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर आवश्यक जांच के बाद निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

जनदर्शन में ब्लाक मस्तुरी के ग्राम पंचायत नवागांव के किसानों ने आवेदन देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल उपसंभाग सीपत के अंतर्गत हो रहे विद्युत कटौती के कारण खेतों में लगे पंप के माध्यम से पर्याप्त सिंचाई नहीं हो पा रही है। इस समस्या से कौड़िया, नवागांव, मुड़पार एवं दर्राभाठा के कई किसान प्रभावित हो रहे हैं। किसानों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिए कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। कोटा ब्लाक के ग्राम पंचायत भैंसाझार के आश्रित ग्राम बछालीखुर्द के किसानों ने बताया कि अरपा नदी पर वृहद परियोजना अरपा बैराज भैंसाझार से किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है। इसलिए किसानों ने उद्वहन सिंचाई निर्माण की मांग की। उनकी मांग पर आवश्यक कार्यवाही के लिए सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया। मस्तुरी ब्लाक के ग्राम पंचायत अमलडीह की सरपंच श्रीमती राजकुमारी चौहान ने बताया कि गांव के स्कूल में केवल एक ही शिक्षक है और 225 बच्चें हैं। शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने स्कूल के लिए शिक्षक दिलाने की मांग की। गांव डिंडोल के ग्रामीणों ने गांव में प्रधानमंत्री नल जल योजना का कार्य दस माह से अधिक समय से चल रहा है और अभी तक कार्य अधूरा है। अधूरे निर्माण कार्य से बरसात में ग्रामवासियों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इन समस्याओं को देखते हुए और पानी की समस्या को दूर करने के लिए शीघ्र कार्य पूर्ण कराने का आग्रह किया। इस पर कार्यवाही के लिए कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को निर्देश दिया गया। ग्राम सकरी के श्रीमती सारधा ने अरपा भैंसाझार परियोजना के मुख्य नहर निर्माण के लिए बिना सूचना के नहर निर्माण बनाये जाने की शिकायत करते हुए शीघ्र मुआवजा राशि दिलाने की मांग की। उनकी समस्या के निराकरण के लिए एसडीएम कोटा को निर्देशित किया गया।

श्री झूलेलाल सेवा समिति की नई कार्यकारिणी घोषित

बिलासपुर/नवप्रदेश। तिफरा स्थित श्री झूलेलाल मंगलम में श्रीझूलेलाल सेवा समिति की कार्यकारिणी की घोषणा एक कार्यक्रम में हुई। कार्यक्रम के दौरान श्री झूलेलाल सेवा समिति (श्रीझूलेलाल मंगलम) भवन के सदस्यों व पूज्य सिंधी वार्ड पंचायतों के अध्यक्षगणों द्वारा साईं झूलेलाल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात श्री झूलेलाल सेवा समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष हरीश भगवानी द्वारा अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें अध्यक्ष-हरीश भागवानी, महामंत्री-रूपचंद डोडवानी, कोषाध्यक्ष-जगदीश संतानी, संरक्षक-पी.एन बजाज, उमेश भावनानी, नंदलाल बजाज, मोतीलाल पमनानी, विष्णु मोटवानी, श्रीचंद दयालानी, कमल विधानी पुरन सिदारा, मुख्य सलाहकार अर्जुन दास तीर्थानी, देवीदास वाधवानी, प्रकाश ग्वालानी, डी.डी आहूजा, किशोर गेमनानी, मार्गदर्शक मंडल- नानकराम मखीजा, प्रभाकर मोटवानी, वी.के खत्री (सी.ए) नंदलाल चौधरी राजकुमार, खुशालानी, डी.डी बजाज, मुरली नेभानी, धनराज आहूजा, किशोर दयालानी शामिल हैं।

रेल परिचालन: सजग रहकर दुर्घटना को टालने वाले कर्मियों का सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीआर जोन में सुरक्षा व संरक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते हुए संभावित दुर्घटना को टालने वाले रेल कर्मियों का जीएम आलोक कुमार ने सम्मानित किया। नागपुर, रायपुर व बिलासपुर मंडल के कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने के साथ ही संभावित दुर्घटना को टालने पर महाप्रबंधक ने सराहना की। महाप्रबंधक आलोक कुमार ने मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान बिलासपुर रेल मंडल से मिथिलेश कुमार देवांगन लोको पायलट, जावेद अख्तर, सहायक लोको पायलट/ कोरबा मालगाड़ी में कार्यरत थे । जूनाडीह-गेवरा रोड के मध्य ट्रैक की अनियमितता की सूचना तत्काल ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर को दी गयी । मिथिलेश कुमार देवांगन, सहायक लोको पायलट जावेद अख्तर, सहायक लोको पायलट ने अपनी सतर्कता के चलते संभावित रेल हादसा टल गया था। बिलासपुर मंडल के पीके लक्षकार लोको पायलट, धीरेन्द्र प्रताप सिंह वरिष्ठ सहायक लोको पायलट व सत्येन्द्र कुमार ट्रेन मैनेजर को शहडोल में मालगाड़ी चलाने के दौरान बीरसिंहपुर व नौरोजाबाद के मध्य ट्रेन को कपलिंग कर सुरक्षित ट्रेन परिचालन करने पर पुरस्कृत किया गया। नागपुर रेल मंडल से सतीश विनोद रजक, ट्रैक मेंटनर-द्वितीय गेट संख्या 566 पर कार्य करते समय देखा की डाउन मालगाड़ी के हॉट एक्सल में गड़बड़ी नजर आने पर ट्रेन के ऑन ड्यूटी गार्ड, स्टेशन अधीक्षक को सूचना दी। रायपुर रेल मंडल से आरपी सिंह लोको पायलट अनिल कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहायक लोको पायलट ने मालगाड़ी चलाने के दौरान भाटापारा-हथबंध के बीच ट्रैक में परेशानी होने के बाद भी ट्रेन का संरक्षित परिचालन व ट्रैक में परेशानी की जानकारी ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर को दी थी।

वार्ड 36 में लोक साहित्य, खेल, सुवा नाचा

बिलासपुर/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 36 बसंत भाई पटेल नगर कतियापारा के उर्दू चौक में राजीव युवा मितान क्लब 01, के तत्वाधान में आयोजित छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य, पारंपरिक खेल, सुवा नृत्य, अनेक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंद शुक्ला। राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी राजीव युवा मितान क्लब बनाने की मंशा यही है की हमारे आने वाली पीढ़ी छत्तीसगढ़ी लोक, साहित्य, परंपरा, खेल, संगीत की महत्व को बारीकी से समझे और इसे अपने जीवन में आत्मसात करे। गांव व शहर के पारा मोहल्ला टोला में मध्यम परिवार के बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का सही माध्यम नहीं मिलता था।

एनपीएस के खिलाफ एवं एओपीएस की बहाली को लेकर किया प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे मजदूर कांग्रेस ने नेशनल पेंशन स्कीम के विरोध में और ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली को लेकर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन किया। रेलवे मजदूर कांग्रेस के प्रवक्ता एम डब्लू इस्लाम बताते हैं कि एनसी/जेसीएम के आवाहन पर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रैलवेमेन्स के बैनर तले 10 अगस्त को नई दिल्ली में सम्पूर्ण भारत के कर्मचारी संगठन एक मंच पर आकर संसद भवन का घेराव करने की तैयारी कर रहे हैं।मंगलवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तीनों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बिलासपुर में 500 से अधिक एनपीएस रेल कर्मचारियों ने उपस्थित होकर पुरानी पेंशन स्कीम

(एओपीएस) की बहाली की मांग की है। इस दौरान रेलवे मजदूर कांग्रेस के सदस्यों द्वारा 'जो एओपीएस लाएगा वोट वही पाएगा' के नारे लगाए गए। इस अवसर पर मजदूर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम बी. कृष्णकुमार मण्डल समन्वयक मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय पदाधिकारी, दिलीप कुमार स्वाई, विजय अग्निहोत्री राजकुमार सांडे, लक्ष्मण राव एवं शाखा सचिव गौरी शंकर आईच. डी. डी. महेश एम. डब्लू इस्लाम लोकनाथ पटेल, राजेश सोनवार, जे. पी. यादव संजय कुमार श्रीवास्तव जावेद खान रामदास राठौर, राजेश खोब्रागढ़े, पप्पु कुमार सिंह एवं अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

रोटरी रॉयल के अध्यक्ष मनीष और सचिव नायडू ने किया शपथ ग्रहण

बिलासपुर/नवप्रदेश। रोटरी रॉयल बिलासपुर का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। सत्र 2023-24 के अध्यक्ष का कार्यभार रॉयल रोटेरियन मनीष गुप्ता ने ग्रहण किया। सचिव का कार्यभार पी भास्कर नायडू ने संभाला। कोषाध्यक्ष के रूप में विपुल गोलछा ने कार्यभार ग्रहण किया। मुख्य अतिथि डॉ. विवेक जोगलेकर ने कहा कि रोटेरियन सदैव सेवा को स्वयं से ऊपर रखते हैं। सेवा का कोई भी क्षेत्र हो वह रोटरी से अछूता नहीं है। चाहे साक्षरता हो, सेनिटेशन, पोलियो उन्मूलन, कोविड जैसी महामारी में लोगों का सहयोग, स्वास्थ्य, यातायात के लिए जमीनी स्तर का कार्य हो या जागरूकता अभियान रोटरी ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी दिशा में रोटरी रॉयल के युवा ऊर्जावान सदस्यों ने पूर्ण उत्साह से अपनी छाप छोड़ी है। नई टीम इन सेवा कार्यों को और गति प्रदान करेगी। सचिव नायडू ने आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव पवन नटोलिया, रोटरी यूनाइटेड के अध्यक्ष प्रकाश माहेश्वरी, रोटरी क्वींस की अध्यक्ष आंचल अगीचा, रोटरी रॉयल से अमित पाल सिंह टुटेजा, मुकेश साहू, मनप्रीत छाबड़ा, प्रदीप पुरी, सतविंदर सिंह अरोरा, संदीप वर्मा, बी सतीश, आतिश अग्रवाल, डॉ. गौरव प्रजापति, सागर बंजारे, सौरभ वैष्णव, वसुंधरा मौजूद रहे। इन्हें किया गया सम्मानित रोटरी रॉयल ने समाजसेवियों व प्रतिभाओं के सम्मान के लिए रोटरी रॉयल रत्न सम्मान का आरंभ किया है। इस सम्मान से विजडम ट्री फाउंडेशन की डॉ. पलक जायसवाल, राम रसोई के लिए राजीव अग्रवाल, फार्मर्स प्राइड की फाउंडर डायरेक्टर श्रद्धा यमकार, चंचल सलूजा को रोटरी रॉयल रत्न के सम्मान से सम्मानित किया गया। 10 नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। संचालन सुनील कुमार राकेश ने किया। रोटरी रॉयल सही दिशा में आगे बढ़ रहा है- डॉ. शर्मा अध्यक्ष पूर्व प्रांतपाल रोटेरियन डॉ. आरए शर्मा ने रोटरी के इतिहास के आज तक के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि रोटरी रॉयल सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय मजदूर संघ ने स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य कार्यक्रम जिले के भारतीय मजदूर संघ ने राज्य कर्मचारी संघ कार्यालय में उत्साह पूर्वक मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता के रूप में भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष और महामंत्री रह चुके और श्रम कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष श्रीनारायण तिवारी ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ सिर्फ वेतन भत्तों के लिए लड़ने वाला संगठन नहीं है। बल्कि श्रमिक वर्ग में राष्ट्रीय चेतना का विकास करते हुए देश हित, उद्योग हित और फिर श्रमिक हित में समन्वय स्थापित कर चलने वाला संगठन है। यहां पद नहीं दायित्व दिया जाता है और सभी कार्यकर्ता एक परिवार के रूप में मिल जुल कर कार्य करते हैं। स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश तिवारी ने कहा कि आप लोगों की समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ सजग है। आगे भी लोगों के सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम वेतन, पेंशन आदि मांगों को लेकर राज्य और केंद्र सरकारों से संघर्ष जारी रखेगी।

सर्व यादव समाज ने मनाया सावन उत्सव

बिलासपुर/नवप्रदेश। सर्व यादव महिला समाज सेंदरी बिलासपुर द्वारा सावन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सावन उत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ हमारे इष्टदेव श्री राधाकृष्ण जी की पूजा अर्चना से किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विनीता रामशरण यादव थी। अध्यक्षता सुनीता यादव प्रदेश संरक्षक सर्व यादव समाज ने की। विशिष्ट अतिथि मीनू सुमंत यादव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर एवं सुनीता यादव प्रधान पाठिका राजपुर तखतपुर, हर्षलता यादव प्रदेश उपाध्यक्ष सर्व यादव समाज बिलासपुर, अंजू यादव, मंजू यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बासन बाई यादव एवं उनके साथियों द्वारा भजन कीर्तन का सुंदर कार्यक्रम किया गया। शिवानी यादव, मानसी यादव प्रज्ञा यादव, श्वेता यादव सेंदरी द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में नींबू दौड़, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में सावन सुंदरी का विजेता का खिताब सीमा राहुल यादव कछार और उपविजेता रुकमणी यादव रामतला को दिया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रतिवर्ष इस प्रकार के आयोजन कराते रहने का बात कही गई । कार्यक्रम में आयोजनकर्ता शिवकुमारी यादव सेंदरी एवं सतरूपा, सरिता, पिंकी, दुर्गा, ललिता, मानकुमार, दुर्गा, अनीता, राही, सत्यवती, शिवकुमारी, रश्मि, मीना यादव सविता, सरोज, ललिता, हेलिया, सुमन, दुलौरिन, शीला, सविता, ललिता, जाना, राम, सरस्वती, गुड़िया, सत्यवती, उषा सतरूपा, मान कुमार, बबीता सरस्वती, संतोषी सहित यादव समाज की महिलाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

शिव महापुराण कथा सुनने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

बिलासपुर/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज मैदान में मंगलवार से शिव महापुराण कथा शुरू हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान करने पहुंचे। कथा शाम 4 बजे शुरु करते हुए कथावाचक चिन्मयानंद बापू ने शिव परिवार की महिमा बताते हुए स्वयं के परिवार को एकजुट रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का परिवार संपूर्ण विश्व के लिए एक आदर्श परिवार का संकेत देता है।

शिव परिवार में प्रत्येक पात्र एक-दूसरे के विपरीत होने के बाद भी एक-दूसरे में प्रेम और संगठित होकर रहते हैं। जहां भगवान शिव का वाहन नंदी है, वहीं माता पार्वती का वाहन सिंह है। लेकिन फिर भी दोनों में परस्पर प्रेम है। बापू ने कहा कि आज समाज में हम देख रहे हैं कितने लोग व्यस्त हो गए हैं कि पैसों के चक्कर में अपने-अपने परिवारों का ध्यान भूल गए और परिवारों में बिखराव की स्थिति आ गई है। बापू ने कहा कि शिव परिवार का प्रत्येक सदस्य गणेश, कार्तिकेय, पार्वती या भोलेनाथ हो अथवा भगवान शिव के गले का सर्प ही क्यों ना हो। उन्होंने कहा कि कथा सुनना हमारा तभी सफल होगा जब हमारे घर का प्रत्येक पात्र पूजनीय हो। कथा में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, पूर्व मेयर किशोर राय, इंद्रपाल सिंह भाटिया, प्रिंस भाटिया, चंद्रभूड़ त्रिपाठी, मनोज तिवारी, स्वप्निल शुक्ला, अभिनव तिवारी, कन्हैया सिंह ठाकुर, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

गौरेला वन और आदिवासी बाहुल्य जिला, औषधियों की कमी नहीं: साय

■ स्थानीय वैद्यों की पहचान कर औषधीय जड़ी-बूटियों को संरक्षित करने बनाए कार्य योजना

गौरेला/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ नंद कुमार साय ने कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने औद्योगिक विकास के तहत छत्तीसगढ़ औषधीय पादप बोर्ड से समन्वय कर वनौषधि पार्क बनाने और स्थानीय वैद्यों की पहचान कर औषधीय जड़ी-बूटियों को संरक्षित करने के लिए कार्य योजना बनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में मरवाही विधायक डॉ केके ध्रुव, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य अर्चना पोर्ते, कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया, वन मंडलाधिकारी सत्यदेव शर्मा, एसडीएम पेंड्रारोड पुष्पेंद्र शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ साय ने कहा कि जीपीएम जिला वन और आदिवासी बाहुल्य जिला है, यहां वनौषधि जड़ी-बूटियों की कमी नहीं है। उन्होंने औद्योगिक विकास के तहत वनौषधि पार्क भी प्रस्तावित करने कहा। डॉ साय ने औषधीय जड़ी-बूटियों के गुणों के बारे में अपने स्वयं के अनुभव भी साझा किए। उन्होंने हड्डी जोड़, जहरीले सांप बिच्छु का विष उतारनें, पीलिया खत्म करने आदि के बारे में बताते हुए कहा कि जड़ी बूटियों के जानकार वैद्यों कि पहचान करें और वनौषधि पार्क बनाने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अश्वगंधा, गिलोय आदि वनौषधीयों का प्रभाव काफी कारगर है। वनौषधियों के उपयोग से किसी तरह का दुष्प्रभाव भी नहीं होता है।

बैठक में कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया ने डॉ साय के निर्देशानुसार औषधीय पार्क विकासित करने उन्हें आश्वस्थ किया। उन्होंने बताया कि जिले में लेमन ग्रास की खेती के साथ ही औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए मरवाही विकासखंड के ग्राम पथर्रा, सेखवा एवं मड़ई के 10 महिला स्व सहायता समूहों को प्रशिक्षण दिया गया है। औषधीय पौधों की खेती के लिए कोंवची क्षेत्र में भी कार्य योजना प्रस्तावित है। बैठक में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र टीआर कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पहले जिले में 31 अक्टूबर 2000 तक 749 सूक्ष्म, लघु उद्योग पंजीकृत थे, जिसमें 94.82 लाख का निवेश एवं 1508 व्यक्ति रोजगार में नियोजित थे। राज्य गठन 1 नंवबर 2000 से 31 मार्च 2020 तक 380 पंजीकृत सूक्ष्म, लघु उद्योग जिसमें निवेश राशि 36 करोड़ 66 लाख 69 हजार और 1833 लोग उद्योगों में नियोजित है। 1 अप्रैल 2020 से 28 अप्रैल 2023 तक 21 उद्योग उत्पादन प्रमाण पत्र प्राप्त हैं, जिसमें 18 करोड़ 39 लाख 20 हजार पूंजी निवेश एवं 196 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

गौरेला में छात्राओं को साइकिल वितरण

गौरेला/नवप्रदेश। नगर गौरेला के हृदय स्थल में स्थित शासकीय हाई स्कूल गौरेला में आज सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत 50 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई।

विद्यालय में आगंतुक अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

सरस्वती पूजा अर्चना के उपरांत छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संध्या राव पार्षद ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है दूरदराज की छात्राओं को शिक्षा हेतु बहुत मदद मिलती है। ठाकुर घनश्याम सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष शासन द्वारा सायकल वितरित की जाती है जिसका फायदा ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को मिलता है।

प्रतिभा जैन ने कहा कि सायकल का उपयोग केवल बच्चियां ही करें उनके पालक इसका उपयोग न करें। हाई स्कूल गौरेला की प्राचार्य एल प्रकाश ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नमिता सोनी शिक्षिका ने किया। इस अवसर पर संध्या राव पार्षद, ठाकुर घनश्याम सिंह एल्डरमेन एवं अध्यक्ष शाला विकास समिति गौरेला, प्रतिभा जैन विधायक प्रतिनिधि, विनोद अग्रवाल समाजसेवी, प्रकाश प्राचार्य, सुरेश चंद्र दुबे, ज्योति पांडेय, लहरे सर,क्षत्री सर उपस्थित थे।

शराब की अवैध तस्करी, तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान तीन आरोपियों के कब्जे से कुल 105 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद होने पर आबकारी अधिनियम की कार्यवाही कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर किया है गौरतलब है कि कांकेर पुलिस को सूचना मिली थी कि नवागांव से मनकेशरी जाने वाले रोड में एक्टिवा स्कूटी से अवैध शराब परिवहन विक्रय जा रहा है कांकेर पुलिस द्वारा उक्त सूचना के आधार पर रोड पर मोबाइल चेक पोस्ट लगा कर लगाकर आने जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी तभी नवागांव की ओर से एक्टिवा स्कूटी क्रमांक CG 19 BP 9708 को रोक कर तलाशी लिया गया स्कूटी सवार आरोपी संजय सुखदेवे पिता लखन सुखदेवे उम्र 38 वर्ष साकिन एम. जी. वार्ड कांकेर के कब्जे से एक हरे रंग की जरकिन में भरा हुआ 35 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद होने पर आरोपी को गिरफ्तार किया इसी दौरान एक अन्य एक्टिवा स्कूटी CG 05 W 1426 की तलाशी लेने पर स्कूटी सवार आरोपी निखिल यादव पिता देवा यादव उम्र 23 वर्ष निवासी भण्डारीपारा कांकेर एवं राकेश यादव पिता रामसिंग यादव उम्र 35 वर्ष निवासी भण्डारीपारा कांकेर से प्लास्टिक जरकिनों में भरा हुआ अवैध महुआ शराब कुल 70 लीटर बरामद हुआ आरोपियो के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपी गणों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है आरोपियों के कब्जे से शराब परिवहन में उपयोग दो एक्टिवा वाहन को भी जप्त किया गया है।

आईजी सरगुजा रेंज ने अन्तर्राजीय चेकपोस्ट का किया निरीक्षण

■ जिला बलरामपुर के थाना रघुनाथनगर अंतर्गत चौकी बलंगी स्तिथ तुगवा बॉर्डर एवं सूरजपुर के नवाटोला का किया निरीक्षण

बलरामपुर-सूरजपुर/नवप्रदेश। मंगलवार, 25 जुलाई 2023 को पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला के द्वारा छत्तीसगढ़ के जिला बलरामपुर एवं सूरजपुर से लगे अन्तराज्जीय मध्यप्रदेश बॉर्डर के चेकपोस्ट का जायजा लेने पहुंचे। जिला बलरामपुर के थाना रघुनाथनगर अंतर्गत चौकी बलंगी स्तिथ तुगवां बॉर्डर एवं जिला सूरजपुर के नवाटोला बॉर्डर का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान आईजी सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग के साथ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला भी मौजूद रहे। चेकपोस्ट पर स्थापित सीसीटीव्ही कैमरा का जायजा लिया, तैनात अधिकारी व जवानों का हौसला अफ्जाई करते हुए उन्हें सजगता के साथ अवैध गांजा व शराब सहित अवैध गतिविधियों-कार्यो के विरूद्ध सख्ती से कार्य करने एवं आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के निर्देश दिए।

चौकी वाड्रफनगर एवं थाना चांदनी का औचक निरीक्षण

आईजी सरगुजा रेंज श्री राम गोपाल गर्ग द्वारा रेंज की पुलिसिंग में कसावट लाने एवं मैदानी क्षेत्र के थानों का जायजा लेने अचानक पहुंचे जिला बलरामपुर के थाना बसंतपुर अंतर्गत चौकी वाड्रफनगर एवं सूरजपुर के थाना चांदनी। थाना पहुंचते ही उन्होंने थाना/चौकी परिसर का विधिवत निरीक्षण किए। थाना/चौकी में संधारित विभिन्न पंजियों जैसे तैनाती रजिस्टर, जरायम पंजी, दैनिक डायरी, बंदी-गृह मालखाना,शत्रागार के साथ-साथ सीसीटीएनएस कक्ष का अवलोकन किया। औचक निरिक्षण के दौरान आईजी द्वारा थाना प्रभारी सहित समस्त स्टॉफ को निर्देशित किया गया की ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो निरंतर गस्त व पेट्रोलिंग करने के साथ-साथ थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत असमाजिक तत्वों जैसे गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश जैसे संदिग्धो पर सतत निगरानी बनाए रखने हेतु सक्त निर्देश दिए। लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निकाल करने एवं समंस-वारंट की तामिली समय-सीमा में करने निर्देश दिए। आईजी द्वारा निर्देशित किया गया कि गंभीर अपराध, गुम बालक-बालिकाओ, चिटफंड जैसे मामलों में थाना/चौकी प्रभारी स्वयं विवेचना करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान जिला बलरामपुर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी वाड्रफनगर अभिषेक झा सहित थाना/चौकी प्रभारी एवं सूरजपुर के संबंधित थाना/चौकी प्रभारी सहित पुलिस स्टॉफ मौजूद रहें।

चेकपोस्ट पर बरते कड़ी चौकसी

पुलिस के कार्यो व सक्रियता को परखने, अंतर्राज्जीय सीमा पर बने चेक पोस्ट पर जवानों की सक्रियता का जायजा लेने पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर चांदनी थाना क्षेत्र अन्तर्गत छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के सीमा पर चौकी बलंगी स्थित तुगवां बॉर्डर एवं जिला सूरजपुर के चांदनी नवाटोला चेकपोस्ट का जायजा लिया। चेकपोस्ट पर कड़ी चौकसी के लिए लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरा का अवलोकन कर फुटेज रिकार्डिंग क्षमता को जाना और बेहतर रख-रखाव के निर्देश दिए। तैनात अधिकारी व जवानों को कहा कि आपकी निगाह से अवैध शराब व गांजा की तस्करी करने वाले बचने नहीं चाहिए, अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखे, संदिग्ध वाहनों की कड़ी जांच की जाए एवं किसी भी परिस्थिति में धान का अवैध परिवहन न होने पाए। इस दौरान दोनों जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 31 तक खेल स्पर्धा

कांकेर/नवप्रदेश। हरेली तिहार के दिन शुरू हुए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दूसरे चरण जोन स्तर की शुरूआत हो गई है, जो 31 जुलाई तक चलेगा। पहले चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 17 से 22 जुलाई तक आयोजित की गई थी।

दूसरे चरण में जोन स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलंपिक प्रतियोगिता में 08 राजीव युवा मितान क्लब क्षेत्रों का एक जोन बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जोन बनाने का दायित्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को एवं शहरी क्षेत्रों में नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा नामांकित अधिकारी को दिया गया है। मुकाबला नॉक आऊट पद्धति से राजीव युवा मितान क्लब के विजेता प्रतिभागी एवं दलों के मध्य होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी दल आयु एवं वर्गवार, विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता एवं शहरी क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी दल आयु एवं वर्गवार नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

राजीव युवा मितान क्लब स्तर एवं जोन स्तर के समापन के बाद तीसरे चरण विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर 07 से 21 अगस्त तक आयोजित की जायेगी। चौथा चरण जिला स्तर पर 25 अगस्त से 04 सितंबर तक तथा पांचवा चरण संभाग स्तर पर 10 से 20 सितंबर तक और अंतिम में राज्य स्तर पर 25 से 27 सितंबर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्सा-कसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से शुरू की गई छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को अभूतपूर्व लोकप्रियता मिली। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों ने इस ओलंपिक में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस वर्ष चल रही छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में भाग लेने के लिए लोगों में भारी उत्साह है।

गर्ल्स कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर लगाए गए पौधे

नारायणपुर/नवप्रदेश। शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय की नई राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के साथ पिरामल फाउंडेशन के जिला फेलो गुलज़ार अहमद ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वसुधा का संवर्धन वीरों का अभिनंदन - आजादी के स्वतंत्रता सेनानी विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रोशन सिंह आसवाल, द्वितीय कमान 45वी आइटीबीपी जेलबाड़ी कैंप नारायणपुर एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप कुमार, उपसेनानी, दीपक शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठक प्रो. बी.डी. चांडक ने किया एवं उन्होंने कहा कि कारगिल के युद्ध में न जाने कितने ही वीर सैनिक अपने देश के लिए सीमा पर शहीद हो गए थे उनकी शहादत के बदौलत ही कारगिल में भारत को जीत मिली।

गुलज़ार अहमद ने कहा कि व्यक्ति देश के विकास मे जैसे शिक्षा, स्वास्थ और पर्यावरण जैसे क्षेत्रो मेंयोगदान देता है वह भी वीर सैनिक की भूमिका निभाता है। कारगिल युद्ध शहीदों की याद में 26 जुलाई को प्रतिवर्ष कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सीमा पर सुरक्षा करने वाले सैनिक ही नहीं होते हैं बल्कि पर्यावरण एवं देश के विषय में सोचते हैं और करते हैं वह भी एक सैनिक होते हैं।

सशस्त्र सीमा बल ने कारगिल विजय दिवस पर किया पौधारोपण

■ गांव में सोलर लाइट घरेलू सामग्री का वितरण

कांकेर/अंतागढ़/नवप्रदेश। बुधवार को 28वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में सामुदायिक कल्याण कार्यक्रम व वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सीओबी अंतागढ़ के अंतर्गत कोंदागाँव, गावडे खासगॉव, कुचचें, कोकापारा के सामुदायिक केन्द्रों को आवश्यक घरेलू सामग्री डेगची कड़ाई गिलास, कूड़ादान दरी व युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए वालीबाल फूटबाल व गाँव के लिए बिजली की सुविधा के लिए सोलर लाइट इत्यादि का वितरण किया गया तथा गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार कोंदागाँव के सरपंच अनित ऊईके तथा वार्ड पंच के साथ ग्राम पंचायत कोंदागाँव में बृहद वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कार्यवाहक कमांडेंट बाँके बिहारी ने उपस्थित गाँव वासियों को संबोधित करते हुए बताया की एसएसबी अपने ध्येह वाक्य सेवा सुरक्षा और बंधुत्व का पालन करते हुए रावघाट रेलवे प्रोजेक्ट की सुरक्षा के साथ साथ अपने कार्यक्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न सामुदायिक कल्याण कार्यक्रम, नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन करती रहती है। अभी तक इन कार्यक्रमों के अंतर्गत उपयोगी जरूरत के सामानों के वितरण के अलावा विभिन्न प्रकार के स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है ताकि लोगों को रोजगार मिल सके और वे आत्मनिर्भर बने तथा सभी ग्रामीणों को अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

पीएम मोदी ने कन्वेंशन ...

सम्मेलन केंद्र के 'लेवल-3' पर 7,000 लोगों के बैठने की क्षमता है, जो इसे ऑस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक सिडनी ओपेरा हाउस से अधिक बड़ा बनाता है, जहां तकरीबन 5,500 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

ईडी चीफ का ...

उन्हें 31 जुलाई तक हालांकि अपने पद पर बने रहने की मोहलत दी गयी थी। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि व्यापक सार्वजनिक हित के मद्देनजर 31 जुलाई 2023 तक उन्हें (संजय कुमार मिश्र) वर्तमान पद पर बने रहने की अनुमति दी जाती है। यानी सरकार को इस पद पर किसी अन्य अधिकारी की नियुक्ति करने के लिए करीब 20 दिनों की अवधि की मोहलत दे दी थी। पीठ ने हालांकि, केंद्र सरकार के केंद्रीय सतर्कता आयोग (संशोधन) अधिनियम 2021 और दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (संशोधन) अधिनियम 2021 की वैधता को दी गई चुनौती को खारिज कर दिया था। इन दोनों संशोधित अधिनियमों में केंद्रीय जांच एजेंसियों - केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक के पद का कार्यकाल 5 वर्षों तक विस्तार की अनुमति दी गई है। शीर्ष अदालत के इस फैसले से साफ हो गया था कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी प्रमुख के पद के अधिकारी का सेवा विस्तार अधिकतम पांच वर्षो तक करना कानून सम्मत है। पीठ ने साथ ही यह भी स्पष्ट किया था कि एक अधिनियम द्वारा परमादेश को रद्द करना अस्वीकार्य विधायी अभ्यास होगा।

भारत भी रूस जैसा ...

का मिसाइल सिस्टम एमआरएसएएम बना चुका है, जिसकी रेंज 70 किलोमीटर है। अब इसके बाद लॉन्ग रेंज एयर डिफेंस सिस्टम एलआरएसएएम को डेवलप करने की तैयारी है।

छत्तीसगढ़ कोल ब्लॉक ...

जिस कोल ब्लॉक की इस घोटाले में बात हो रही है वो कोरबा और रायगढ़ जिले में स्थित मांड-रायगढ़ कोयला क्षेत्र का हिस्सा है।

मणिपुर वायरल वीडियो ...

इससे पहले भारत में मौजूद अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा था कि ये भारत का आंतरिक मामला है। वो जहां भी ऐसी हिंसक घटनाएं देखते हैं तो उन्हें दुख पहुंचता है। इससे पहले 6 जुलाई को भी अमेरिका ने भी मणिपुर की हिंसा पर चिंता जाहिर की थी।

प्रदर्शनकारियों पर ...

प्रदर्शनकारी बिजली दफ्तर का घेराव करने पहुंचे। प्राणपुर के बस्तौल चौक और बारसोई प्रखंड मुख्यालय का मेन रोड जाम करके लोगों ने प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस पहुंची, लेकिन आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पहले लाठीचार्ज की। उग्र भीड़ फिर भी नहीं मानी तब पुलिस ने गोली चलाई।

ज्ञानवापी के एएसआई...

अभी भी एक दिन पूजा होती है। मस्जिद हमेशा विवादित रही है। विष्णु शंकर जैन ने कहा- हमारे अधिकारों का लगातार हनन किया गया। मुकदमा दायर करने वाली महिलाएं अंदर मौजूद देवी (श्रृंगार गौरी) की भक्त थीं। अब उन्हें केवल चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन मस्जिद के बाहर से प्रार्थना करने का मौका मिलता है। जैन ने कहा- औरंगजेब ने मंदिर का हिस्सा तोड़ा, पूजा होती रही। ईशान कोण में श्रृंगार गौरी की पूजा होती है। आदि विश्वेश्वर मंदिर है। विपक्षी क्या ये कह सकते हैं कि औरंगज़ेब ने मंदिर नहीं तोड़ा। कमीशन किसी भी स्टेज पर जारी हो सकता है। दीवार, खंभों पर मिले धार्मिक निशान का पता लगाया जाना जरूरी है कि क्या वे मंदिर का हिस्सा हैं। सरकार आदेशों का पालन करने के लिए फॉर्मल पार्टी है।

नए वोटर्स ने लगा ...

18 साल के युवाओं को मतदान का अधिकार दिया था। राजनीति में युवाओं को अधिक अवसर मिलना चाहिए। युवाओं को अच्छी सरकार चाहिए। युवाओं के लिए अच्छी शिक्षा, अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। युवाओं के बीच स्वामी आत्मानंद स्कूल और कॉलेज की चर्चा है। सरकार अच्छी होती है तो व्यवस्थाएं अच्छी होती है। कांग्रेस भारी बहुमत से जीती तो उसमें युवाओं का बड़ा योगदान रहा। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने युवाओं को भरपूर मौका मिला। देवेंद्र यादव छत्तीसगढ़ के सबसे युवा विधायक हैं।

कोई भी काम खुशी से करो तो थकान नहीं होगी : वहीं, छात्रा देविका ने पूछा कि, सीएम काका आप 18 घंटा काम करते हैं इतनी ऊर्जा कहां से आती है। इसके जवाब में सीएम ने कहा, आप जब छोटे थे तब आप पढ़ाई के लिए जिद करते थे। किताब कॉपी ड्रेस के लिए जिद करती थी। आपकी जिद के लिए पापा मम्मी बेमन से भी बाजार जाकर आपके लिए समान लाते हैं। आप जिद करके जब कुछ मांगती हो तो पापा-मम्मी बाजार से अपने मन से लाकर देते हैं तो आपको खुशी होगी। इसलिए जो भी मन से करोगे कोई भी काम हो तो खुशी से करो तो 18 घंटा मेहनत करने पर भी थकान नहीं होगी।

कार्यालय, जिला आबकारी अधिकारी, बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

फोन नं./07831-273110 कलेक्टोरेट बलरामपुर | Email:balrampurexcise@gmail.com
क्रं./CSMCL/2023/1209 | बलरामपुर, दिनांक 24/07/2023

पुर्न निविदा सूचना

छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा जिले में संचालित 05 विदेशी मदिरा दुकानों में अनुज्ञप्ति वर्ष 2023-24 अर्थात् 01.04.2023 से 31.03.2024 की अवधि में संग्रहित मदिरा के खाली कार्टन पुट्ठों का विक्रय किया जाना है। खाली कार्ट्न पुट्ठों के प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय हेतु निर्धारित नियम शर्तों के अधीन इच्छुक क्रयकर्ताओं/निविदाकारों से बन्द लिफाफे में निविदा दिनांक 10.07.2023 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की गई थी। परन्तु कोई भी निविदा फार्म प्राप्त नहीं होने से निविदा प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सका। निविदा प्रस्तुत करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप, शर्तें एवं जिले की मदिरा दुकानों की सूची निविदा सूचना प्रकाशन के उपरांत कार्यालयीन समय में दिनांक 07.08.2023 तक जिला आबकारी कार्यालय से रुपये 500/- नगद शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। खाली कार्ट्न पुट्ठों के प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय हेतु निर्धारित शर्तों के अधीन इच्छुक क्रयकर्ताओं/निविदादाताओं से बन्द लिफाफे में निविदा दिनांक 07.08.2023 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. कलेक्टोरेट बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) में आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदा को दिनांक 07.08.2023 को अपरान्ह 04:00 बजे खोला जावेगा। निविदा के नियम/शर्तों तथा जिले की मदिरा दुकानों की संपूर्ण जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रकाशन के पश्चात् कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जी-03646/4

जिला आबकारी अधिकारी
बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मुंगेली

संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

क्रमांक/1057/ निविदा/ग्रायांसेवा/2023-24 | मुंगेली, दिनांक 24/07/23

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) द वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित निर्माण कार्य हेतु मुख्य अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021 एवं जो प्रावधान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के दर अनुसूची में नहीं है, उन प्रावधानों के लिए प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. द्वारा भवन निर्माण हेतु दिनांक 01.01.2015 को जारी दर अनुसूची मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर आनलाईन (Online) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 02.08.2023 तक आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

आनलाईन निविदा क्रं.	निविदा सूचना आमंत्रण क्रमांक	कार्य का नाम एवं स्थान	ठेके की अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	2	3	4
142540	11/2023-24	ग्रुप क्रं. 01 विकासखण्ड लोरमी अंतर्गत विभिन्न प्रा./मा./हाई. स्कूल/हा.से.स्कूल में परिर्वतन/परिवर्धन/उन्नयन कार्य	36.04
142542		ग्रुप क्रं. 02 विकासखण्ड लोरमी अंतर्गत विभिन्न प्रा./मा./हाई. स्कूल/हा.से.स्कूल में परिर्वतन/परिवर्धन/उन्नयन कार्य	33.29
142543		ग्रुप क्रं. 03 विकासखण्ड लोरमी अंतर्गत विभिन्न प्रा./मा./हाई. स्कूल/हा.से.स्कूल में परिर्वतन/परिवर्धन/उन्नयन कार्य	30.74
142544		ग्रुप क्रं. 04 विकासखण्ड लोरमी अंतर्गत विभिन्न प्रा./मा./हाई. स्कूल/हा.से.स्कूल में परिर्वतन/परिवर्धन/उन्नयन कार्य	33.62
142545		ग्रुप क्रं. 06 विकासखण्ड लोरमी अंतर्गत विभिन्न प्रा./मा./हाई. स्कूल/हा.से.स्कूल में परिर्वतन/परिवर्धन/उन्नयन कार्य	31.88
142546		ग्रुप क्रं. 07 विकासखण्ड लोरमी अंतर्गत विभिन्न प्रा./मा./हाई. स्कूल/हा.से.स्कूल में परिर्वतन/परिवर्धन/उन्नयन कार्य	28.77
142547	12/2023.24	ग्रुप क्रं. 01 विकासखण्ड पथरिया अंतर्गत विभिन्न प्रा./मा./हाई. स्कूल/हा.से.स्कूल में परिर्वतन/परिवर्धन/उन्नयन कार्य	29.25
142548		ग्रुप क्रं. 02 विकासखण्ड पथरिया अंतर्गत विभिन्न प्रा./मा./हाई. स्कूल/हा.से.स्कूल में परिर्वतन/परिवर्धन/उन्नयन कार्य	29.88
142549		ग्रुप क्रं. 03 विकासखण्ड पथरिया अंतर्गत विभिन्न प्रा./मा./हाई. स्कूल/हा.से.स्कूल में परिर्वतन/परिवर्धन/उन्नयन कार्य	22.21
142550		ग्रुप क्रं. 04 विकासखण्ड पथरिया अंतर्गत विभिन्न प्रा./मा./हाई. स्कूल/हा.से.स्कूल में परिर्वतन/परिवर्धन/उन्नयन कार्य	26.42

2. निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 24.07.2023 से देखी जा सकती है।

जी-03653/4

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मुंगेली

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

आयुर्वेद औषधालय में मूलभूत सुविधाएं नहीं, भवन भी जर्जर

■ औषधालय आने वाले मरीजों को होती है परेशानी

■ औषधालय परिसर में बारिश का पानी रूकने से जम जाता है पूरे परिसर में काई

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में आयुर्वेद औषधालयों का हाल किस कदर बेहाल है इसकी बानगी देखनी हो तो कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं बल्कि जिला मुख्यालय से केवल 5 किमी दूर कुम्हाररास के आयुर्वेद अस्पताल में जाकर देखा जा सकता है। यहां स्थित औषधालय काफी पुराना होने से पूरा भवन जर्जर हो चुका है। औषधालय का नवीनीकरण हेतु कई बार कहा जा चुका है मगर आज तक आयुष विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा जिसके चलते कुम्हाररास आयुर्वेद औषधालय की स्थिति दिन प्रतिदिन और भी ज्यादा बदहाल होती जा रहा है।

आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर कुम्हाररास की बिल्डिंग 1986 की बनी हुई है करीब 4 दशक पहले बनी भवन में आज भी औषधालय संचालित हो रहा है। आलम यह कि वर्षों पुराने भवन होने से यहां कि खिड़की दरवाजे खराब होकर टूटने उखड़ने लगे हैं। वायरिंग भी पुरानी हो चुकी है कई जगह से वायरिंग कट जाने से बारिश में करेंट लगने का खतरा हमेशा बना रहता है। औषधालय की सबसे बड़ी समस्या यह कि यहां शौचालय तो है मगर बहुत ही पुराना व जर्जर हो चुका है शौचालय के अंदर काई व गंदगी जमी होने से शौचालय उपयोग लायक नहीं है। औषधालय के आंगन परिसर में पानी की निकासी नहीं होने से बारिश का पानी रूक जाता है पानी के रूकने से पूरे परिसर में काई जम जाता है जिससे हमेशा मरीजों एवं औषधालय में कार्यरत स्टाफ के फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। बीते साल औषधालय में पदस्थ महिला डॉक्टर रश्मि पाण्डे आंगन में काई जमी होने के कारण फिसलकर गिर गई थी जिससे उनके कमर का हड्डी फ्रेक्चर हो गया था। इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद भी अब तक परिसर को दुरुस्त नहीं करवाया गया है अभी बारिश का मौसम है बारिश का पानी अब भी परिसर में रूका हुआ है और फिसलन का हमेशा खतरा अब भी बना हुआ है। सबसे ज्यादा परेशानी गांव के बुजुर्ग महिला पुरूषों को होती है औषधालय में आने से मरीजों के फिसलकर गिरने का खतरा हर वक्त बना रहता है। इस ओर जिला आयुर्वेद अधिकारी का ध्यान नहीं है। शौचालय की मरम्मत भी नहीं कराये जाने से मरीजों को शौचालय आदि के लिए काफी परेशानी होती है। कुल मिलाकर कहें तो कुम्हाररास का आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर केवल नाम का रह गया है। वेलनेस सेंटर का सेटअप केवल कागजों में ही सीमित है। यहां ऐसी कोई भी सुविधा मरीजों को नहीं मिल रही जो वेलनेस सेंटर में होनी चाहिए जिसका मरीज हकदार है।

क्या कहते हैं जिला आयुर्वेद अधिकारी

जब मैं कुम्हाररास औषधालय में पदस्थ थी तो विभागीय अधिकारी कुम्हाररास औषधालय विजिट में आए थे उसी दौरान मैंने औषधालय को डिसमेंटल कर नया बनाने की मांग की थी मगर उच्चाधिकारियों ने भवन का मुआयना करते कहा था कि अभी भवन तोड़कर नया बनाने की स्थिति नहीं है। रही बात शौचालय के रिपेयर की तो कलेक्टर सर को एक सप्ताह पहले ही पत्र लिखा गया है। कुम्हाररास के सरपंच से भी बात हुई है उन्होंने शौचालय मरम्मत करने पर अपनी सहमती दी है। औषधालय उन्नयन के लिए हमारे पास 10 हजार का फण्ड रहता है आवश्यक हुआ तो उस पैसे को भी औषधालय मरम्मत के लिए खर्च में लेंगे।

रामेश्वरी पैंकरा, जिला आयुर्वेद अधिकारी, दंतेवाड़ा

स्कूल मरम्मत के नाम से चल रहा है करोड़ों का घोटाला : कश्यप

■ जनपद सदस्य एवं शिक्षा समिति के सदस्य राजेश कश्यप ने की जांच की मांग

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। गीदम ब्लाक के जनपद सदस्य एवं शिक्षा समिति के सदस्य व भाजपा मण्डल अध्यक्ष गीदम राजेश कश्यप ने आज अपने ब्लॉक में स्कूलों के निरिक्षण के दौरान मरम्मत के नाम से भारी भ्रष्टाचार उजागर होने की बात कही है। उन्होंने बताया कि आज जब स्कूल निरिक्षण के लिए समलूर क्षेत्र के सियानार पहुंचे तो एक स्कूल में पॉलीथिन लगा देखकर चौक गए। इस बारे में शिक्षकों से पूछा गया तो बताया गया कि छत के ढहने से बचाने के लिए त्रिपाल लगाया गया है। कमरे के भीतर देखने पर वहां का नजारा ही कुछ और था कक्षा में स्मार्ट बोर्ड लगा हुआ पर उससे सटी छत ढह कर नीचे गिर गया है। ताज्जुब तो तब हुई जब पता चला कि इस स्कूल के मरम्मत और पोताई के लिए 4.50 लाख रुपये हालिया ही दिए गए हैं। कश्यप ने मामले की पूरी जानकारी लेने के बाद करोड़ों के घोटाले सामने आने की बात कही है। उन्हीने बताया जी इस प्रकार का कार्य ब्लाक के सैकड़ों स्कूलों में चल रहा है। सियानार के महाराापार, बुतपदर के माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला ऐसे अन्य कई स्कूलों का उन्होंने निरीक्षण कर पाया कि ठेकेदार द्वारा केवल दिवाल की पोताई कर लाखों रुपये डकारे जा रहे हैं। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि केवल गीदम ब्लाक में इस प्रकार के कार्य पूरे 6.50 करोड़ रुपये का चल रहा है। उन्होंने मामले की जांच करवाने की बात कही है।

गौठान में फसलों की संजीवनी साबित हो रहा गौमूत्र

■ समूहों द्वारा गौठानों में ब्रम्हास्त्र तैयार कर प्राप्त की 64 हजार 950 रूपए की आमदनी

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले के ग्राम करलखा और कोचवाही के गौठान में फसलों की संजीवनी गौमूत्र से ब्रम्हास्त्र बनाई जा रही है। वर्तमान में जब रसायन युक्त खेती के कई हानिकारक प्रभावों से हमें जूझना पड़ रहा है, तब जैविक खेती को अपनाने की पहल भी शुरू हो रही है। जैविक खेती में मुख्य रूप से गोबर खाद का उपयोग किया जाता है, लेकिन कीट पतंगों से बचाव के लिए कोई विशेष उपाय नहीं होने के कारण अधिकतर किसान का फसल नुकसान हो जाता है। फसलों की बचाव के लिए छत्तीसगढ़ सरकार का एक महत्वपूर्ण नवाचार फसल की बचाव के लिए संजीवनी साबित हो रही है। जिले के किसानों को उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा गौठानों में स्व सहायता समूह के सदस्यों के माध्यम से गौमूत्र से ब्रम्हास्त्र तैयार किया जा रहा है। गौमूत्र विशेष गुणों से युक्त होता है, जिसका प्रयोग विभिन्न कार्यों में किया जाता है। गौवंश के संरक्षण संवर्धन और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से गोठानों में जैविक कीट नियंत्रक ब्रम्हास्त्र का उत्पादन किया जा रहा है। इसे बनाने के लिए गौमूत्र को पांच प्रकार की पत्तियों जैसे नीम, करंजी, पपीता, सीताफल और अमरूद के साथ उबालकर ठंडा किया जाता है और पैकेजिंग कर विक्रय किया जा रहा है। इसे उपयोग करने के लिए 5 लीटर ब्रह्मास्त्र को 100 लीटर पानी में मिलाकर प्रत्येक पंद्रह दिनों में फसलों में छिड़काव किया जाता है। इसके अतिरिक्त किसानों की मांग अनुसार गौमूत्र वृद्धि वर्धक का उत्पादन भी किया जा रहा है। एक लीटर ब्रह्मास्त्र पचास रुपए में और वृद्धि वर्धक चालीस रुपए में करलखा एवं कोचवाही गौठान तथा सी मार्ट से खरीदा जा सकता है। करलखा में झांसी की रानी महिला स्व सहायता समूह और कोचवाही में सरस्वती महिला स्व सहायता समूह के इन उत्पादों को विक्रय कर 64 हजार 950 रूपए की आय अर्जित की गई है। रसायन मुक्त भोजन और स्वस्थ जीवनशैली के लिए गौमूत्र आधारित खेती वर्तमान की मांग है। गौठान में स्व सहायता समूह की महिलाओं को ब्रम्हास्त्र बनाने के साथ ही स्व रोजगार मिल रहे है, जिससे समूह के सदस्य खुश होकर सरकार के प्रति आभार व्यक्त किये है।

बीजेपी ने बरसाए डंडे, कांग्रेस सरकार में मिल रहा है न्याय

■ पूर्व मंत्री को माहरा समाज का दोषी करार दिया एनएसयूआई ने

जगदलपुर/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के नेता व माहरा समाज के सक्रिय सदस्य गोविंद कश्यप तथा आईटी सेल के कोंटा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष आशीष पोटला ने माहरा महरा समाज के लोगों को अनुसूचित जाति वर्ग का लाभ मिलने के लिए इसे कांग्रेस की संवेदनशीलता की जीत बताया है।

उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार ट्राइबल विभाग के माध्यम से प्रस्ताव केंद्र सरकार को नहीं भेजती, तो उनकी मांगे लोकसभा तक नहीं पहुंचती। बीजेपी के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल मे माहरा समाज का घोर अपमान हुआ था और पूर्व अनुसूचित जाति जनजाति मंत्री केदार कश्यप के षड्यंत्र के तहत समाज की मांगों को नजर अंदाज करते रहे। भूपेश बघेल सरकार की अनुशंसा पर ही माहरा महरा समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

कश्यप व पोटला ने आगे कहा कि भाजपा के कुछ लोग माहरा महरा समाज को अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने के श्रेय ले रहे हैं। 15 वर्षो तक भाजपा के शासनकाल में समाज के लोगों को डंडे खाने पड़े, जेल जाना पड़ा। यह सब पूर्व मंत्री केदार कश्यप के षड्यंत्र के कारण ही हुआ। गांधीवादी सिद्धांत पर चलने वाली कांग्रेस ने इस समाज के लिए कई कार्य किए। समाज की उन्नति के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई और करोड़ों रुपए भवन निर्माण के लिए दिए गए। अब समाज का भवन भव्य रूप से तैयार हो रहा है। पूर्व से ही माहारा समाज के हित के लिए शहीद महेंद्र कर्मा, मंत्री कवासी लखमा व वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ी। एक माह पूर्व अनुसूचित जाति आयोग के समक्ष भी बस्तर सांसद दीपक बैज के नेतृत्व में माहरा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पुरजोर वकालत की थी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी दमदारी से केंद्र को प्रस्ताव भेजा था। उसी का नतीजा है कि केंद्र सरकार माहरा महरा समाज को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करने के लिए बाध्य होना पड़ा है।

विधायक नाग ने सुनी आम जनता की समस्याएं

अंतागढ़/नवप्रदेश। मंगलवार को अंतागढ़ विधायक अनूप नाग अंतागढ़ में अपने शासकीय विधायक कार्यालय में जनता दरबार लगाकर क्षेत्र वासियों से भेंट मुलाकात करने पहुंचे जहां सुबह से ही विभिन्न गांवों से भारी संख्या में आए ग्रामीणों ने अपने निजी समस्या एवं सामूहिक समस्याओं को विधायक के समक्ष पेश किया। विधायक नाग ने भी सबकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं समझा और जरूरी कार्यवाही के साथ साथ उनके समस्याओं के निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान विधायक नाग ने मिडिया से चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र का समुचित विकास और जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जनता की समस्या तथा उनकी निजी समस्याओं का ठोस समाधान करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। जनहित और लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हमेशा कार्य कर रहे है।

सांसद मंडावी ने केंद्रीय रेलमंत्री से की मुलाकात

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर लोकसभा सांसद मोहन मंडावी लोकसभा सत्र के दौरान केंद्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से नई दिल्ली के रेल मंत्रालय में मुलाकात किया गया। सांसद मोहन मंडावी ने रेलमंत्री से मुलाकात के दौरान अपने क्षेत्र के रेलवे सहित लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। सबसे पहले रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव को सांसद मोहन मंडावी ने नई ट्रेन को अंतागढ़ से रायपुर तक चलाए जाने के लिए बधाई दी साथ ही गुंडरदेही रेलवे स्टेशन को मॉडर्न रेलवे स्टेशन बनाने हेतु चर्चा की एवम गुंडरदेही पोस्ट ऑफिस के लिए राशि स्वीकृत करवाई गई उन्होंने तत्काल गुंडरदेही पोस्ट ऑफिस हेतु तत्काल स्वीकृति प्रदान की साथ ही साथ मेमो ट्रेन जो 2 दिन चलती है उसे 4 दिन चलाने की मांग की एवम और नई ट्रेन में अतिरिक्त कोच और एसी कोच लगाने की भी मांग की गई है। केंद्रीय मंत्री ने तत्काल बिलासपुर जीएम से चर्चा कर अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की बात कही। मुलाकात के दौरान सांसद के प्रतिनिधि प्रमोद जैन राजा राजेंद्र राय पूर्व विधायक गुंडरदेही ने भी रेलमंत्री से मुलाकात किया।

नाबालिग से चोरी का सामान खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार, गया जेल

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस ने मंदिर से चोरी करने वाले नाबालिग के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ व्यवसायी को गिरफ्तार किया है गौरतलब है कि प्रार्थी अमर लाल यादव पिता अमृत लाल यादव उम्र 38 वर्ष निवासी राम नगर कांकेर ने थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराया की प्रार्थी ने अपने घर के पास मंदिर बनवाया है उस मंदिर के ऊपर में पीतल धातु का कलश लगवाया था प्रार्थी 17 जुलाई 23 को सुबह 06.00 बजे पुजा पाठ करने मंदिर गया तो देखा की मंदिर में लगा हुआ पीतल धातु का कलश कीमत 2500 नहीं था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान वार्ड वासियों से मिली जानकारी आधार पर नाबालिग से पूछताछ किया गया जिसने चोरी करने की बात कबूला किया व उसने चोरी किए गए कलश को 800 रूपये में कबाड़ी यूसुफखान निवासी संजय नगर को बेचना बताया नाबालिक की निशानदेही पर आरोपी युसुफखान पिता आमिर बक्स उम्र 55 वर्ष निवासी संजय नगर के कब्जे से चोरी किया हुआ कलश जप्त किया गया है नाबालिग के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ व्यवसायी आरोपी युसुफखान पिता आमिर बक्स उम्र 55 वर्ष के निवासी संजय नगर कोंधरा 379 411 आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म, इस्तीफा दे मंत्री कवासी लखमा : धनीराम

सुकमा/नवप्रदेश। शनिवार रात में एर्राबोर में पोटा केबिन में आदिवासी नाबालिग छात्रा के दुष्कर्म के आरोप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कोंटा के विधायक एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा को आड़े हाथ लेते हुए उनके इस्तीफा की मांग की है। धनीराम बारसे ने कहा है कि सुकमा जिला में इस प्रकार एक महीना के अंदर अंदर नाबालिग बच्ची पर दुष्कर्म का यह दूसरा मामला है। सुकमा का कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचीली नजर आ रही है। और इस दुष्कर्म में स्थानीय विधायक कवासी लखमा का किसी भी प्रकार का प्रतिक्रिया नहीं आया जो बड़े ही खेद का विषय है।पोटा केबिन के अंदर भी बच्ची सुरक्षित नहीं। धनीराम बारसे ने कहा कि पोटा केबिन अधीक्षक के पद में कवासी लखमा के इशारे पर मोटी कमीशन वसूल करके ना काबिल लोगों की नियुक्तियां की जा रही है। मोटा कमीशन देने की एवज में कांग्रेस सरकार के द्वारा कावासी लखमा के इशारे पर पूरी तरह से छूट दी जा रही है। इसी का परिणाम है कि इस तरह के दुष्कर्म की घटना सामने आई है। इसीलिए स्थानीय मंत्री कवासी लखमा को इस्तीफा देना चाहिए। उन्हें अपने पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं। जावनदेही से बचने के लिए कवासी लखमा के पुत्र हरीश कवासी सोशल मीडिया के रूप से तत्काल लेफ्ट हो गए। हर मुद्दे पर राजनीति करने वाले कांग्रेस के नेता इस घटना पर प्रतिक्रिया देने से बच रहे हैं। मणिपुर की घटना पर राजनीति करने वाले अब आदिवासी छात्र पर हुए दुष्कर्म के मामले पर चुप क्यों है। धनीराम बारसे ने कहा कि एर्राबोर पोटा केबिन में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं एवं उनके पालक इतने भयभीत है कि अपनी बच्चियों को इस पोटा केबिन से वापस घर ले जा रहे है। सरकार की व्यवस्था पर उनको यकीन नहीं है। रियेरिंग के नाम से अनाप-शनाप खर्चा करने वाले शिक्षा विभाग में पोटा केबिन की हालत बद से बदतर है। जिस से दुष्कर्म करने वाला अपराधी आसानी से आ जा रहा है। शासन की घोर लापरवाही है। पोटा केबिन में पढ़ने वाली बच्चियां सुरक्षित नहीं है। और तो और पोटा केबिन की अधीक्षका ने इस मामले को दबाने का कोशिश किया। शनिवार रात को हुए मामले को दबाने का कोशिश किया गया। और उसी अधीक्षका को प्रार्थी बना कर रिपोर्ट दर्ज किया जा रहा है। जबकि अधीक्षका पर एफ आई आर दर्ज होनी चाहिए परंतु कांग्रेस के स्थानीय विधायक के श्रेय से उसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है। अधीक्षका कांग्रेस के स्थानीय नेता की बहन भी है। इसलिए उसके ऊपर सिर्फ अनौपचारिक कार्यवाही किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार अधीक्षका का पति भी उस पोटा केबिन में आना-जाना करता था एवं रात भी बिताता था। कन्या पोटा केबिन में किसी पुरुष का रात बिताना ऐ कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।चार दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। धनीराम बारसे ने कहा कि हमें शक है कि जानबूझकर इस मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

स्वामी आत्मानन्द नवीन भवन निर्माण में हुआ भ्रष्टाचार : पवार

पखांजूर/नवप्रदेश। कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी योजना में एक है स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हरंगढ़ में,इस भवन को निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व विधायक मंतूराम पवार,इस नवीन भवन को देखकर क्या कहा।

गरीबों का मसीहा बनने वाले कांग्रेस की सरकार ने तो भ्रष्टाचार के सभी पोल खोलकर रख दी,एक करोड़70 लाख 50 हजार के स्वामी आत्मानंद नवीन भवन निर्माण में भ्रष्टाचार साफनजर आ रहा है,कारण छत से पानी टपकना दिवालो मे दरारें आना,स्कूल परिसर के सामने घुटने तक पानी जमा होना,कही न कही कांग्रेस सरकार व क्षेत्रीय विधायक के संरक्षण में इस प्रकार की गुणवत्ताहीन भवन का निर्माण किया गया,आज पहली बारिश से दशा व दिशा सामने नजर आ रही है,नवीन भवन निर्माण के बाद धूमधाम से क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग ने लोकार्पण भी किया,अब स्कूल का हालत क्या है,देखने तक नहीं आया,इससे साफ उजागर होता है,ठेकदार के साथ कौन-कौन अधिकारी नेता मिलकर भ्रष्टाचार किया, आगे भी कहा जनता सब जानती है, गरीब परिवार की बच्चों को भविष्य के साथ खिलवाड़ करना किस प्रकार की अपराध है, इसका जवाब क्षेत्र की जनता आने वाले समय में जरूर देगी,विधायक के द्वारा पखांजूर में होता है,क्या नवीन भवन को देखने एक बार भी गया है,नही कारण क्या है सभी जानते है,इसी प्रकार बादि,कोयलीबेड़ा में भी स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालय का शुभारंभ किया गया,मगर शिक्षक आज तक नही दे पाया,इससे नाराज कांग्रेसियों ने ही आंदोलन करने की चेतावनी भी दे डाली,अगर जल्द नवीन भवन का मरम्मत व शिक्षक का पुर्ण व्यवस्था नही किया गया,स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के साथ मिलकर सड़क पर आंदोलन करेंगे, इसकी जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

इलाज के लिए आई महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस ने महिला से छेड़खानी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पीड़िता ने थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराया की वह हाथ में चोट लगने से इलाज के लिए शासकीय कोमल देव अस्पताल में जनरल वार्ड में भर्ती होकर इलाज करा रही है।18 जुलाई 2023 को दोपहर करीबन 1.30 बजे अस्पताल के उसी वार्ड में इलाजरत किसी अन्य मरीज से मिलने आरोपी इंद्रेद कुंजाम आया था उसी दौरान आरोपी पीड़िता के बिस्तर पर बैठ गया और उसे गलत ढंग से छूते हुए छेड़खानी करने लगा पीड़िता ने लोक लज्जा एवं भय के कारण घटना के समय यह बात किसी को नहीं बताई थी परंतु बाद में अपने पति के आने पर घटना के संबंध में अपने पति को बताई और घटना की रिपोर्ट थाना कांकेर में दर्ज कराई पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी इरेन्द्र कुजांम पिता जगदेव कुजांम उम्र 35 वर्ष साकिन पेटोली को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया गया,आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

5 साल की मासूम से दरिंदगी, दर्द से रो रही प्रदेश की हर मां : रंजना साहू

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता और विधायक रंजना साहू ने सुकमा जिले के एर्राबोर में पांच साल की मासूम बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। साहू ने कहा कि प्रदेश में चहुँओर कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है, मासूम बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाओं की अस्मिता के लुटेरे दरिंदगी की हदें पार करते जा रहे हैं और प्रदेश सरकार सियासी ड्रामेबाजी में मशगूल है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक साहू ने कहा कि एर्राबोर के शासकीय कन्या आवासीय विद्यालय में घटी इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बावजूद प्रदेश सरकार कानून-व्यवस्था के राज की दुहाई देती है तो यह प्रदेश को शर्मसार करने वाली बात है। प्रदेश के शैक्षणिक व आवासीय आश्रमों-छात्रावासों में भी अगर बच्चियों की सुरक्षा यह सरकार और उसके कारिंदे सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं, तो ऐसी बेशर्म और नाकारा सरकार को छत्तीसगढ़ पर असहनीय बोझ बनकर एक क्षण भी सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। साहू ने कहा कि आश्रम अधीक्षिका द्वारा इस मामले को तीन दिनों तक दबाए रखना और गुमराह करना बेहद गंभीर मामला है। यदि भाजपा के जागरूक कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि इस मामले को सामने लाकर आवाज नहीं उठाते तो यह मामला रफा-दफा हो जाता।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक साहू ने कहा कि इस मामले में आरोपियों और घटना के जानकारों को राजनीतिक संरक्षण देकर बचाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस घटना से प्रदेश की कांग्रेस सरकार का घोर आदिवासी विरोधी चरित्र एक बार फिर बेनकाब हुआ है। संवेदनशीलता का बेसुरा राग अलापते मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी संवेदनहीन पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं करने पर मौन क्यों साधे बैठे हैं? साहू ने शासन व प्रशासन को आगाह किया कि इस घटना की तत्काल जाँच कराएं और सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई कर पीड़ित आदिवासी परिवार को न्याय मुहैया कराएँ।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विधानसभा में जिन आंकड़ों का हवाला दिया है, उससे इस बात की तस्दीक हो रही है कि कांग्रेस के पूरे शासनकाल में लगभग 5 हजार वारदातें दुष्कर्म की घटी हैं और महिला सुरक्षा के तमाम सरकारी दावे खोखले साबित हुए हैं। साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार के निकम्मेपन की सजा प्रदेश की निर्दोष बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाएँ भुगत रही हैं और कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि दुष्कर्म के आरोपियों को संरक्षण देकर प्रदेश को गर्त में धकेल रहे हैं।

सारंगढ़ में जनता हर बार बदल देती है विधायक, इस बार होगा रोचक मुकाबला

कांग्रेस-भाजपा में दावेदारों की लंबी फेहरिस्त, नया जिला गठित होने से कांग्रेस मजबूत

जगदीश पटेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की सारंगढ़ विधानसभा सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सुरक्षित सीट है। मौजूदा समय में यहां से कांग्रेस की श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े विधायक हैं। इस सीट की खास बात यह है कि यहां पांच साल बाद विधायक बदलने का रिवाज है। हालांकि इस बार यहां दिलचस्प मुकाबला होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सारंगढ़ के सियासी इतिहास की बात की जाए तो कभी यहां की राजनीति राजपरिवार के गिरिविलास पैलेस से संचालित होती थी। वक्त बदला और हालात बदले तो राज परिवार ने अब राजनीति से दूरी बना ली है .

इसी का नतीजा है कि अब उनकी दखलअंदाजी नजर नहीं आती। सारंगढ़ को कभी कांग्रेस का गढ़ कहा जाता था, लेकिन एक ऐसा दौर भी आया जब बीएसपी यहां मजबूत पकड़ बनाने में कामयाब रही। बसपा के कामदा जोल्हे ने 1998 और 2003 में इस सीट पर जीत हासिल करके इसे पार्टी का मजबूत किला बना दिया था। हालांकि 2008 में कांग्रेस प्रत्याशी पद्मा मनहर ने सारंगढ़ में चुनाव जीतकर इस मिथक को तोड़ दिया, लेकिन 2013 में बीजेपी ने इस सीट को कांग्रेस से छीन लिया। पांच साल बाद फिर मतदाताओं ने अपना विधायक बदल दिया और कांग्रेस लहर में उत्तरी गनपत जांगड़े 52 हजार 389 वोटों से चुनाव जीत गई।

नए जिले का गठन बढ़ाएगी टेंशन

नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के अस्तित्व में आने से निश्चित तौर पर कांग्रेस का आधार बढ़ा है। भाजपा भी इस सत्य से पूरी तरह से इत्तेफाक रखती है। हालांकि नए जिले का गठन कांग्रेस के लिए मुसीबत भी खड़ी कर सकती है। दरअसल, इस जिले में शामिल बरमकेला व सरिया ब्लॉक के रहवासी रायगढ़ जिले में यथावत रहना चाहते थे। इसके लिए सड़क से सीएम हाउस व न्यायलय तक लंबी लड़ाई। पर कामयाब नहीं हुए। ऐसे में बरमकेला क्षेत्र के वोटर्स कांग्रेस की टेंशन बढ़ा सकते हैं।

बसपा से आए नेता भाजपा को बनाएंगे मजबूत

सारंगढ़ विधानसभा में बसपा से लगातार दो बार विधायक रहीं सुश्री कामदा जोल्हे अब भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। इसके अलावा 2018 विधानसभा चुनाव में बसपा से विधायक प्रत्याशी रही अरविंद खटकर भी अब बीजेपी में हैं। पिछले चुनाव में अरविंद खटकर को 31 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। ऐसे में बसपा के दोनों कद्दावर नेता के बीजेपी में आने से पार्टी निश्चित तौर पर मजबूत नजर आ रही है।

कांग्रेस में तीन नेता लगा रहे जोर

सीटिंग एमएलए उत्तरी जांगड़े की स्थिति वर्तमान में मजबूत है। मगर कई विधायकी के लिए दावेदारी करते हुए नजर आ रहे हैं। इनमें पूर्व विधायक पदमा मनहर, जिला पंचायत सदस्य विलास सारथी, जिला पंचायत सभापति अनिका विनोद भारद्वाज भी जोर लगा रही। 2008 विधानसभा चुनाव जीती पदमा मनहर को पार्टी ने दोबारा 2013 में प्रत्याशी बनाया था, तब वे हार गई थी। ऐसे में संभावना है कि उत्तरी जांगड़े की टिकट शायद ही पार्टी काटेगी।

बीजेपी से हैं ये दावेदार

सारंगढ़ विधानसभा सीट पर बीजेपी से दावेदारों की लंबी सूची है जिनमें बसपा से आए सुश्री कामदा जोल्हे, अरविंद खटकर, देवेन्द्र रात्रे, हरिनाथ खूंटे, मनोज लहरे, देवकुमारी लहरे, मीरा धरम जोल्हे, नंदिनी वर्मा के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। माना जा रहा है कि यहां बीजेपी किसी नए चेहरे पर दांव लगाएगी। सूत्रों की माने तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कई पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं ने सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में डेरा डाल दिया है और संघ परिवार की यह सक्रियता नाहक नहीं है। इन तमाम गतिविधियों के बीच भाजपा का पूरा फोकस एक ऐसे चेहरे पर है जिसके सहारे पार्टी की चुनावी नैय्या पार लग सके।

भाजपा छत्तीसगढ़ में अशांति फैलाने का षड्यंत्र रच रही : सुशील आनंद

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में अशांति फैलाने का षडयंत्र रच रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री ने मणिपुर से छत्तीसगढ़ की तुलना की, केन्द्रीय मंत्री पियुष गोयल ने

छत्तीसगढ़ की तुलना मणिपुर से की और भारतीय जनता पार्टी का छत्तीसगढ़ का एक नेता ने मणिपुर के बाद अब छत्तीसगढ़ का नंबर सोशल मीडिया में पोस्ट किया है। यह इस बात का प्रमाण है कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में अशांति फैलाने के लिये कुछ न कुछ षडयंत्र रच रही है। आखिर छत्तीसगढ़ मणिपुर की साम्यता क्या है? मणिपुर में 50 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो गये है। 5000 से अधिक घरो को जला दिया गया है। 100 से अधिक लोग मर गये है। माताये-बहनों को वहां नग्न करके घुमाया जा रहा है। ऐसे अशांत प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा छत्तीसगढ़ की तुलना किया जाना भाजपा के बड़े षडयंत्र की ओर इशारा कर रह मुद्दाविहीन भाजपा निचले स्तर की राजनीति पर उतर आई है।

भाजपा सरकार में करीना कपूर, सलमान खान पर करोड़ों लुटाए : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार राम नाम पर खर्च कर रही है। पूर्व रमन सरकार में करीना कपूर और

सलमान खान के ऊपर करोड़ों लुटाये और उड़ाये थे तब अजय चंद्राकर को मजा आ रहा था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार राम नाम पर खर्च कर रही है, राम काज कर रही है, राम का गुणगान कर रही है तो भाजपाइयों को गड़बड़ियां दिख ही हैं। असल मे भाजपा नेताओं के दिमाग में केमिकल लोचा हो गया इन्हें किसी मनोचिकित्सक से ईलाज करवाना चाहिये। 15 साल में भाजपा की सरकार ने खाली भ्रष्टाचार ही तो किया है। सत्ता जाने के बाद भी कमीशनखोरी की गंदगी इनके दिमाग में बैठी है। इसलिए इन्हें अब राम नाम पर हुई खर्च में भी घोटाला दिख रहा है। आखिर भाजपा को राम नाम से राम नाम के गुणगान से इतनी नफरत क्यों है? भाजपा के नेता मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के नाम से चंदा लेते हैं वोट लेते हैं लेकिन राम काज नहीं करते हैं ना ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के बताए मार्ग में चलते हैं।

स्थानीय मुद्दों को लेकर भाजपा करेगी प्रदर्शन

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। बीजेपी भानुप्रतापपुर मंडल द्वारा स्थानीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगी। 25 जुलाई को एक बैठक रखी गई थी जिसमें स्थानीय मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने की रणनीति बनाई है। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री बृजेश सिंह चौहान, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, राजा पाण्डेय, नरोत्तम सिंह चौहान, ज्वाला प्रसाद जैन, अरविंद जैन, हेम प्रकाश शिवहरे, अभय पांडेय, संकेत नसीने, आकाश सोलंकी, जितेंद्र पाण्डेय समेत अन्य नेता व पदाधिकारी शामिल थे।

संविदाकर्मचारियों पर एस्मा सरकार का तुगलकी फरमान : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि संविदा कर्मचारियों के हड़ताल पर प्रदेश सरकार का एस्मा लगाने का निर्णय इस सरकार के ताबूद में आखिरी कील हैं। सरकार का कर्मचारी विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। अग्रवाल ने कहा कि धोखा और कांग्रेस एक दूसरे के पूरक हैं, चुनाव में वोट लेने के लिए कर्मचारियों को धोखा दिया, वोट लेने के लिए कर्मचारियों के लिए चांद तारे तोड़ लेने की बात कही और सरकार बनते ही कर्मचारियों को धोखा दिया। कांग्रेस अपने घोषणापत्र उठा कर देखे, चुनाव में कर्मचारियों से वोट लेने जितने भी घोषणा, घोषणा पत्र में शामिल है, एक भी घोषणा पूर्ण नहीं हुआ है। सरकार ने कर्मचारी आंदोलन को कुचलने के लिए एस्मा तक लगाने से नहीं चूक रही है।

डीडी बरतामती बने बसपा के जिलाध्यक्ष

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। एडवोकेट एनपी अहिरवार केन्द्रीय- कोऑर्डिनेटर व प्रदेश प्रभारी बसपा, हेमन्त पोयाम प्रदेशाध्यक्ष बसपा के अनुसंशा पर डॉ डी डी बरतामसी को

जिला बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष बनाया गया । डीडी बरतामसी पूर्व में भी बहुजन समाज पार्टी के सन 2012 से 2015 तक बसपा के बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। वे 2015 से 2018 तक रायपुर संभाग के जोन प्रभारी के पद पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मुझे पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी निष्ठा से कार्य कर जिले के सभी विधानसभा में बसपा को मजबूत कर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए सभी सीटों पर जीत का परचम लहराएगें।

प्रधानमंत्री पद की गरिमा गिरा रहे हैं मोदी : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त विपक्ष के गठबंधन इंडिया की तुलना आतंकी संगठनों से किये जाने की कांग्रेस ने कड़ी निंदा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह वक्तव्य देश के लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है। मोदी ने विपक्ष के बारे में ऐसा बयान देकर प्रधानमंत्री की गरिमा को गिराया है। प्रधानमंत्री विपक्ष की एकता से घबराये हुये है तथा गलत बयानी कर अपनी कुंठा को बाहर

निकाल रहे है। प्रधानमंत्री के अंदर का डर उनसे गलत बयानी करवा रही है। श्री बैज ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार की वायदा खिलाफी कुशासन से मुक्ति के लिये 2024 के चुनाव का इंतजार कर रही है। मोदी झूठ बोलकर विपक्ष पर अनर्गल आरोप लगा कर अपनी असफलता से जनता का ध्यान हटाना चाहते हैं देश का किसान, नौजवान, आम आदमी, गृहणी सभी मोदी सरकार से परेशान है। किसानों की आय दुगुनी करने वायदा पूरा नहीं हुआ, हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वायदा मोदी भूल गये।

जिला कांग्रेसाध्यक्ष ने ली ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा एवं सक्ति जिले के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने ली जिसमें आगामी होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए बीएलए बनाने के निर्देश दिए और बूथ कमेटियों की समीक्षा की। जिन बूथ कमेटियों में खामियां पाई गई है उन्हें तत्काल बदलते हुए नहीं बूथ कमेटी की सूची मांगी और ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए कि कोई भी कार्य नियत तिथि में पूरा कर लिया जाए। जिला कांग्रेस प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने कहा कि

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संगठन की आंतरिक गतिविधियां चल रही है इसलिए कोई भी कार्य पेंडिंग में ना रखें कोई भी परेशानी हो तत्काल अवगत करावे। बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री संगठन शिशिर द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्षगण संतोष शर्मा, महेश्वर टंडन, पारस यादव, कन्हैया कवर, नंदकुमार सिंह चंद्रा, रविंद्र शर्मा, त्रिलोक चंद जायसवाल, चिंताराम राठौर, कुसुमलता अजगले, रामशंकर सिंगसर्वा, घासीराम चौहान उपस्थित थे।

मणिपुर पर हंगामा और सुकमा पर चुप्पी कांग्रेस का दोहरा चरित्र : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने एर्राबोर सुकमा में अबोध छात्रा के साथ आवासीय छात्रावास में हुए अनाचार की घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि मणिपुर पर हल्ला मचाने वाले मुख्यमंत्री व कांग्रेस के नेताओं की एर्राबोर सुकमा के घटना मे चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन मिलकर इस घटना को दबाने में लगी हुई थी। नाबालिक अनाचार पीड़ति आदिवासी छात्रा के परिवार से मिलने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी कब छत्तीसगढ़ आएंगे। अग्रवाल ने कहा कि सुकमा जिला के एर्राबोर पोटाकेबिन बालिका आश्रम में पढ़ने वाली नाबालिक आदिवासी बालिका के साथ दुष्कर्म किया गया है।

घटना 22 जुलाई शनिवार की है । शासन और प्रशासन पूरी तरह इस घटना को दबाने में लगी हुई थी। पर जब घटना का पता लोगों को चला तब यह मामला जनता के सामने आया है। शासन एवं प्रशासन के संरक्षण में आश्रम अधीक्षिका का लापरवाही एवं दुष्कर्म कराने में उनका हाथ है। और कांग्रेस सरकार का साथ है। मामला को दबाने का पूरा-पूरा प्रयास किया गया। अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के नेता, आदिवासी मंत्री, और आदिवासी विधायक आदिवासियों की सुरक्षा की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं पर सुकमा की घटना पर, एक आदिवासी बालिका के साथ हुए इस अनाचार के मामले में, सब के मुंह में टेप लगाए बैठे हैं क्यों।

प्रदेश में पुलिस की लाठी केवल बेगुनाहों पर चलती है : शालिनी

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा है कि प्रदेश में पुलिस की लाठी केवल बेगुनाहों के ऊपर चलती है। जिस तरह से महासमुंद जिले के कोमाखान तहसील अंतर्गत ग्राम झिटकी की घटना जिसमें एक गरीब परिवार को पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी बनाने को लेकर नाबालिग छात्रा एवं उनके परिवार ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि कोमाखान तहसीलदार द्वारा प्रशासन महासमुंद के आदेश निर्देशों का गलत तरीके से पद का दुरुपयोग करने, पानी टंकी निर्माण करने एवं शासन के आदेश का पालन न करते हुए टूहलू पुलिस से सहयोग लेकर अमानवीय ढंग से पीड़ित परिवार को प्रताड़ित किया गया एवं धमकाया गया यहां तक की नाबालिग छात्रों का हाथ पकड़कर पुलिस द्वारा धक्का-मुक्की भी की गई। शालिनी राजपूत

ने कहा कि घटना से नाबालिग छात्राएं इतनी भयभीत हो गई है कि वे अभी स्कूल भी जाना बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से नाबालिग छात्रा एवं उनकी माता के ऊपर पुलिस ने जो मारपीट किया गया एवं बिना जांच के ही परिवार के माता-पिता और दो नाबालिग छात्राओं को पुलिस द्वारा थाने में घंटो तक बिठा के रखा गया वह अमानवीय है। पीड़ित परिवार ने पानी टंकी को लेकर कलेक्टर से जन चौपाल में शिकायत की थी जिसमें प्रशासन ने पीड़ित परिवार के पक्ष में फैसला सुनाया था इसके बावजूद भी तहसीलदार और पुलिस ने छात्रा एवं उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध के ऊपर अंकुश लगाने के बजाय पुलिस प्रशासन द्वारा इस प्रकार से निर्दोष परिवार के ऊपर कार्यवाही करना उचित नहीं है।

ईडी व आईटी भाजपा नेताओं के घरों में भी मारे छापे : विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व कांग्रेस प्रवक्ता विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोप को झूठा करार देते हुए कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। चंद्राकर ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव का बयान का जवाब दिया है। चंद्राकर ने कहा साव और भाजपा के अन्य नेता ईडी और आईटी वाले मामले में कितना सच और कितना झूठ बोल रहे हैं ये तो पूरे देशभर में दिखाई दे रहा है। 8 सालों के भीतर जिन-जिन राज्यों में चुनाव हुए और जहां-जहां भाजपा को बहुमत नहीं मिली है वहां भाजपा ने उक्त राज्य की जीती हुई पार्टी पर दवाब बनाने के लिए उन नेताओं के घरों पर सेंट्रल की ईडी और आईटी की टीम भेजकर छापेमारी की और सरकार को गिराकर अपनी सरकार बनाई। इसका उदाहरण मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र,

गोवा जैसे कुछ राज्य है जहां आज बीजेपी की सरकार सत्ता पर आसीन है। बीजेपी ने छग में भी कांग्रेस सरकार को सता से बेदखल करने की पुरजोर कोशिश की पर, सफलता नहीं मिली। इसलिए आज भी भाजपा दवाब बनाने के लिए टीम को यंहा भेज रही है। उन्होंने कहा कि कितना भाजपा और उनके नेता भष्टाचार की बात करते हैं तो एक बार टीम को स्वंत्रत छोड़ दे और भाजपा नेताओं के घरों पर भी छापा मारने दे सबसे बड़ा भ्रष्टाचार और काला धन उनके ही घरों से निकलेगा।

भाजपा को सता रहा डर

कांग्रेस प्रवक्ता विनोद चंद्राकर ने साव द्वारा कांग्रेस में अमित शाह के दौरे को लेकर दिए गए डर के बयान पर भी साव को घेरा है। उन्होंने कहा कांग्रेस नहीं बल्कि बीजेपी के नेता डरे हुए है, उन्हें डर है कि 2023 का चुनाव वे जीत पाएंगें या नहीं, इसलिए प्रभारी होते हुए भी बार-बार मोदी और अमित शाह को छग का दौरा करना पड़ रहा है। क्योंकि उनके पास चुनाव के लिए सीएम उम्मीदवार का चेहरा नहीं है जिसकी बदौलत वे चुनाव लड़ेंगे। इसलिए राष्ट्रीय नेताओं का दौरा हो रहा है। पर छग में पिछले साढ़े 4 सालों में जो किसान पुत्र भूपेश बघेल ने प्रदेश की जनता के लिए किया है उसे जनता नहीं भूल पाई है और इसका नतीजा भी चुनाव में देखने को मिलेगा।

पूर्व सीएम रमन ने सीएम भूपेश और मंत्री चौबे को लिखा पत्र

- **सीएम भूपेश को जनघोषणा पत्र के वादों की दिलाई याद**
- **नियमितीकरण, आउटसोर्सिंग अनुकम्पा नियुक्ति पर लिखा खत**

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे को कांग्रेस घोषणा पत्र में किये गए वादों की याद दिलाए हैं।

एक साथ तीन पत्र लिखकर रमन सिंह ने भूपेश सरकार से जनता से किये गए वादों को पूरा करने कहा है। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बुधवार, 26 जुलाई को प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार को तीन पत्र

लिखे हैं। इन पत्रों में उन्होंने दो पत्र मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लिखे हैं। पहले पत्र में उन्होंने लिखा है कि, जन घोषणा पत्र 2018 में नियमितीकरण और आउटसोर्सिंग को खत्म करने की बात कही गई थी।

दूसरे पत्र में उन्होंने दिवंगत शिक्षकों के परिवार जनों को अनुकम्पा नियुक्ति देने की बात कही गयी थी। उन्होंने लिखा है कि, मैं आपसे अनुरोध करता हूं की आप जनघोषणा पत्र के वादों को पूरा करें। तीसरा पत्र उन्होंने शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे को लिखा है, जिसमे उन्होंने शिक्षाकर्मियों को नियमित करने की बात कही है।

वेस्टइंडीज के साथ टेस्ट मैच ड्रा होने पर टीम इंडिया को झटका, अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा पाक

पोर्ट ऑफ स्पेन। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 'िंस पार्क ओवल में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच भारी बारिश के चलते ड्रा घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही भारत ने दो मैचों की सीरीज 1-0 से जीत ली है। भारत के लिए यह निराशाजनक अंत था, क्योंकि पूरे मैच के दौरान उसका पलड़ा भारी रहा। भारत ने अपनी दो पारियों में 4×8 और 181/2 रन बनाए थे। चौथे दिन स्टंप्स तक वेस्टइंडीज को 76/2 पर समेट दिया था, जिसे ×65 रनों के एक विशाल लक्ष्य का पीछा करना था। अपनी पहली पारी में 255 रन बनाने वाली मेजबान टीम को मैच जीतने के लिए 290 रनों की और जरूरत थी।

पांचवें और अंतिम दिन, भारत का लक्ष्य शेष आठ विकेट चटकाने का था ताकि 12 अंक और हासिल किए जा सकें और 202×-25 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में अपनी शानदार शुरुआत को और आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन बारिश ने सारा खेल बिगाड़ दिया और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। टेस्ट के ड्रॉ होने से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 202×-25 चक्र में टीम इंडिया को झटका लगा है। मौजूदा अंक तालिका में पाकिस्तान भारत को पीछे छोड़ शीर्ष पर पहुंच गया है।दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2021-2× चक्र का फाइनल हारने के बाद भारतीय टीम ने 202×-25 चक्र की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से की। डब्ल्यूटीसी में एक टेस्ट जीतने वाली टीम को 12 अंक दिए जाते हैं। वहीं, मैच टाई होने पर छह और ड्रॉ होने पर चार अंक दिए जाते हैं। भारत ने पहला टेस्ट जीता और उसे 12 अंक मिले थे।टीम इंडिया अगर दूसरा टेस्ट जीत जाती तो उसे और 12 अंक मिलते और कुल 24 अंक और 100 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ शीर्ष पर काबिज रहती। हालांकि, भारत को वेस्टइंडीज से चार-चार अंक बांटने पड़े। ऐसे में दो टेस्ट के बाद टीम इंडिया के एक जीत और एक हार के साथ 16 अंक हैं, जबकि पॉइंट पर्सेंटेज घटकर 66.67 हो गया है।

फीफा महिला विश्व कप : जर्मनी ने मोरक्को को 6-0 से हराया

मेलबर्न । कप्तान एलेक्जेंड्रा पॉप के दो गोल की मदद से जर्मनी ने मेलबर्न रेक्टेंगुलर स्टेडियम में नवागंतुक मोरक्को पर 6-0 से बड़ी जीत के साथ अपने फीफा महिला विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की।दो बार की चैंपियन जर्मनी की टीम इससे पहले फीफा महिला विश्व कप में अपने पिछले 24 ग्रुप-स्टेज मैचों में से केवल एक हारी थी। पहली बार प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही मोरक्को कभी उसे चुनौती देता नहीं दिखा।मोरक्को 11वें मिनट में ही पिछड़ गया जब कप्तान पोप हेडर करके जर्मनी को 1-0 से आगे कर दिया। हाफ टाइम से ठीक पहले एक और हेडर के साथ जर्मनी ने 2-0 की बढ़त हासलि कर ली।क्लारा बुहल ने दूसरे हाफ के पहले मिनट में गोल किया। इसके बाद मोरक्को के घावों पर नमक छिड़कते हुए जर्मनी ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली। मोरक्को ने दो आत्मघाती गोल किए और अंत में शूलर ने इंजुरी टाइम में गोल करके टीम को बड़ी जीत दिलाई।इस वर्ग की अन्य दो टीमों, कोलंबिया और कोरिया गणरा'य के बीच मंगलवार को होने वाले मैच से पहले जर्मनी अब ग्रुप एच के शीर्ष पर मजबूत बढ़त बनाए हुए है।

मुझे उम्मीद है कि अश्विन और जडेजा मिलेगा ज्यादा ओवर

नई दिल्ली । पोर्ट ऑफ स्पेन में दूसरे टेस्ट के पांचवें दिन दिलचस्प समापन के लिए मंच तैयार है। वेस्टइंडीज को जीत के लिए अभी भी 289 रनों की जरूरत है और उसके आठ विकेट बाकी हैं। रविवार को बारिश से बाधित चौथे दिन ×65 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम ने स्टंप्स तक दो विकेट के नुकसान पर 76 रन बना लिए थे। टैगेनरीन चंद्रपॉल (24 रन) और जर्मेन ब्लैकवुड (20 रन) पर नाबाद हैं।

इससे पहले, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 60 रन देकर वेस्टइंडीज को पांच झटके दिए जिससे उनकी पूरी टीम पहली पारी में 255 रन पर सिमट गई। इसके बाद, कप्तान रोहित शर्मा (57) और विकेटकीपर ईशान किशन (नाबाद 52) ने तूफानी पारियां खेलीं, जिससे भारत ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट के नुकसान पर 181 पर घोषित कर दी।

मौजूदा परिस्थितियों में मेजबान टीम को क्या रणनीति अपनानी चाहिए? जियो सिनेमा विशेषज्ञ, भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा, यह इस पर निर्भर करता है कि वे वास्तव में क्या सोच रहे हैं। अगर उन्हें यह गेम जीतना है तो उन्हें थोड़ा आक्रामक क्रिकेट खेलना होगा। लेकिन अगर वे सिर्फ इस खेल को ड्रॉ करने के बारे में सोच रहे हैं, और इसे एक जीत के रूप में देखते हैं तो अलग बात है। उन्होंने यही किया है। इसलिए, मैं एक बार फिर उनसे उम्मीद करता हूं कि वे आराम से टिक कर खेलेंगे और रन बनाने के लिए ढीली गेंदों का इंतजार करेंगे। यह कोई बढ़िया रणनीति नहीं है लेकिन वेस्टइंडीज़ ऐसा कर सकता है। चोपड़ा ने कहा, मौजूदा हालात में आर. अश्विन और रवींद्र जड़ेजा की भारतीय स्पिन जोड़ी के अंतिम दिन अहम भूमिका निभाने की संभावना है। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में दोनों विकेट अश्विन को मिले हैं। पांचवें दिन की पिच पर जड़ेजा हमेशा खतरा बने रहते हैं। इसलिए, मैं उनसे उम्मीद करता हूं कि अगर खेल इतना आगे तक जाता है तो वे दूसरे या तीसरे सत्र में एक साथ काफी ओवर फेंकेंगे क्योंकि भारतीय टीम भी इस बारे में सोचना शुरू कर देगी कि कितने ओवर बचे हैं और वे कितने ओवर कर सकते हैं क्योंकि ये दोनों स्पिनर वास्तव में दोगुनी तेजी से अपने ओवर डाल सकते हैं। तो, हाँ, उनसे कुछ विकेटों की उम्मीद है। उनका यह भी मानना है कि विकेट पर अभी भी बल्लेबाजों के लिए कुछ मदद है। उन्होंने कहा, यह पिच आपकी पारंपरिक पांचवें दिन की पिच नहीं है जो वास्तव में तेजी से खराब होती है। यह एक ऐसी सतह है जहां यदि आप अपना विकेट आसानी से नहीं गंवाने की ठान लेते हैं तो लंबी पारी खेल सकते हैं। हो सकता है, कभी-कभार एक अ'छी गेंद पड़ जाए, लेकिन वास्तव में इससे बल्लेबाज की रातों की नींद खराब नहीं होनी चाहिए।

5 विकेट लेना आसान नहीं है : मोहम्मद

पोर्ट ऑफ स्पेन। वेस्टइंडीज के मौजूदा दौरे में मोहम्मद सिराज को भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करने की जरूरत थी। 'िंस पार्क ओवल की धीमी पिच पर चौथे दिन जहां गेंदबाजों के कुछ नहीं था, सिराज ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 60 रन पर पांच विकेट लेकर वापसी की और भारत को 18× रन की अ'छी बढ़त दिलाई।

टेस्ट करियर में अपने दूसरे पंजे के लिए सिराज ने जोशुआ दा सिल्वा, जेसन होल्डर, अल्ज़ारी जोसेफ, केमार रोच और शैनन गेब्रियल को पैवेलियन का रास्ता दिखाया। सिराज ने दूसरी नई गेंद के साथ इनस्विंगर, आउटस्विंगर और वॉबल-सीम डिलीवरी का अ'छा मिश्रण किया जिससे वेस्टइंडीज के बल्लेबाज उन्हें अ'छी तरह नहीं खेल सके।

तेज गेंदबाज ने बताया कि उनके लिए सपाट पिच पर सफल होना आसान नहीं था। उन्होंने कहा, सबसे पहले, यह प्रदर्शन वास्तव में अ'छा था क्योंकि इस तरह के सपाट विकेट पर पंजा लेना आसान नहीं है। पिच 'यादा मदद नहीं कर रही थी। मैं इसे स्टंप टू स्टंप रखना

चाहता था। वहां से अगर यह सीम करता है, तो यह वास्तव में अ'छा है।सिराज ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, यह मेरी योजना थी, बस इस सरल योजना को क्रियान्वित करना जारी रखना था। चौथे दिन, हमारे पास अपेक्षाकृत नई गेंद भी थी, इसलिए यह स्विंग कर रही थी। पांचवें दिन, हम एक पुरानी गेंद से शुरुआत करेंगे। हमें सरल योजनाएँ रखनी होंगी, बहुत अधिक रन नहीं देने होंगे और बस दबाव बनाना होगा।सिराज ने अपनी फिटनेस में सुधार और कठिन परिस्थितियों में गेंदबाजी करने में मदद करने के लिए कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को श्रेय दिया।उन्होंने कहा, यहां गर्मी और उमस है। रुक-रुक कर बारिश भी हो रही है। एक तेज गेंदबाज के रूप में खुद को लय में रखना एक चुनौती है, जब आप मैदान से बाहर जाते रहते हैं और शरीर तेजी से ठंडा होने लगता है।

उन्होंने कहा, एक तेज गेंदबाज के रूप में, इस उमस में लंबे स्पैल फेंकना भी मुश्किल है। मैं अपने शरीर को गर्म रखने की कोशिश करता हूं और सिर्फ साधारण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं वास्तव में सोहम भाई का आभारी हूं और मेरी फिटनेस पर काम करने के लिए उन्हें श्रेय देता हूं। मैं लगातार खेल रहा हूं और वह मेरे साथ बहुत मेहनत करते हैं। प्रोटीन से लेकर ओमेगा तक, वह मेरे लिए सब कुछ ऑर्डर करते हैं। इस व्हूप बैंड (फिटनेस ट्रैकर) को देखें, उन्होंने ही इसे ऑर्डर किया था। जसप्रित बुमरा और मोहम्मद शमी के बिना, सिराज भारतीय तेज-गेंदबाजी लाइन-अप का नेतृत्व करने के मौके का आनंद ले रहे हैं।उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, जब मुझे अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जाती है तो वास्तव में अ'छा लगता है। यह एक शानदार एहसास है और यह एक चुनौती भी है। जब कोई और नहीं होता है, तो मुझे मैदान पर उतरना होता है और कुछ जिम्मेदारी दिखानी होती है।

खरबदार...आईटीआर फाइल करने के लिए बचे हैं चंद रोज

आईटीआर फाइल करने के लिए कुछ दिन बचे हैं। इनकम टैक्स रिटर्न 31 जुलाई 2023 तक दाखिल किया जा सकता है। इसलिए जितनी जल्दी आईटीआर दाखिल किया जाए बेहतर है। आज हम आपको निल आईटीआर या जीरो इनकम टैक्स रिटर्न के बारे में जाकारी देने जा रहे हैं। अगर आपकी इनकम छूट सीमा से कम है, तो आपको ढ्ढञ्जक्र दाखिल करने की जरूरत नहीं है। छूट की सीमा इस पर निर्भर करती है कि आप कौन-सी आयकर व्यवस्था चुनते हैं। यदि किसी ने पुराना टैक्स सिस्टम चुना है तो छूट की सीमा व्यक्ति की आयु पर निर्भर है। अगर किसी ने नई टैक्स प्रणाली का विकल्प चुना है तो डिस्काउंट की लिमिट 3 लाख रुपये है। यदि आपकी इनकम छूट सीमा से कम है तो आईटीआर दाखिल करना जरूरी नहीं है, लेकिन फिर इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने पर आपको कई फायदे मिलते हैं। जीरो आईटीआर में करदाता पर कोई टैक्स देनदारी नहीं होती है। यानी आप पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। ऐसे मामले में निल आईटीआर दाखिल किया जाता है। सरल शब्दों में कहें तो यदि आपकी आय सीमा से कम है तो आप जीरो आईटीआर दाखिल कर सकते हैं। स्कालरशिप के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को आयकर रिटर्न का प्रमाण जमा करने की जरूरत हो सकती है। कुछ विशेष सरकारी छात्रवृत्तियां हैं। जिनके अनुसार परिवार की इनकम निश्चित सीमा से कम होनी चाहिए। विदेश यात्रा के लिए वीजा अधिकारियों को कुछ सालों के आईटीआर की आवश्यकता होती है। जो लोग विदेश जाना चाहते हैं। उन्हें वीजा जारी करने से पहले व्यक्ति की आय जानना जरूरी है। इसलिए वीजा आवेदन के समय आईटीआर, बैंक स्टेटमेंट और अन्य वित्तीय दस्तावेज जमा करना जरूरी है।

आईसीआईसीआई बैंक ने 9,648 करोड़ शुद्ध लाभ कमाया

चेन्नई। निजी स्वामित्व वाले आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि वित्तवर्ष 24 की पहली तिमाही में उसका स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ ×9.7 प्रतिशत बढ़कर 9,648.20 करोड़ रुपये हो गया। एक नियामक फाइलिंग में आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि उसने 24 पहली तिमाही में 9,648.20 करोड़ रुपये (2× की पहली तिमाही में 6,904.94 करोड़ रुपये) के शुद्ध लाभ कमाया और ×8,762.86 करोड़ रुपये (28,××6.74 करोड़ रुपये के मुकाबले) की कुल आय अर्जित की। आईसीआईसीआई बैंक ने समीक्षाधीन अवधि के लिए पिछली समान अवधि के 1,14×.82 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,292.44 करोड़ रुपये प्रदान किए थे। ×0 जून को आईसीआईसीआई बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति ×1,822.×9 करोड़ रुपये थी, जबकि पिछले साल ×0 जून को यह ××,16×.15 करोड़ रुपये थी। ×0 जून को शुद्ध गैर-निष्पादित संपत्ति 5,×81.77 करोड़ रुपये थी, जबकि ×0 जून, 2022 को यह 6,656.15 करोड़ रुपये थी।

सिनोपेक भारत के एलआईओसी के बाद बाजार में उतरेगा

कोलंबो । चीनी ईंधन आपूर्तिकर्ता सिनोपेक की पहली खेप, जो भारत के लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (एलआईओसी) और रा'य संचालित सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (सीपीसी) के बाद श्रीलंकाई ईंधन बाजार में प्रवेश करने वाला तीसरा ईंधन आपूर्तिकर्ता है, अगले महीने की शुरुआत में द्वीप पर पहुंचने वाली है।रा'य के बिजली और ऊर्जा मंत्री डी. वी. चनाका ने कहा कि चीनी के प्रवेश के साथ ईंधन आपूर्तिकर्ता, उपभोक्ताओं को ईंधन आपूर्ति के लिए चल रही कोटेशन प्रणाली पर निर्णय लिया जाएगा। द्वीप-देश के अब तक के सबसे खराब आर्थिक संकट और डॉलर की गंभीर कमी के कारण ईंधन की कमी से जूझते हुए श्रीलंका ने चीनी ऊर्जा दिग्गज को ईंधन बाजार में प्रवेश करने की अनुमति देते हुए 20 साल का समझौता किया। 100 मिलियन डॉलर का निवेश चीनी ईंधन आपूर्तिकर्ता को श्रीलंका ईंधन खुदरा बाजार में प्रवेश करने और सीपीसी द्वारा संचालित 150

ईंधन स्टेशनों को संचालित करने और 50 नए ईंधन स्टेशनों में निवेश करने की अनुमति देगा।समझौते के अनुसार, सिनोपेक को डॉलर के लिए श्रीलंका के घरेलू बैंकों पर निर्भर हुए बिना निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करना है।तीसरे ईंधन आपूर्तिकर्ता के प्रवेश के साथ श्रीलंकाई सरकार अगस्त से शुरू होने वाले सरकार के मूल्य निर्धारण फॉर्मूले के अनुसार ईंधन के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) भी पेश करेगी।चनाका ने रविवार को कहा कि आपूर्तिकर्ताओं के बीच ईंधन प्रतिस्पर्धा पैदा करने के लिए मौजूदा ईंधन मूल्य फॉर्मूले को एमआरपी से बदलने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे। समझौते के तहत सिनोपेक को 92 और 95 सहित विभिन्न पेट्रोलियम उत्पाद ऑक्टेन पेट्रोल, 500 पीपीएम डीजल, डीजल 10 सीओपीपीएम, पेट्रोलियम जेट ईंधन, और अन्य डीजल और पेट्रोलियम उत्पाद बेचने हैं।2021 में फॉर्च्यून की ग्लोबल 500 सूची में 5वें स्थान पर सिनोपेक सबसे बड़ा तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पाद आपूर्तिकर्ता है और चीन में दूसरी सबसे बड़ी तेल और गैस उत्पादक, सबसे बड़ी रिफाइनिंग कंपनी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी रासायनिक कंपनी है।

एनडीएमए 2023 के अंत तक आपदा अलर्ट का सेल प्रसारण शुरू करेगा

चेन्नई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) अपने कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल सिस्टम (सीएपीएस) के दूसरे चरण के रूप में इस साल के अंत तक सेल ब्रॉडकास्ट लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है।

सीधे शब्दों में कहें तो सेल ब्रॉडकास्ट एक परिभाषित इलाके में लोगों के मोबाइल फोन पर संदेश या अलर्ट पहुंचाने की एक प्रणाली है - भू-लक्षित और भू-बाध्य। लक्षित क्षेत्र में मोबाइल फोन साइलेंट मोड पर होने पर भी स्वचालित रूप से अलर्ट बजा देंगे।

सेल प्रसारण भी दूरसंचार यातायात भार से प्रभावित नहीं होता। एनडीएमए सभी रेड अलर्ट को सेल ब्रॉडकास्ट के रूप में जारी करने की योजना बना रहा है।एक अधिकारी ने कहा, जब भारत में मोबाइल फोन एनएवीएलसी सिस्टम (भारतीय जीपीएस) से सिग्नल प्राप्त करने के लिए अनुकूल हो जाते हैं, तो टेलीकॉम खिलाड़ियों पर निर्भर हुए बिना अलर्ट सीधे भेजे जा सकते हैं।एसएमएस अलर्ट के साथ एक समस्या यह है कि ट्रैफ़िक लोड के साथ दूरसंचार नेटवर्क धीमा हो जाता है।एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जल्द ही भारत के आपदा प्रबंधन अलर्ट की तुलना दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अलर्ट से की जाएगी।×54 करोड़ रुपये की सीएपीएस का पहला चरण एक परिभाषित क्षेत्र में सेल फोन उपयोगकर्ताओं को एसएमएस (लघु संदेश सेवा) के रूप में आपदा एहतियाती अलर्ट भेजना था।एनडीएमए के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने यहां संवाददाताओं से कहा, गुजरात में चक्रवात के दौरान लगभग ×.2 करोड़ एसएमएस अलर्ट जारी किए गए, जिससे लोग सतर्क हो गए। चक्रवात के कारण एक भी जान नहीं जाने का एक कारण एसएमएस संदेशों को कहा जा सकता है।उन्होंने कहा कि कोविड-19 अवधि के दौरान तमिलनाडु में मोबाइल उपयोगकर्ताओं को एसएमएस अलर्ट भी भेजे गए थे।एनडीएमए अधिकारी 24-26 जुलाई को होने वाली जी20 की तीसरी और अंतिम आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह की बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए थे। यह पहली बार है कि आपदा जोखिम

न्यूनीकरण (डीआरआर) पर एक समर्पित कार्य समूह का गठन किया गया है, जो आपदाओं और जलवायु आपात स्थितियों से उत्पन्न वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह बैठक कार्य समूह के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के संबंध में साझा प्रतिबद्धताओं और प्रमुख सिफारिशों को शामिल करते हुए विज्ञप्ति का मसौदा तैयार करने के लिए जी20 देशों और उनके नेतृत्व, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और ज्ञान भागीदारों को एक साथ लाएगी।इन क्षेत्रों में प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों का वैश्विक कवरेज, आपदा और जलवायु लचीला बुनियादी ढांचा, आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए वित्तपोषण ढांचा, आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली और डीआरआर के लिए पारिस्थितिकी तंत्र-आधारित दृष्टिकोण शामिल हैं।इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा, संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि मामी मिजुटोरी, राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण एजेंसी, इंडोनेशिया के सिस्टम और रणनीति के उप-डॉ. रादित्य जाति, ब्राजील के दूतावास, नई दिल्ली के दूसरे सचिव पेड्रो पियासेसी डी सूजा और जी20 शेरपा राजदूत अमिताभ कांत की भागीदारी होगी।सदस्य सचिव कमल किशोर के मुताबिक, पहली दो बैठकें गांधीनगर और मुंबई में हुईं।किशोर ने कहा कि गांधीनगर बैठक में पांच प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई, जिनमें प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों का वैश्विक कवरेज, आपदा और जलवायु लचीला बुनियादी ढांचा, आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए वित्तपोषण ढांचा, आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली और डीआरआर के लिए पारिस्थितिकी तंत्र-आधारित दृष्टिकोण शामिल हैं। यह विज्ञप्ति, जिसका सभी ने समर्थन किया है, जी20 देशों के लिए एक मौलिक मार्गदर्शक दस्तावेज़ के रूप में काम करेगी, जो आपदा जोखिम में कमी के महत्वपूर्ण महत्व को रेखांकित करेगी। यह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर की जाने वाली ठोस कार्रवाइयों की रूपरेखा तैयार करेगा।

■ न्यूज गैलरी

दीपका में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। जांजगीर-चांपा जिले की अकलतरा पुलिस ने एसईसीएल दीपका में नौकरी लगाने के नाम से धोखाधडी करने वाला कथित आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा हैं की कथित आरोपी देवकुमार उर्फ पराग उम्र 35 वर्ष साकिन जोरहा डबरी थाना हरदीबाजार जिला कोरबा का रहने वाला है। आरोप हैं की उक्त व्यक्ति के द्वारा एसईसीएल दीपका में नौकरी लगाने के नाम से 03 लोगो के साथ धोखाधड़ी की गई। इस मामले में उक्त कथित आरोपी पर कुल 06 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी करने का आरोप हैं। उसके विरूद्ध धारा 420 भादवि के तहत कार्यवाही की गई। लोगो से धोखाधडी करने संबधी अपराध को गंभीरता से लेते हुएए कथित आरोपी को त्वरित गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। विवेचना के दौरान कथित आरोपी देवकुमार उर्फ पराग उम्र 35 वर्ष साकिन जोरहा डबरी थाना हरदीबाजार जिला कोरबा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 25 जुलाई को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सत्यकला रामटेकेए सहायक उप निरीक्षक बीण्पीण् खांडेकरए आरक्षक विवेक ठाकुरए बृजपाल बर्मन का आदि का सराहनीय योगदान रहा।

तैराक पार्थ श्रीवास्तव ने जीते 5 स्वर्ण पदक

कोरबा/नवप्रदेश। 13 सब जूनियर-जूनियर राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता जो कि भिलाई शहर में 22 जुलाई 23 जुलाई को आयोजित हुई थी। उस प्रतियोगिता में जिसमे कोरबा जिलान्तर्गत न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल के एक होनहार छात्र पार्थ श्रीवास्तव ने अपने सभी आयोजित तैराकी प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त कर 5 स्वर्ण पदक अर्जित किये। इसी आधार पर पार्थ श्रीवास्तव को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 20 अगस्त तक भुवनेश्वर उडीसा में आयोजित होगी। स्वीमिंग एसोसिएशन कोरबा अध्यक्ष राजेन्द्र पटेरिया, सचिव अशोक सक्सेना, उसे बधाई देते हुए बताया कि उक्त प्रतियोगिता मे कोरबा जिले के खिलाड़ी का चयन होने से जिले का नाम छत्तीसगढ़ मे गौरवान्वित हुआ है।

पेट्रोल भरवाने के बाद स्कूटी में लगी आग

दुर्ग-रायपुर/नवप्रदेश। पटेल चौक स्थित एक पेट्रोल पंप में कल उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पेट्रोल भरवाने के बाद एक युवक की स्कूटी में अचानक आग लग गई। फायर सेफ्टी की मदद से तत्काल आग पर काबू पाया गया। इससे एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने बताया कि कल पंप में एक युवक स्कूटी लेकर पेट्रोल लेने पहुंचा था। स्कूटी में पेट्रोल भरवाने के बाद युवक ने जैसे ही अपने वाहन का सेल्फ बटन दबाया, वैसे ही उसकी स्कूटी में आग लग गई। घबराया युवक वहां से गाड़ी छोड़कर दूर भाग निकला, वहीं स्कूटी में आग लगते ही पंप के कर्मचारी भी हड़बड़ा गए। इसी बीच किसी एक कर्मचारी ने तत्परता दिखाते हुए पास में रखे फायर सेफ्टी से किसी तरह स्कूटी में लगी आग को बुझाया।

दंतैल ने घर में सो रही महिला को कुचला

जशपुर-रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर के नारायणपुर वन परिक्षेत्र में घूम रहे एक दंतैल ने ग्राम गिधाबहार जामचुंआ में आकर तबाही मचा दी। गुस्सैल दंतैल ने घर में सो रही एक अधेड़ महिला को भी कुचलकर मार डाला। सूत्रों ने बताया कि जशपुर के नारायणपुर वनपरिक्षेत्र में इस समय हाथियों का एक दल विचरण कर रहा है। इसी दल का एक दंतैल अपने झुंड से बिछड़कर ग्राम गिधाबहार जामचुँआ पहुंच गया। अपनी झुंड से बिछड़ चुका यह दंतैल काफी गुस्से में था और उसने अपने रास्ते में आने वाले सभी मकानों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। एक घर में घुसकर उसने सो रही एक अधेड़ महिला को भी कुचलकर मार डाला।

दुष्कर्म मामले में विपक्ष हमलावार जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई : भाजपा

■ मामले को दबाने में जुटा प्रशासन, बच्चों में डर का माहौल

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा के एर्राबोर पोटाकेबिन में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के मामला में बुधवार को भाजपा को 5 सदस्यीय गठित जांच समिति विधायक रंजना साहू के नेतृत्व में एर्राबोर पहुंचे, लता उसेंडी, ओजस्वी मंडावी और शालिनी राजपूत भी इस जांच समिति के सदस्य शामिल रहे। एर्राबोर पोटाकेबिन में हुए घटना के बाद की वर्तमान में वस्तु स्तिथि और वास्तविकता को जानने के लिए बच्चो से मिलकर उनसे बातचीत किया। जांच समिति ने कहा की पोटाकेबिन के भीतर का वातावरण काफी भयावह व अव्यवस्थाओं से भरा हुआ हैं। घटना को लेकर बच्चियों में डर ने घर कर लिया हैं,जिससे बच्चे किसी से भी बात करने से डर रहे हैं

भाजपा ने किया चक्काजाम

भारी बारिश के बीच भाजपा ने घटना स्थल पर पहुंचकर करीब 15 मिनट तक चक्काजाम किया। और सरकार के खिलाफजमकर नारे बाजी करने लगे। साथ ही स्थानीय मंत्री कवासी लखमा पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा की लखमा के संरक्षण में पूरे घटनाक्रम को दबाने का प्रयास किया जा रहा हैं, कहा की मासूम के साथ हुए इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को बचाने का प्रयास करना मानवता को शर्मसार करने वाली हैं, कवासी लखमा को तुरंत इस्तीफा देने की बात कही।

मामले को दबाने की कोशिश

मामले को लेकर जांच टीम ने कहा हैं की इस संगीन अपराध पर शासन प्रशासन सिर्फजांच का दिखावा कर खानापूर्ति कर दोषियों को बचाने के लिए मामले को दबाने का भरसक प्रयास कर रहा हैं। प्रशासनिक सेवा में होकर इस तरह के अपराधों को शय देना जिम्मेदारों की मानसिकता को दर्शाता हैं। क्योंकि घटना के इतने दिन बाद भी अपराधी आज भी खुलेआम घूम रहे हैं।

प्रशासन की लापवाही, घटना की जिम्मेदार

महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा शालिनी राजपूत ने घटना को शर्मसार बताते हुए कहा कि जबसे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है, तबसे शैक्षणिक संस्थाओं में जिम्मेदारी या तो कांग्रेसियों के करीबियों की दी जा रही है या फिर पैसे की लेनदेन वालो को,ऐसे में शैक्षणिक संस्थाओं का सही तरीके से संचालन हो पाना आखिर कैसे सम्भव है? आज हमने जब पोटाकेबिन का निरीक्षण कर छात्राओं और शिक्षकों से बातचीत किया। तो पता चला कि घटना के बाद बच्चें भयभीत हैं, अधीक्षिका की लापरवाही से आज बच्चों में डर का वातावरण है। जबसे कांग्रेस की सरकार बनी है तब से बालिका छात्रावासों में महिला होमगार्ड की नियुक्ति नही की गई है। बालिकाएं असुरक्षित रूप से इतने दिनों से छात्रावासों में रह रही है। वहीं परिसर में दिन में ही गार्ड की ड्यूटी रहती है जबकि रात के वक्त बच्चों की सुरक्षा के लिए कोई भी ड्यूटी में नही रहता।

लापरवाह जिला शिक्षा अधिकारी पर हो कार्यवाही

रंजना साहू विधायक धमतरी ने कहा कि यह घटना छत्तीसगढ़ को शर्मसार कर देने वाली घटना है। संस्था में रात के समय चौकीदार की ड्यूटी नहीं है, जो चौकीदार नियुक्त है उसकी ड्यूटी सुबह 8 बजे से शाम के 8 बजे तक है। रात में यहां पर किसी भी चौकीदार की ड्यूटी नहीं है, ऐसे में यहां पर पढ़ने वाले बच्चे कहाँ सुरक्षित है? यहां पर प्रशासन की स्थिति ऐसी हैं कि इस घटना को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना 22 जुलाई का है और इसकी जानकारी दो दिन बाद माता पिता को लगी। लेकिन अधीक्षिका और सह अधीक्षिका पर कोई उचित कार्यवाही नही हुई। हमारी मांग है कि दोनो ही जिम्मेदारों पर एफआईआर किया जाए। रंजना साहू ने कहा कि आदिवासी आवासीय पोटाकेबिन में आदिवासी अधीक्षिका को रखा जाना चाहिए लेकिन यहां पर गैर आदिवासी को संस्था का अधीक्षिका बनाया गया है। इस संस्था में पांच कैमरा लगा होना बताया जा रहा है।

दूध में डिटर्जेंट, खाने का सोडा यूरिया की मिली शिकायत

■ फूड अफसर ने दर्जनभर होटलों से दूध का लिया सैंपल

■ तीन होटलों में मिला दूध में पानी की मात्रा अधिक

कांकेर/नवप्रदेश। लंबे समय से शहर सहित सोसल मीडिया में दूध की भ्रमक खबरे आ रही थी। लोगो के स्वास्थ्य और बच्चो के पीने वाले दूध का खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमल सिंह और उनकी टीम के द्वारा कांकेर चारामा भानूप्रतापपुर में नमूना लेकर जांच किया गया।शहर के करीब आधा दर्जन होटलों में दूध के सैंपल लिया गया।

बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खरे के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमल कुमार सिंह द्वारा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कांकेर जिले के 10 फर्मों के दूध का नमूना संकलन कर जांच किया गया।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अनुसार गाय के गाय के दूध में न्यूनतम फैट 3.2प्रतिशत, सॉलिड नॉन फैट 8.2प्रतिशत एवं प्रोटीन 3प्रतिशत निर्धारित की गई है। 10 फर्मों में से 3 फर्मो यादव होटल, जय हिंद.लक्ष्मी रेस्टोरेंट कांकेर के दूध में पानी की मिलावट पाई गई एवम अन्य किसी भी प्रकार मिलावट जैसे डिटर्जेंट खाने का सोडा यूरिया नहीं पाया गया। विमल कुमार सिंह जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कुछ दिनों से दुध में डिटर्जेंट खाने का सोडा यूरिया की शिकायत मिल रही थी। जांच में ऐसा कुछ नहीं पाया गया हमारी जांच आगे भी जारी रहेगी।

यह मात्रा पाया गया

1. यादव होटल भंडारी पारा का नमूना फैट 3.79%, सॉलिड नॉन फैट 6.98%, प्रोटीन 2.60%
2. लक्ष्मी रेस्टोरेंट बस स्टैंड कांकेर फैट 4.34%, सॉलिड नॉन फैट 7.17%, प्रोटीन 2.67%
3. बस्तर डेयरी फार्म मस्जिद चौक कांकेर फैट 3.57% सॉलिड नॉन फैट 8.56%, प्रोटीन 3.14%
4. शीतला डेली नीड्स बस स्टैंड कांकेर देव भोग दूध फैट 4.82%, सॉलिड नॉन फैट 8.15%, प्रोटीन 3.11%
5. राजस्थान मिस्ठान भंडार अंतागढ़ फैट 3.78% सॉलिड नॉन फैट 8.27%, प्रोटीन 2.99%
6. गोपाल डेयरी एवम स्वीट्स भानुप्रतापपुर फैट 4.13%, सॉलिड नॉन फैट 8.16% प्रोटीन 3.06%
7. जय हिंद रेस्टोरेंट पुराना बस स्टैंड कांकेर फैट 3.82%, सॉलिड नॉन फैट 8.12%, प्रोटीन 3.39%
8. यादव डेली नीड्स चारामा फैट 4.04%, सॉलिड नॉन फैट 7.89%, प्रोटीन 2.77%
9. दुर्गेश रेस्टोरेंट चारामा फैट 5.14%, सॉलिड नॉन फैट 8.43%, प्रोटीन 3.13%
10. सुरेश होटल चारामा फैट 3.39% सॉलिड नॉन फैट 7.78% प्रोटीन 2.87% पाया गया।

चोरी के 3 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। भैयाथान निवासी अजय दुबे ने थाना झिलमिली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 जुलाई के रात्रि में अज्ञात चोर के द्वारा घर का ताला तोड़कर घर में रखे सामान की चोरी कर लिए है। रिपोर्ट पर धारा 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने अज्ञात चोर की पतासाजी

कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। थाना झिलमिली पुलिस को अज्ञात चोर की पतासाजी दौरान मुखबीर की सूचना पर राजेश तिवारी पिता शिवनारायण तिवारी उम्र 34 वर्ष ग्राम पासल व शैलेन्द्र तिवारी उर्फ ठुररू पिता स्व. विरेन्द्र तिवारी उम्र 34 वर्ष निवासी भैयाथान को पकड़ा। पूछताछ पर दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी किए गए 1 नग टीव्ही व 1 नग रिसीवर को सत्यनारायण उर्फ लिलीपुट पिता आगर साय निवासी ग्राम पासल को बिक्री किए है जिसके बाद दबिश देकर सत्यनारायण को पकड़ा गया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का टीव्ही व रिसीवर जप्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।